आषाढ़ शुक्ल तृतीया 09:54 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 जून 2025
वर्ष 6, अंक 218, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता 14

कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक 12

## सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को 5 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, 1.29 करोड़ ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ठगों ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर आईवीआरआई के पूर्व वैज्ञानिक को बनाया शिकार

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित आईवीआरआई कैंपस में रहने वाले सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को फोन पर खुद को सीबीआई अधिकारी बता कर ठगों ने पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगों ने कई बार में 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। इस बीच वह 5 दिन तक ठगों के इशारे पर नाचते रहे। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पश्चिमी बंगाल के मूल निवासी सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी कई साल से भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में तैनात थे। वह 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद भी आईवीआरआई कैंपस में ही आवंटित मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे। आरोप है कि शुकदेव नंदी को 17 जून को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आया। ठग ने स्क्रीन पर पुलिस का लोगो भी लगा रखा था। फोन करने वाले ने खुद को बेंगलुरु सिटी में तैनात सीबीआई अफसर बताया।

आरोप है कि ठग ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल करके फर्जी सिम कार्ड लिए गए हैं। जिनका इस्तेमाल ह्यूमन ट्रैफिकिंग और जॉब फ्रॉड में किया गया है। इसी क्रम में ठग ने उन्हें 16 से 20 जून तक डिजिटल अरेस्ट रखा और 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

> सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से ठग ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ठगी की रकम वापस कराने के लिए टीम जुटी हुई है। **-दिनेश कुमार शर्मा**, इंस्पेक्टर साइबर क्राइम।

## देशभर के डाकघरों में अगस्त से शुरू होगा डिजिटल भुगतान

**नई दिल्ली।** देश में डाकघर अगस्त से काउंटरों पर डिजिटल भुगतान स्वीकार करना शुरू कर देंगे। आईटी व्यवस्था में एक नए एप्लिकेशन के क्रियान्वयन के बाद यह कदम उठाया जाएगा। फिलहाल डाकघर डिजिटल भुगतान स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके खाते यूपीआई (यूनिक पेमेंट इंटरफेस) प्रणाली से जुड़े नहीं हैं।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि डाक विभाग अपने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ढांचे को लागू कर रहा है, जिसमें नए एप्लिकेशन होंगे जो क्यूआर कोड के साथ लेनदेन करने में सक्षम होंगे।

## हाईवे पर 7 लोगों को टैंकर ने रौंदा, तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, कटरा (शाहजहांपुर)

- कैंची धाम दर्शन करने के लिए जा रहे थे कार व बाइक सवार युवक
- हाईवे पर दोनों पक्षों में कहासुनी के दौरान हादसा, चार गंभीर घायल

**अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार से बाइक टकरा जाने पर हाईवे किनारे बहस कर रहे सात लोगों को टैंकर ने कुचल दिया। घायलों को कटरा सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार लोगों को गंभीर हालत में बरेली रेफर कर दिया। कार सवार नीम करोली बाबा का दर्शन करने (कैंचीधाम) नैनीताल जा रहे थे।

बाराबंकी जिले के कोतवाली के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी विवेक मिश्रा (35), बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के कुरीलगंज शांतिपुरम निवासी योगेश कुमार कुरील (45), बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के लकपड़ाबाद निवासी नरेंद्र चौधरी, बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के नाका निवासी महेश और बाराबंकी के थाना जैदपुर क्षेत्र निवासी शिव कुमार गुरुवार रात एक बजे कार से नैनीताल स्थित कैंचीधाम जा रहे थे। हाईवे पर फीलनगर गांव के सामने कार से बाइक टकरा गई। रामपुर के थाना अजीबनगर क्षेत्र के रतनपुरा सुमाली निवासी बाइक सवार जुनैद और मुबस्सर अली (40) गिर गए। सड़क के किनारे बाइक और कार खड़ी करके दोनों पक्ष आपस में बहस करने लगे थे। इस दौरान रात लगभग 1 बजे बरेली की ओर जा रहे टैंकर ने बाइक समेत सभी लोगों को रौंद दिया। बाइक टैंकर के साथ कुछ दूर तक घिसटती चली गई। सूचना पर कटरा थाना प्रभारी जुगुल किशोर सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को कटरा सीएचसी लेकर आए। यहां डॉक्टर ने योगेश और विवेक मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। घायल मुबस्सर अली, जुनैद, महेश, नरेंद्र चौधरी व शिवकुमार को बरेली रेफर कर दिया। सभी घायलों को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मुबस्सर अली की मौत हो गई।

> कटरा में कार सवार पांच लोग और बाइक सवार दो लोग खड़े होकर आपस में देर रात के समय बात कर रहे थे। इसी बीच टैंकर ने बाइक को टक्कर मारते हुए सातों लोगों को कुचल दिया। तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हैं। **-दीक्षा भंवरे**, एएसपी ग्रामीण।



## अब एप बताएगा किस राजमार्ग पर सबसे कम टोल

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का राजमार्गयात्रा एप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है। यह नई विशेषता अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि राजमार्गयात्रा एप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है।

- एनएचएआई ने बनाया राजमार्ग यात्रा एप

भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करने के लिए तीन रास्ते हैं और एप यात्रियों को सबसे अच्छा रास्ता चुनने में मदद करेगा। सिंह ने कहा कि आप दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ की यात्रा कर सकते हैं, या गाजियाबाद- अलीगढ़- कानपुर- लखनऊ के रास्ते जा सकते हैं या मुरादाबाद- बरेली- सीतापुर- लखनऊ के रास्ते यात्रा कर सकते हैं। एप वाहन चालकों को दिल्ली और लखनऊ के बीच सबसे कम टोल वाले रास्ते के बारे में बताएगा।

# युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा रखती है मायने : योगी

### विश्व एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री ने योजनाओं का खोला पिटारा

- पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, माफियाराज और जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा : योगी
- बरेली, मुरादाबाद में ओडीओपी की 18 करोड़ रुपये की सीएफसी परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की जाति नहीं, प्रतिभा मायने रखती है। हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा होती थी, बड़े उद्योग चलाने वाले ही नहीं, एमएसएमई भी बदहाल और बर्बाद थे। इससे पीछे एक जिला एक माफिया और जातीय संघर्षों को बढ़ावा देना प्रमुख कारण था।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को विश्व एमएसएमई दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल एप की शुरूआत समेत बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। योगी ने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। साल 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था।



अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा

यूथ अड्डा यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, सीएम युवा मोबाइल ऐप युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

### ओडीओपी से जिलों की विशिष्टता को मिला अंतर्राष्ट्रीय बाजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी सबसे आगे है।

## भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा हूं : ट्रंप

### व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कार्यक्रम में दिए संकेत

वाशिंगटन, एजेंसी



- दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण प्रगति बताई

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया।

ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा... ट्रंप ने कहा कि चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। ट्रंप ने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था कि क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है लेकिन मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते हैं। वे इसको लेकर कुछ करना चाहते हैं। समझौते करने की ललक उनमें मुझसे भी अधिक है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए गुरुवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।

### अमेरिका को दुग्ध क्षेत्र में रियायतें देना कठिन

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत मांग रहा है।

## प्रदेश के 20 लाख उपभोक्ताओं को बिजली दर में राहत देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घरो में छोटी दुकान करने वालों को मिल सकती है नई दरों में राहत
- पावर कॉरपोरेशन से नियामक आयोग को नई दरों का प्रस्ताव



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में स्व-व्यवसाय करने वाले उन लोगों को बिजली विभाग राहत देने की तैयारी में है जो अपने घर से ही दुकानदारी कर रहे हैं। ऐसे छोटे व्यवसायियों को बिजली के बढ़ते बिल और जुर्माना की चिंता सताती रहती है। इन उपभोक्ताओं को शीघ्र बड़ी राहत मिल सकती है। बिजली दरों में बदलाव अब सीधे इनकी जेब का बोझ कम करेगा।

दरअसल, यूपी पावर कॉरपोरेशन ने एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे लगभग 20 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंच सकता है। घर में छोटी दुकान चलाने वालों के लिए 1 किलोवॉट की नई बिजली दर तय की जा रही है, जो पहले नहीं थी। यह बदलाव खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत होगी। हकीकत यह है कि, अब तक ऐसे उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन से ही अपनी दुकान की जरूरतें पूरी करते थे। जिससे नियमों का उल्लंघन मानते हुए उन पर जुर्माना लगाया जाता था।

### 1 किलोवॉट की गैर घरेलू श्रेणी का प्रस्ताव

यूपी पावर कॉरपोरेशन के ताजा प्रस्ताव में 1 किलोवॉट की गैर-घरेलू श्रेणी शामिल की गई है। ग्रामीण इलाकों में इसकी दर 7 रुपये प्रति यूनिट और शहरी इलाकों में 8 रुपये प्रति यूनिट प्रस्तावित है। यह दरें महंगे कॉमर्शियल टैरिफ की तुलना में किफायती हैं।

## 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

**लखनऊ।** परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि परियोजना प्रबंधक और जेई से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों के विवरण की छानबीन में 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई ने कार्यों का विवरण नहीं दिए। जिसके बाद प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा के संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (2) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह के साथ ही प्रयागराज के जेई विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के जेई दिनकर और आशीष कुमार यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

- पीएम कृषि सिंचाई योजना में लापरवाही पर सीएम के निर्देश पर कार्रवाई

### श्री जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़ा सैलाब



ओडिशा के पुरी में गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हुई। इस वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ पड़ा। इस दौरान परिवार और विश्व शांति की कामना से जयकारे भी गूंज रहे थे।

## ग्राम पंचायत स्तर पर चलेगी वित्तीय समावेशन योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय योजनाओं का लाभ गांवों तक पहुंचाने को चलेगा अभियान
- 1 जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान चलाने के निर्देश

**अमृत विचार :** राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाने की तैयारी है।

1 जुलाई से 30 सितंबर सभी ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के तहत पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ा जाएगा। साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी का पुनः सत्यापन, नए बैंक खाते खोलने समेत बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। संस्थागत वित्त महानिदेशक द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा।

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन लोग पकड़े गए

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' नामक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है और एक किशोर को पकड़ा है।

राज्य पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था। डीजीपी ने कहा कि एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है, जिससे अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बच गई है।

# चीन के साथ सभी जटिल मुद्दों को सुलझाएगा भारत

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष से सीमा निर्धारण के साथ सरहद पर तनाव घटाने पर की बात

चिंगदाओ/नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष दोंग जून से कहा है कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने से संबंधित कदम उठाकर एक सुव्यवस्थित रूपरेखा के तहत जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने गुरुवार को चीन के बंदरगाह शहर चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार रक्षा मंत्री ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ के लिए अच्छे पड़ोस की परिस्थितियां कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए गतिरोध के परिणामस्वरूप उत्पन्न विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने दोंग को निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने मौजूदा तंत्रों के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमा निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नई दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच भारतीय रक्षा मंत्री की यह चीन यात्रा हुई है।



एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी समकक्ष डोंग जून के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### रूस के रक्षा मंत्री से सुखोई विमानों के उन्नयन पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के चिंगदाओ शहर में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ हुई वार्ता में भारत के सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू बेड़े का उन्नयन करना, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

## एक नजर

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना के मनीष कुमार ने बताया कि आरोपी अजय निवासी कलान के खिलाफ पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज था। वह फरार चल रहा था। पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर बाद जल्लापुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### झूठे केस में बंद करने की दी धमकी, शिकायत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर थाना क्षेत्र के गांव पचदेवरिया निवासी वीरेश सिंह ने एसपी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका राजवीर से जमीन का विवाद चल रहा है। उसके रिश्तेदार सिपाही ने जमीन पर कब्जा करा दिया। पीड़ित काफी परेशान है। सिपाही उसे झूठे केस में बंद करने की धमकी दे रहा है। उसने मांग की है कि सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### वारंटी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि आरोपी अनिल के खिलाफ एक मुकदमें में कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था, जो फरार चल रहा था। पुलिस ने अभियुक्त को क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

# ड्यूटी से गायब मिले 6 सफाईकर्मी निलंबित

## बाइक से निकले एडीएम वित्त ने गांव-गांव जाकर परखी सफाई व्यवस्था, मिला प्राइवेट व्यक्ति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अब तक बिना कार्य किए भरपूर वेतन पाने वाले सफाई कर्मचारियों को एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने कड़ा संदेश दिया है। शुक्रवार को उन्होंने बाइक से घूमकर गांवों में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति जांची। इस दौरान छह सफाई कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले। एडीएम ने सभी को सस्पेंड कर दिया। साथ ही एडीओ पंचायत को निर्देश दिया है कि सफाई कर्मचारियों का गांवों में सफाई कार्य करना सुनिश्चित कराएं अन्यथा कामचोर सफाई कर्मचारियों को अब किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

डीपीआरओ घनश्याम सागर का बीते दिनों जिले से तबादला हो गया था। इसके बाद से डीपीआरओ का पद रिक्त चल रहा है। ऐसे में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने हाल ही में जिला पंचायतीराज विभाग का चार्ज एडीएम वित्त को दे दिया। चार्ज


बाइक से निरीक्षण करते एडीएम वित्त।

- नहीं मिले सफाई कर्मचारी, एडीओ पंचायत को जारी किए निर्देश
- एडीएम वित्त को दिया है जिला पंचायतीराज अधिकारी का चार्ज

मिलने के बाद एडीएम शुक्रवार को क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति जांचने के लिए निकले।

### सफाईकर्मियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

जिला पंचायत राज अधिकारी ने स्वंय दो पहिया वाहन से राजस्व ग्रामों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था परखी। इस दौरान लापता मिले सभी छह सफाई कर्मचारियों को उन्होंने अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाह पाया और सभी को निलंबित कर दिया। साथ ही उन्होंने सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सचिव और सफाई कर्मियों की अपने तैनाती स्थल पर शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी की ओर से लगातार औचक निरीक्षण की कार्रवाई की जाएगी और अनुपस्थित पाए गए ग्राम स्तरीय कर्मियों के विरूद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई होगी।

इस दौरान उन्होंने ददरौल ब्लॉक के राजस्व ग्राम रोशनपुर, हिसमहा और विकास खंड तिलहर के राजस्व ग्राम मोहनपुर, ढकिया शोभा, मित्रपुर वरूआ, नौगाई आदि का औचक निरीक्षण किया। राजस्व ग्राम रोशनपुर में दीपक कमल आर्य सफाई कर्मी, राजस्व ग्राम ढकिया शोभा में सुखवीर सिंह सफाई कर्मी अनपुस्थित पाए गए। उनके स्थान पर उन्हीं की ओर से लगाया गया प्राईवेट व्यक्ति मिला। विकास खंड ददरौल के राजस्व ग्राम हिसमहा में रामकुमारी सफाई कर्मी, विकास खंड तिलहर में राजस्व ग्राम मोहनपुर में संजय कुमार सफाई कर्मी, राजस्व ग्राम मित्रपुर वरूआ में मोहम्मद युसुफ सफाई कर्मी, राजस्व ग्राम नौगाई में गायत्री देवी सफाई कर्मी अपने तैनाती स्थल से अनुपस्थित पाई गई। एडीएम ने सभी को सस्पेंड कर दिया। साथ ही एडीओ पंचायत को निर्देश दिया है कि सफाई कर्मचारियों का गांवों में सफाई कार्य करना सुनिश्चित कराएं अन्यथा कामचोर सफाई कर्मचारियों को अब किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## छत्रपति साहूजी महाराज का मनाया जन्मदिवस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से छत्रपति साहूजी महाराज के जन्मदिवस का समारोह का आयोजन हथौड़ा बुजुर्ग स्थित यशोधरा बुद्ध बिहार में किया गया।

बुद्ध वंदना एवं महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पाजंलि के उपरांत जिलाध्यक्ष महेश चंद्र गौतम ने कहा कि 1902 में महाराष्ट्र के कोल्हापुर के महाराजा छत्रपति साहूजी महाराज ने मनुस्मृति अधारित जातीय भेदभाव और उत्पीड़न के चलते पिछड़ गए दलित समाज की गरीबी दूर करने तथा राज्य प्रशासन में उनको हिस्सेदारी प्रदान करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की दी। जिसे अंग्रेजी हकूमत ने और बेहतर बनाया। देश की स्वतंत्रता के उपरांत डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारतीय संविधान में दलितों के उत्थान के लिए साहू महाराज की उसकी सकंल्पना को मूर्तरुप प्रदान किया। प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक, कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, जयेंद्र कुमार, अशोक कुमार, राजकुमार, सत्यपाल वर्मा, योगेश कुमार, सुखलाल, दिनेश चंद्र, रमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सभी धार्मिक स्थलों को दर्ज करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**तिलहर, अमृत विचार :** शहर इमाम मोहम्मद स्वालेह उर्फ सद्दन मियां के साथ मौलाना ईओ कल्पना शर्मा से पालिका में मिले। पालिका अभिलेखों में धार्मिक स्थलों को दर्ज किए जाने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को इमाम के नेतृत्व में दर्जन भर से ज्यादा मुतवल्ली, इमाम व मौलाना पालिका पहुंचे। उन्होंने नगर के धार्मिक स्थल मस्जिद, मंदिर, गुरुद्वारा, चर्च आदि को पंजीकृत करने, नगर के धार्मिक स्थलों व उनमें बनी दुकानों में मुतवल्ली, प्रबंधक के नाम दर्ज किए जाने, धार्मिक स्थलों के पास साफ-सफाई एवं चूना का छिड़काव करने, धार्मिक स्थलों के बाहर पोस्ट स्टैंड ( टंकी ) लगवाने और नगर पालिका के बंद पड़े कुओं को पुनः खुलवाकर चालू कराने की मांगें की। ईओ ने धार्मिक स्थलों का पालिका अभिलेखों में उल्लेख का अवलोकन किया, जो नहीं पाया गया। ईओ ने संबंधित


ईओ कल्पना शर्मा से मिलते शहर इमाम मोहम्मद स्वालेह उर्फ सद्दन मियां।

स्थलों का स्वामित्व और क्षेत्रफल आदि उपलब्ध कराए जाने के बाद उच्चाधिकारियों से वार्ता कर पंजीकृत कराए जाने का भरोसा दिलाया। ज्ञापन देने वालों में मौलाना शौकत अली, सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां, चांद मियां, गुलाम अहमद रजा, अंजुम खान, शरीफ कुरैशी, शारीक अली, शरीक हुसैन, चांद साबरी शामिल रहे।

# मार्केटिंग के क्षेत्र में हो रहा एआई का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग की ओर से मार्केटिंग के क्षेत्र में नवाचार विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के व्यावसायिक प्रशासन विभाग के प्रो. पीबी सिंह ने कहा कि आजकल विक्रेता आधुनिक तकनीकियों का प्रयोग करके ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं।

कंपनियां अपनी विपणन रणनीतियां बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकी का प्रयोग कर रही हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता


व्याख्यान देते रुहेलखंड विवि के प्रोफेसर पीबी सिंह। ● अमृत विचार

तकनीकी का प्रयोग करके ग्राहकों की रुचि, उत्पाद के प्रति रुझान, संभावित ग्राहकों की पहचान आदि का कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार की अनेक तकनीकियों का विकास हुआ है। इससे ग्राहक अपने मोबाइल पर भी विभिन्न कंपनियों के उत्पादों का तुलनात्मक अध्ययन कर सकता है और वह कंपनी को सुझाव भी दे सकता है। इस प्रकार की तकनीकी का प्रयोग करके कंपनी अपने उत्पादों में सुधार करने के साथ-साथ नवीन उत्पादों का सृजन भी कर रही हैं। एआई की सहायता से नवीन उपभोक्ता बाजार भी खोजे जा रहे हैं। व्याख्यान से पूर्व प्रो. अनुराग अग्रवाल ने प्रो. सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर डॉ. विजय तिवारी, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, बृज लाली, अखंड प्रताप सिंह, यशपाल कश्यप, अपूर्वा सक्सेना, निश्चय शुक्ला, पीयूष शुक्ला आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 38 आंगनबाड़ी, 45 आयुष चिकित्सकों को दिए नियुक्ति पत्र

- विकास भवन में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना और सांसद अरुण कुमार सागर ने सौंपे नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आयुष चिकित्सकों के लिए नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और सांसद अरुण कुमार सागर ने 38 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 45 आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्य अतिथि ने कहा कि अब तक ये सभी लोग कार्य की बातें दूसरों से करते थे, पर अब ये स्वयं सेवा और सहयोग की भूमिका में आ गए हैं। यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाना होगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। क्योंकि वे सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य करती हैं।

सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना इनकी जिम्मेदारी होगी और इसी कारण इनका चयन किया गया है। उन्होंने सभी से पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ सेवा करने की अपील की। आयुष चिकित्सकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में डॉक्टरों को ईश्वर का रूप माना जाता है।

मरीज डॉक्टर में आशा और विश्वास की दृष्टि से देखता है इसलिए चिकित्सकों का व्यवहार, उनकी वाणी और सेवा का तरीका ही मरीजों के लिए दवा के समान होता है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर चिकित्सकों की तैनाती हुई है, वहां मरीजों के साथ संवेदनशील, विनम्र और मानवीय व्यवहार आवश्यक है। अच्छे व्यवहार से ही 50 प्रतिशत इलाज संभव हो सकता है। अंत में वित्त मंत्री ने कहा कि सेवा का उद्देश्य केवल नौकरी करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व को निभाना है। आपका चरित्र, भूमिका और भविष्य आपके आचरण एवं कार्य से स्वयं आकार लेगा। कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्र और जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी आदि रहे।


नियुक्ति पत्र देते वित्त मंत्री, सांसद और भाजपा जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
V.A.U. The path to education
Varun Arjun Medical College Campus
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026
ADMISSION OPEN

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| M.Sc. (Medical Anatomy) | Candidate must have passed three years undergraduate | 3 Years |
| M.Sc. (Medical Biochemistry) | Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With | |
| M.Sc. (Medical Microbiology) | Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, | |
| M.Sc. (Medical Physiology) | BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. | |
| M.Sc. (Medical Pharmacology) | Nursing Must have Passed from a recognized University. | |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in

## अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** गांव खिरिया हीर में अवैध रूप से मिट्टी और रेत के खनन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रेता से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया।

बुधवार की रात थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र को खिरिया हीर गांव के पास अवैध खनन करने की सूचना मिली। थाना प्रभारी ने उप निरीक्षक प्रियव्रत दूहूंड को मय फोर्स मौके पर टीम को रवाना कर दिया। टीम के मौके पर पहुंचने की सूचना पाकर खनन करने वाले लोग मौके से भाग गए। पुलिस टीम ने रेता भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर थाने पर सौंप दिया।


थाने में खड़ी रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली।

# अयांशी इंटरप्राइजेज पर छापा, 5 नमूने भरे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन के निर्देशन पर सहायक आयुक्त खाद्य एवं अभिहित अधिकारी चंद्र शेखर मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को खाद्य सचल दल ने शहर के बरेली मोड़ स्थित मसाला गोदाम अयांशी इंटरप्राइजेज पर छापा मारा गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के नाम से बिक रहे मसालों के संदिग्ध नमूने एकत्रित किए गए। कार्रवाई में हल्दी, मिर्च, धनिया और गरम मसाले समेत कुल पांच नमूने जांच के लिए सील किए गए।

डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। इसमें सहायक आयुक्त खाद्य चंद्र शेखर मिश्रा के निर्देशन में टीम ने संदिग्ध दुकानों पर छानबीन की। मौके पर विभाग के प्रमुख खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागेश मनि त्रिपाठी, अजीत सिंह, मनोज कुमार, वरुण कुमार, सौरभ सोनी भी मौजूद रहे। टीम को आशंका है कि मशहूर ब्रांड के नाम पर यह मसाले लंबे समय से बेचे जा रहे थे। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए लखनऊ लैब भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी


अयांशी इंटरप्राइजेज में नमूना लेती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग

क्षेत्र के चौहनापुर में स्थित विद्युत केंद्र पर रखे ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधान कुर्रिया कला सुधांशु मिश्रा मोनु ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह व ददरौल विधायक अरविन्द सिंह को पत्र सौंपा। बताया इस समय पूरा इलाका विद्युत कटौती से जूझ रहा है। वहीं किसान की फसल बचाने में नाकामयाब साबित हो रहा है। ग्राम-फत्तेपुर व चौहनापुर में स्थित विद्युत उपकेंद्र पर ज्यादा क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। विधायक अरविंद सिंह ने जल्द से जल्द समाधान का भरोसा दिया है।


शिकायती पत्र सौंपते सुधांशु मिश्रा।

**समस्या** पानी के अभाव में धान की फसल चौपट होने के कगार पर

# बिजली विभाग की लापरवाही किसानों पर भारी

**कुर्रिया कला, अमृत विचार :** बिजली विभाग की लापरवाही किसानों पर भारी पड़ रही है। पानी के अभाव में धान की फसल चौपट होने की कगार पर पहुंच गई है। घोषित और अघोषित दोनों तरह की बिजली कटौती की मार किसान झेल रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों की शिकायत सांसद अरुण सागर से लेकर विधायक अरविंद सिंह तक कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी विभागीय कार्यप्रणाली नहीं सुधर सकी है।

चौहानपुर में स्थित उपकेंद्र के अंतर्गत आने बाले लोग विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था का दंश झेलने को विवश हैं। जिले में बारिश की आस लगाए किसान आसमान की तरफ देख रहे हैं। अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं। उन्हें सूखे के संकट का


बिजली न आने के कारण किसान अपने खेतों की नहीं कर पा रहे सिंचाई।

डर सताने लगा है। कहीं, धान के खेतों में दरारें पड़ चुकी हैं तो कहीं पानी नहीं होने की वजह से धान की नर्सरी सूख रही है। उधर, चौहनपुर उप केंद्र पर तैनात बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों की मनमानी से किसानों की परेशानी और हताशा और भी बढ़ गई है।


अच्छी बारिश नहीं होने से अभी बहुत बुरा हाल है। मोटर सेट से पानी चला चला कर धान को जिंदा रखने की उम्मीद थी, लेकिन बिजली पिछले एक महीने से निराश कर रही है। जेई, लाइनमैन को भेज कर जंफर निकलवा देते हैं। इससे वोल्टेज बहुत डाउन हो जाता है, मोटर नहीं चल पाती है। उन्होंने बताया कि पानी नहीं मिलने से धान की नर्सरी सूख रही है।
– शिव स्वरूप


किसानों को समय से आपूर्ति नहीं मिल पाने के कारण फसलें खराब हो रही हैं। किसानों द्वारा बार बार कटौती से निजात दिलाने की बात कही जाती है लेकिन किसानों को सही तरीके से आपूर्ति नहीं मिल पा रही। किसान खेतों में सही से फसलों की सिंचाई कर पा रहे हैं। विद्युत उपकेंद्र वाले मनमानी के चलते फोन उठाना भी उचित नहीं समझते।
– नितेश मिश्रा

> विद्युत विभाग के कर्मचारियों की शिकायत मुख्यमंत्री से भी की गई। इसके बाद ट्रांसफर भी हुए। अगर इसके बाद भी विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं होगा तो कार्रवाई के लिए जिम्मेदार खुद विद्युत विभाग के अधिकारी होंगे।
> –**अरविंद सिंह**, ददरौल विधायक

जब इस मामले में जानकारी के लिए अवर अभियंता चोहनापुर उपकेंद्र को फोन किया गया तो फोन रिसीव नहीं हुआ। विद्युत विभाग के अधिकारियों का फोन न उठने से जनता में काफी आक्रोश है।

# विवाद के 25 मिनट बाद काल बनकर आया टैंकर


## बाइक और कार सवार हाईवे पर कर रहे थे बहस, टैंकर ने कुचल दिया, हादसे के बाद वाहन छोड़ भागा चालक


कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कटरा में हुए हादसे में तीन लोगों की मौत और चार लोगों घायल करने वाला टैंकर 25 मिनट में काल बनकर आ गया। कार सवार और बाइक सवार आपस में खड़े होकर बहस कर रहे थे। उन लोगों को क्या पता था कि टैंकर काल बनकर आ जाएगा।

बाराबंकी के विवेक मिश्रा, योगेश कुमार, शिव कुमार, महेश व नरेंद्र चौधरी ने प्लान बनाया कि नीम करोली नैनीताल चलकर घूम आए। सभी लोग बाराबंकी से शाम को नैनीताल के लिए चले थे और आपस में वार्ता करते चले आ रहे थे। कटरा में नेशनल हाइवे पर कार ने अज्ञात वाहन को ओवरटेक किया तो कार ने साइड से बाइक को टक्कर मार दी थी। रामपुर के बाइक सवार मुबस्सर अली व जुनेद नीचे गिर गए थे। कार और बाइक सवार में सड़क के किनारे बहस होने लगी। दोनों पक्ष के लोग हाथापाई करने लगे। करीब 25 मिनट बाद शाहजहांपुर से बरेली जा रहा टैंकर काल बनकर आ गया। सातों लोगों को रौंदता हुआ निकल गया और बाइक फंस जाने पर चालक टैंकर छोड़कर भाग गया था। इस दौरान ट्रैंकर से दबकर बाराबंकी योगेश, कुमार, विवेक मिश्रा और रामपुर के मुबस्सर अली की मौत हो गयी थी। घटना के बाद बाइक टैंकर में फंसकर रगड़ती चली गई थी, जबकि बाइक और कार में हल्की से खरोंच लग गई थी।


मौके पर जांच करतीं एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा। ● अमृत विचार


मृतक योगेश।


मृतक विवेक मिश्रा।


हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

**मृतकों के मोबाइल मिले गायब :** धरमानंद ने बताया कि योगेश कुरील की जेब से सिर्फ 10 रुपये निकले है और विवेक की जेब से से रुपये नहीं निकले है। दोनों के मोबाइल गायब है। उनका कहना है कि मोबाइल और रुपये कहां गए है, उनको कुछ जानकारी नहीं है। दोनों के मोबाइल स्वीचआफ है। उन्होंने कहा कि बाद में पुलिस से रुपये और मोबाइल के बारे में जानकारी की जाएगी।

### फोन करने के बाद भी नहीं पहुंची डायल 112

कार सवार लोगों ने बाइक सवार से हाथापाई की तो एक बाइक सवार ने डायल 112 को फोन किया था। फोन करने पर कार सवार लोगों ने उसे मारा पीटा था। इस दौरान दोनों में बहस होती रही, लेकिन डायल 112 नहीं पहुंची थी। जब हादसा हो गया तब कटरा थाना की पुलिस पहुंची थी। घटना के बाद डायल 112 के सिपाही नहीं पहुंचे थे। घायल जुनैद में सीएचसी पर पर कहा था।

### भाई की इलेक्ट्रानिक दुकान पर बैठता था विवेक

मृतक विवेक के भाई धरमानंद ने बताया कि उसकी इलेक्ट्रानिक की दुकान है और उसका भाई विवेक भी उसके साथ दुकान पर बैठता था। उसका दोस्त महेश कार लेकर घर पर आया था। उसने अपनी कार घर पर खड़ी कर दी थी। विवेक ने अपने दोस्त की कार ले ली थी और सभी लोग नैनीताल घूमने के लिए जा रहे थे।

### हादसे की सूचना पाकर योगेश की पत्नी हो गई बेहोश

मृतक योगेश कुरील बाराबंकी में जीएसटी कार्यालय में क्लर्क है। उसकी पत्नी को सुबह हादसे की जानकारी मिली तो बेहोश हो गई। उसके परिवार में उसकी पत्नी और दो बच्चे है। इधर मृतक विवेक मिश्रा की पत्नी का नाम शननू मिश्रा है और बेटा लक्ष्य है। दोनों के परिवार में रोना पीटना मच गया। धरमानंद ने कहा कि दोनों शव लेकर बाराबंकी ले जाएंगे।

# आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कराया मॉकड्रिल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अग्निशमन विभाग की ओर से इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड बंथरा में फायर एवं आपातकालीन रिस्पांस ड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी डॉ बीएन पटेल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपायों, अग्नि सुरक्षा प्रक्रियाओं तथा त्वरित प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस ड्रिल के माध्यम से कर्मचारियों में आपातकाल से निपटने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सैदव सजग रहने की सलाह दी।


मॉकड्रिल करते कर्मचारी।




# बाइक की टक्कर से मजदूर का पैर टूटा

**जैतीपुर, अमृत विचार :** रामलडैते निवासी सूरजूपुर सब्जी लेने के लिए खेड़ा बझेड़ा बाजार गया था। पेट्रोल पंप के पास दूसरी बाइक से टक्कर लग गई। हादसे में रामलड़ैते दूर जा गिरे। उनका पैर टूट गया।




# तिलहर सीओ ने पीड़ित किशोरी के दर्ज किए बयान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नहीं बढ़ाई दुष्कर्म की धारा, पीड़िता की मां ने की शिकायत
- सीओ ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का दिया आश्वासन

**अमृत विचार :** तिलहर में एक किशोरी को अगवा करके उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। तिलहर पुलिस ने दुष्कर्म की धारा नहीं बढ़ाई। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के मामले में अधिकारियों के निर्देश पर तिलहर सीओ ने पीड़ित किशोरी के बयान लिए और कार्रवाई का अश्वासन दिया।

तिलहर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला सात फरवरी को ढाई घाट स्नान करने के लिए गई थी। वह रिश्तेदारी में रुक गयी थी। 15 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। पुत्री शाम को किसी काम से गई और देर रात तक घर वापस नहीं लौटी। महिला को पता चला कि पुत्री को गांव का अनुज, राहुल और आशीष अगवा करके ले गया था। उसने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी दो दिन बाद उसकी पुत्री को सिंधौली में छोड़ गए थे। किशोरी का आरोप था कि आशीष ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने रिपोर्ट में दुष्कर्म की धारा नहीं बढ़ाई थी। आरोपियों ने किशोरी और उसके परिवार वालों को धमकी दी थी कि मुकदमा वापस नहीं लिया तो जान से मार डालेंगे। पीड़िता का कहना है कि आरोपी गांव में खुले आम घूम रहे है। किशोरी की मां ने आरोपी की गिरफ्तारी और दुष्कर्म की धारा बढ़ाए जाने के लिए पुलिस अधिकारियों को पत्र भेजा था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सीओ तिलहर ज्योति यादव ने किशोरी के बयान लिए और आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# ऑनलाइन व्यापार के विरोध में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय आह्वान पर शाहजहांपुर में शुक्रवार को ऑनलाइन व्यापार के विरोध में प्रदर्शन किया गया। बाद में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि ऑनलाइन व्यापार की वजह से देश के सभी दुकानदारों पर अत्यधिक संकट आ गया है। क्योंकि ऑनलाइन खरीद की वजह से ग्राहक बाजारों से गायब सा हो गया है, जबकि दुकानदार के माध्यम से कई नागरिकों को रोजगार प्राप्त होता है। इससे करोड़ों घरों को रोजी रोटी प्राप्त होती है। ऑनलाइन व्यापार गरीब जनता से उनकी नौकरी व उन पर आश्रित परिवारों के जीवनयापन और बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर कुठाराघात बन कर आई है। इससे सरकार को तो टैक्स प्राप्त हो जाता है पर बेरोजगारी कई प्रतिशत बढ़ गई है। इसका परिणाम गंभीर सामजिक असंतुलन के रूप में दिखने लगा है और यदि इस पर


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

- नायब तहसीलदार को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन, बताई समस्याएं
- ऑनलाइन व्यापार पर शीघ्र संशोधन करने की मांग

सरकार द्वारा तुरंत कोई उचित निर्णय न लिया गया तो व्यापारियों व व्यापार में संलग्न परिवारों पर जीवन मरण का संकट आन पड़ेगा। इस पर शीघ्रता से संशोधन करना चाहिए। ज्ञापन को जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ, प्रांतीय मंत्री नारायण दास अग्रवाल, महानगर महामंत्री अमित शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष ओवैस खां ने संयुक्त रूप से दिया। विरोध करने वालों में सुशील दीक्षित, अखिल मिश्रा, पंकज टंडन, लकी खां, अशोक गुप्ता, महेंद्र दुबे, शैलेन्द्र सक्सेना, रेहान मिर्जा, एहतराम, वैभव गुप्ता, अमन मालिक, मोहित ढींगरा, विवेक सहगल, राजकुमार, ज्ञानचंद, प्रिंस होरा,विकास दीप गुप्ता, अजय गुप्ता, प्रमोद मल्होत्रा, शिवकुमार गुप्ता, दिलशाद, चांद, आसिफ, विवेक कुमार गुप्ता, बहाबुद्दीन, तौसीफ, राकेश चंद्र गुप्ता, गुड्डू अंसारी, मोहम्मद नासिर, कमल गुप्ता , अजीत पाल सिंह आदि व्यापारी रहे।

# हवाई पट्टी पर स्टंट करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेस वे की हवाई पट्टी पर मोटरसाइकिल से स्टंट का मामला प्रकाश में आया है। चार युवक हवाई पट्टी पर बाइक लेकर पहुंचे। एक युवक जान जोखिम में डालकर खतरनाक स्टंट बनाया और लोगों ने वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने एक युवक को बाइक समेत पकड़ लिया।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर की स्थित हवाई पट्टी के पास चार युवक एक बाइक लेकर शुक्रवार की दोपहर बाद पहुंचे। एक युवक ने खतरनाक स्टंट किया और उसका वीडियो बनाया गया। वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद वायू सेना के एक अधिकारी ने जलालाबाद थाना पर सूचना कर दी। पुलिस हवाई पट्टी पर पहुंची और स्टंट बना रहे युवक


हवाई पट्टी पर स्टंट करता युवक।

- सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का पुलिस ने लिया संज्ञान

को बाइक समेत पकड़ लिया। स्टंट करने वाले युवक जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव पलरई का रहने वाला आजम है। पुलिस बाइक समेत उसे थाना पर ले गयी। पहले कोला मोड़ का वीडियो स्टंट कर चुका है। उसकी बाइक की कीमत पांच लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि उसके परिवार वालों को थाना पर बुलाया है।

# एसपी ने पीआरवी वाहनों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। पुलिस कर्मचारियों को शारीरिक रूप से मानसिक और फिट रखने के लिए दौड़ लगवाई।

परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। एसपी ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक वाहनों की हेड लाइट, हुटर व पीए सिस्टम आदि की गहनता से चेकिंग की। उन्होंने रिस्पांस टाइम सही रखने की हिदायत दी। एसपी ने परेड निरीक्षण के बाद मैस, कैंटीन, बैरक, सरकारी आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने आरटीसी एवं जेटीसी सेंटर की चल रही तैयारियों का जायजा लिया। कहा सफाई आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीओ लाइन, प्रतिसार निरीक्षण आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# पुरानी रंजिश में ईंट मारकर किया घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** देशी शराब की दुकान पर गए व्यक्ति को ठेके पर मिले गांव के व्यक्ति ने पुरानी रंजिश के चलते ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में शिकायत की है।

गांव ऐंठापुर निवासी ध्रुव कुमार शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे गांव से एक किलो मीटर दूर स्थित मिर्गापुर में खेतों के बीच स्थित देशी शराब की दुकान से पीने के लिए शराब लेने गया था। वहीं पहले से बैठे एक व्यक्ति ने ध्रुव कुमार को देखकर पहले गाली गलौज करना शुरू कर दी और विरोध करने पर ईंट से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने थाने पर तहरीर दे दी। पुलिस ने ध्रुव कुमार को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सोलर लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, कार्रवाई की मांग

संवाददाता,पुवायां

- सिंधौली के गांव पैना बुजुर्ग का मामला, महिला ने की शिकायत
- पुवायां कोतवाली में भेजा शिकायती पत्र

**अमृत विचार :** सोलर प्लांट लगाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस से शिकायत की है। महिला ने आरोपी के खिलाफ शिकायत रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

सिंधौली क्षेत्र के गांव पैना बुजुर्ग निवासी रमनदीप कौर पत्नी गुरजीत सिंह ने पुवायां कोतवाली में भेजे शिकायती पत्र में बताया कि कॉलोनी में बिजली नहीं है। उसने सोलर प्लांट लगवाया था। इसमें दो लाख 40 हजार रुपये में 475 वाट का सोलर प्लांट लगना तय हुआ था, जबकि 445 वाट का ही लगाया गया। इसके अलावा क्वालिटी भी जो बताई वह नहीं लगाई। महिला ने बताया कि सोलर प्लांट के लिए सोलर लगाने वाले ने लोन दिलाने की बात कहते हुए डाउन पेमेंट के नाम पर 25 हजार रुपये खाते में डलवाए। इसके अलावा चार हजार, 36 हजार, 20 हजार, 16 हजार, 3400, छह हजार और एक हजार रुपये किश्त के नाम पर अपने खाते में डलवाए। इसके अलावा खराब क्वालिटी का सोलर लगाया जो काम नहीं कर रहा। इतना ही नहीं सोलर पैनल चालू दिखाने के लिए उसने बिजली का तार उसमें जोड़कर दिखा। जब महिला ने तार हटाया तो उसने काम करना बंद कर दिया। महिला ने बताया कि उसने इस मामले की शिकायत की तो पुलिस ने पैसा दिलाने की बात कहते हुए उससे समझौता नामा पर हस्ताक्षर करवा लिए। अब आरोपी पैसा देने से मुकर रहा है। पीड़ित ने शिकायत भेजते हुए रिपोर्ट दर्ज करने व पैसा वापस दिलाने की मांग की है।

# काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन, नारेबाजी


विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता,पुवायां

- विद्यालय पेयरिंग सिस्टम का अध्यापकों ने किया विरोध

**अमृत विचार :** सरकार के विद्यालय पेयरिंग सिस्टम में नियमों की अनदेखी करते हुए जबरन स्कूल पेयर करने का आरोप लगाते हुए अध्यापकों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने हाथ में काली पट्टी बांधकर जमकर नारेबाजी की।

विकास क्षेत्र पुवायां के शिक्षकों ने कम संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को दूसरे स्कूल में पेयर किए जाने के विरोध में काली पट्टी बांधकर विभागीय कार्य किया। साथ ही नियमों में अनदेखी करने का आरोप लगाया है। शिक्षकों का कहना है कि छोटे-छोटे बच्चों को कई किलोमीटर दूर स्कूल में भेजा जा रहा है, जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के अंतर्गत उसके घर के एक किलोमीटर के अंदर विद्यालय की सुविधा होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार अखबारों में विज्ञापन जारी करके कह रही है कि पेयरिंग अभिभावक की इच्छा के अनुसार की जाएगी, लेकिन अब अभिभावकों की इच्छा का सम्मान न करते हुए जबरिया स्कूलों को अन्य स्कूल में पेयर करने पर आमादा है। शिक्षकों ने कहा कि अगर नौनिहालों का अहित किया तो विरोध को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में अश्वनी कुमार अवस्थी, पल्लवी वर्मा, राजीव गुप्ता, राकेश रोशन, विनोद सिंह, छोटेलाल, राजीव यादव, अंबुज गुप्ता, रजनीश कुमार, विमल कुमार, सुखपाल सिंह, रिचा मिश्रा, रिचा शुक्ला, रोली गुप्ता, प्रेमचंद वर्मा, शम्भू सिंह, टीसेन्द्र पाल, रामवीर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### चोरी की एफआईआर एक सप्ताह बाद की दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी मुनव्वर अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक सप्ताह पूर्व पत्नी के साथ मकान में ताला डालकर काम पर चला गया था। उसने पत्नी को मायके में छोड़ दिया था। वह रात नौ बजे घर पर गया तो मकान के मुख्य दरवाजे का ताला खोला। उन्होंने देखा कि एक कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। चोर एक लाख रुपये, दो घड़िया आदि सामान ले गए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

### मुड़िया खेड़ा में उर्स देखने गए युवक की बाइक चोरी

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव चक बकैनिया निवासी जाहिद अली ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 21 जून को मुड़िया खेड़ा में उर्स देखने के लिए गया था। उसने एक स्थान पर बाइक खड़ी कर दी थी। वह लौटकर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। उसने बाइक को तलाश किया और नहीं मिली। पुलिस चोरी गई बाइक की जांच कर रही है।

### बिजली का तार चुराने वाले का किया चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटिया टोला निवासी आईटीएमएस मैनेजर रितेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि टाउनहाल स्थित टीटीएमएस में पूर्व में दो और तीन बार विद्युत सप्लाई व सीसीटीवी कैमरा का तार चोरी करके काट लिए गए थे। बीते बुधवार की शाम आठ बजे एक व्यक्ति विद्युत सप्लाई के तार खीचता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। गुरुवार को वीडियो फुटेज की सहायता से आस-पास के लोगों से पूछताछ की जा रही थी। यातायात प्रभारी विनय पांडे पुलिस बल के साथ आईटीएमएस में उपस्थित थे। त्रिमूर्ति कवि तिराहे पर वीडियो में दिख रहा एक व्यक्ति झोला लेकर जा रहा था। झोले में तार आदि था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया अभियुक्त शुएब निवासी लाल इमली चौराहा थाना सदर बाजार था। पुलिस ने उसके पास से तार बरामद किया है। सदर बाजार पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

### लखीमपुर खीरी के युवक ने जहर खाकर दी जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लखीमपुर खीर जिले के मोहम्मदी थाना के गांव शंकरपुर निवासी 35 वर्षीय रंजीत कुमार ने पारिवारिक कलह को लेकर गुरुवार की दोपहर बाद जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिवार वालों ने उसे यहां मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### प्लेटफार्म एक पर मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि दो दिन पूर्व एक 60 वर्षीय व्यक्ति स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर बेहोशी की हालत में मिला था। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। गुरुवार की अज्ञात व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त हो गयी है। पीलीभीत जिले के गांव मछलीपुरवा निवासी चोखे लाल का शव था। परिवार वाले उसका शव ले गए।

### नाले में घुसी रोडवेज बस, मची चीख पुकार, लगा जाम

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे शाहजहांपुर की ओर से शाहजहांपुर डिपो की रोडवेज बस ड्राइवर की लापरवाही के चलते नेशनल हाईवे पर स्थित गल्ला गोदाम के सामने बने नाले में घुस कर फंस गई। हालांकि किसी यात्री को चोट नहीं आई। बस फंसने से बीच नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। बीस मिनट की मशक्कत के बाद ड्राइवर जैक की मदद से बस को नाले से निकाल पाया। तब तक यात्री भरी धूप में परेशान होते नजर आए। रोडवेज बस निकलने के बाद जाम खुल सका।

# भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील

संवाददाता,तिलहर

**अमृत विचार :** मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए एसडीम रविंद्र कुमार ने पीस कमेटी की बैठक में अमन तथा भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

कोतवाली परिसर में बैठक में एसडीएम रविंद्र कुमार ने नालों की सफाई करवाने, मोहर्रम के दौरान जुलूस मार्ग पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को नीचे लटकते तारों को ठीक करवाने, ताजिए की ऊंचाई सीमित रखने और डीजे की ऊंचाई मानक के अनुरूप रखने के निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर मीट की दुकानों को बंद करवाने और यात्रा के दौरान यात्रा के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार को निर्देश दिए। उन्होंने धर्म गुरुओं से गलत प्रवृत्ति के लोगों की सूचना पुलिस को देने और आपकी प्रेम भाव से त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान शहर इमाम मोहम्मद स्वालेह उर्फ शददन मियां, अब्दुल रहमान, बृजेश वर्मा, अखिल मौर्य, मोबिन हुसैन, सत्य शंभू, हिमांशु, अरशद अली, मोहम्मद यूनुस रजा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक में निर्देश देते एसडीएम रविंद्र कुमार। ● अमृत विचार

# युवती को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के एक व्यक्ति ने बताया कि 20 जून को शाम चार बजे उसकी 19 वर्षीय पुत्री घर से सामान लेने बाजार के लिए गई थी। इसके बाद वह लापता हो गई। परिवार वालों ने तलाश किया और उसका कहीं पता नहीं चला। 21 जून को उसने थाना पर जाकर बेटी की गुमशुदगी दर्ज करायी। उसे पता चला कि उसकी पुत्री को मोहल्ले का सचिन अगवा करके ले गया है।

उसकी पुत्री को भगाने में अन्य लोगों का सहयोग है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी और युवती की तलाश कर रही है।

# धमकी : बुलेट बाइक नहीं दी तो कर लूंगा दूसरी शादी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तमंचा दिखाकर दी जान से मारने की धमकी
- पति समेत दस के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव बहरिया निवासी देवसिंह ने बताया कि उसने पुत्री राधा की शादी एक साल पहले राजकुमार निवासी खजुरी थाना परौर के साथ की थी। उसने शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से उसकी पुत्री के ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। कम दहेज को लेकर ससुराल वाले उसकी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वालों ने उसकी पुत्री से कहा कि मायके से एक लाख रुपये और बुलेट बाइक मंगा कर दो। पुत्री ने ससुराल वालों से कहा कि अब मायके वाले कुछ नहीं दे पाएंगे। उसकी बेटी के पति राजकुमार ने कहा कि बुलेट बाइक और एक लाख रुपये चाहिए तभी राधा को रखेंगे। ससुराल वालों ने पुत्री को मारा पीटा और तमंचा तानकर पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। ससुराल वालों ने तीन माह पूर्व राधा को घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है। राजकुमार ने धमकी दी कि दहेज नहीं मिला तो वह दूसरी शादी कर लेगा। मिर्जापुर पुलिस ने पति समेत 10 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली




सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


# बंडा ब्लॉक में समय से नहीं बैठते अधिकारी, परेशान हो रहे फरियादी

## सुबह 10:30 बजे तक सफाईकर्मी करते है सफाई, कई सचिवों ने रखे हैं निजी कर्मचारी

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** ब्लॉक में निर्धारित समय से अधिकारियों और कर्मचारियों के न बैठने से फरियादियों को भटकना पड़ रहा है। कई फरियादी तो अधिकारियों से मिले बिना ही वापस लौट जाते हैं, जबकि निजी तौर पर ब्लॉक में जमे बैठे सचिवों के कर्मचारी मलाई मार रहे हैं।

बंडा ब्लॉक के अधिकारी और कर्मचारी विकास खंड परिसर में अपने निर्धारित समय से नहीं बैठ रहे हैं जिसके चलते शिकायत लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को मजबूरन ही वापस लौटना पड़ रहा है। जब अधिकारियों के अपने दफ्तरों में बैठने का समय होता है तब विकास खंड बंडा में सफाईकर्मियों का आगमन होता है और सुबह करीब 11 बजे तक साफ सफाई होती है। बीडीओ से लेकर एक भी पंचायत सचिव अपने निर्धारित समय पर ब्लॉक नहीं पहुंच रहा है और न ही ग्राम पंचायतों में खोले गए पंचायत भवनों में बैठ रहा है। सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे पंचायत सचिव प्रतिदिन करीब दोपहर बाद तक आते हैं और ब्लॉक में अपने दफ्तरों में बैठ जाते हैं। यहां पहले से उनके निजी तौर पर लगाए गए लड़के अपने मनमाने तरीके से जनता से डीलिंग करते हैं।



शुक्रवार सुबह 10 :30 बजे झाड़ू लगाते सफाई कर्मी। ● अमृत विचार

● **निजी कर्मचारी खुद ही मोहर और हस्ताक्षर कर पंचायत सचिवों की संभाल रहे कुर्सियां**

इतना ही नहीं प्राइवेट तौर पर लगाए गए कर्मचारी खुद ही मोहर और हस्ताक्षर कर पंचायत सचिवों की कुर्सियों को संभाले हुए हैं। शुक्रवार को विकास खंड बंडा में सुबह करीब 10.30 बजे सफाई कर्मचारी बीडीओ के कमरे से बाहर निकलकर झाड़ू लगा रहे थे। इतना ही नहीं यहां एक भी कर्मचारी और अधिकारी 11 बजने तक ब्लॉक परिसर में नहीं पहुंचा था।

### पीलीभीत से आई फरियादी मायूस होकर लौटी

इसके चलते जिला पीलीभीत की तहसील पूरनपुर से चलकर आई एक फरियादी अधिकारियों से मिले बिना ही वापस लौट गई। वहीं बंडा क्षेत्र के ही एक गांव निवासी एक युवक समूह के किसी काम से अपनी मां के साथ ब्लॉक परिसर में आया था, लेकिन वहां भी उसे कोई कर्मचारी वापस नहीं मिला तो वह खाली हाथ वापस लौट गया। फिलहाल, ब्लॉक परिसर में कोई भी अधिकारी और कर्मचारी अपने निर्धारित समय से अपने दफ्तरों में नहीं बैठ रहा है और उनके दफ्तरों पर ताले लटके रहते हैं जिससे आम जनता को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं।

> मैं इस समय भैंसी नदी पर चल रही नाला खुदाई के लिए रोजाना जा रहा हूं। जिस ग्राम पंचायत भवन में सचिव नहीं मिल रहे हैं, वहां की फोटो मिले तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> – सर्वेश कुमार, बीडीओ

## युवक को ठगा, थमा दिया जापान का फर्जी वीजा

**पूरनपुर, अमृत विचार:** जापान भेजने के नाम पर युवक से ठगी कर ली गई। उसे फर्जी वीजा दे दिया। दिल्ली एयरपोर्ट से चेकिंग के बाद उसे वापस कर दिया गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि ज्लद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी सद्दाम हुसैन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि जापान जाने के लिए वह मुजफ्फरनगर जनपद के मल्लपुरा सिटी निवासी तंजीम शाहिद से दो साल पहले मिले। वीजा बनाने के लिए बातचीत चली। आरोपी ने तीन लाख रुपये ले लिया और उसे साउथ कोरिया का वीजा थमा दिया। आरोप है कि जब वह दिल्ली पहुंचे तो अभिलेख चेक किए गए। इस दौरान वीजा फर्जी निकला। वापस आकर आरोपी से अपने दिए रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि जेवर गिरवी रखकर और कई दिनों की जमापूंजी आरोपी ने ठग ली। अब लंबे समय से कोई जवाब नहीं दे रहा है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि ज्लद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ऑपरेशन मानसून शुरू चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मानसून सीजन के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर ऑपरेशन मानसून विशेष सुरक्षा अभियान शुरू किया है। 15 अक्टूबर तक चलने वाले ऑपरेशन मानसून के दौरान जंगल के साथ चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों पर पैनी निगाह रखी जाएगी। डिप्टी डायरेक्टर ने सभी रेंज अफसरों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। आपरेशन मानसून के दौरान सभी वन अफसरों समेत अधीनस्थ स्टाफ को बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ने के भी निर्देश दिए गए हैं।

जनपद में बारिश दस्तक दे चुकी है। बरसात के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल मार्गों पर जगह-जगह जलभराव एवं कीचड़ हो जाती है। जंगल मार्गों के कच्चे होने के कारण वाहनों का आवागमन भी बाधित हो जाता है। वहीं घास की ऊंचाई बढ़ने से जंगल क्षेत्रों में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। इन दिनों जंगल क्षेत्र में गश्त करने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मानसून सीजन के दौरान शिकारी और वन अपराधी इसका फायदा उठाने की फिराक में लगे रहते हैं।

### शिकार और कटान के संवेदनशील वन ब्लॉकों पर रहेगी नजर

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की जंगल सीमा उत्तराखंड से लगी हुई है। ऐसे में सीमा से सटे जंगल क्षेत्रों की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। रेंज के सभी स्टाफ को गश्त के दौरान एक दूसरे से संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आकस्मिक घटना पर तत्काल उस पर एक्शन लिया जा सके। सभी क्षेत्रीय वनाधिकारियों को वन एवं वन्यजीव अपराधों से जुड़े वन अपराधियों को सूचीबद्ध करते हुए उन पर कड़ी नजर रखने को कहा गया है। आरक्षित जंगल के आसपास के गांवों में संदिग्ध व्यक्तियों के आने-जाने पर भी नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही सभी पांच रेंजों में अवैध कटान के करीब 28 और अवैध शिकार के 18 वन ब्लाकों पर नजर रखने के साथ मुखबिर तंत्र को मजबूत करने को निर्देशित किया गया है।

इधर, टाइगर रिजर्व प्रशासन ने वन एवं वन्यजीवों को शिकारियों एवं वन अपराधियों की कुदृष्टि से बचाने के लिए 15 अक्टूबर तक आपरेशन मानसून विशेष सुरक्षा अभियान शुरू किया है। इसको लेकर डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने सभी रेंज अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


# स्कूलों को मर्ज करने के निर्णय पर हो पुनर्विचार : यूटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) शाहजहांपुर की ओर से जिला अध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ददरौल विधायक अरविंद सिंह को सौंपा गया।

ज्ञापन में कम छात्र संख्या के आधार पर परिषदीय विद्यालयों को मर्ज व समाप्त किए जाने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में सर्व शिक्षा अभियान प्रारंभ किया था। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में वर्णित प्रावधान के तहत 6 वर्ष से 14 वर्ष तक आयु के बच्चों को सुलभ व आवश्यक शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। इस लिए प्रत्येक गांव- मजरे में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की गई। वर्तमान में उप्र शासन ने कम छात्र संख्या नामांकन के आधार पर परिषदीय स्कूलों को मर्ज कर बंद करने का निर्णय लिया है। अत्यंत जल्दबाजी में लिया गया निर्णय गरीब बच्चों के लिए बेहद अहितकर होगा। इसके परिणामस्वरूप समाज में शैक्षिक असमानता व बालिकाओं के ड्रॉपआउट में बढ़ोत्तरी होगी। शिक्षा की नीति का उद्देश्य विद्यालयों को गिनती में समेटना नहीं बल्कि हरएक बच्चे तक शिक्षा का अधिकार पहुंचाना है। अगर किसी स्कूल में कम नामांकन है तो वहां समुचित संसाधन व अध्यापक भेजने की आवश्यकता है न कि उस विद्यालय को समाप्त कर देना न्यायसंगत है। शिक्षक संगठन-यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) शाहजहांपुर ने व्यापक जनहित, छात्रहित व शिक्षा के हित में इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। ज्ञापन देन वालों में रामकुमार सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर, जिला महामंत्री पृथ्वीराज, जिला कोषाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह, जिला संयुक्त महामंत्री चंदन वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा, जिला उपमंत्री सोनपाल, जिला लेखाकार विधु शेखर, ब्लॉक अध्यक्ष भावल खेड़ा नितिन वर्मा, ब्लॉक महामंत्री भावलखेड़ा दिनेश सिंह व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



ददरौल विधायक अरविंद सिंह को ज्ञापन सौंपते यूटा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ने ददरौल विधायक को कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन**

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार:** एएसपी के आदेश पर विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ग्राम फरीदपुर हसन निवासी सतेन्द्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बरेली जिले के थाना बहेड़ी क्षेत्र के मकरोई गांव निवासी अनमोल सिंह पुत्र कुलदीप सिंह उधम सिंह नगर उत्तराखंड के किच्छा में आईलैट सेंटर संचालित करता है। उन्होंने आरोपी से संपर्क किया। इग्लैंड का वर्क परमिट लगवाने की बात हुई थी, जिसके लिए 43.50 लाख रुपये तय हुए। वर्ष 2023 से 16 अलग अलग तारीखों में 45 .10 लाख रुपये पीड़ित दे चुका है। आरोपी न ही रुपये वापस कार रहा न ही वीजा लगवाया। रुपये वापस मांगने पर टालमटोल की गई और फिर धमकाना शुरू कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## श्रीमद्भागवत कथा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



रामनगर कालोनी में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री राधा कृष्ण मंदिर रामनगर कॉलोनी में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा राधा कृष्ण मंदिर से शुरू होकर कॉलोनी में घूमती हुई दोबारा राधा कृष्ण मंदिर पर समाप्त हुई। इसके बाद शाम को श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया। आयोजकों ने बताया कि मंदिर के 76वें वार्षिक उत्सव पर श्रीमद् भागवत कथा राधा कृष्ण मंदिर 27 जून से 3 जुलाई तक होगी। 4 जुलाई को भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। हरिद्वार से पधारे हुए लालजी महाराज के सानिध्य में भजन संध्या होगी। मंदिर कमेटी के सदस्य अशोक सचदेवा, लाजपत बत्रा, मोहन ग्रोवर, दिनेश जोगिया, आशू मिश्रा, श्याम सुंदर कपूर, सुधांशु, ऊषा सचदेवा, मंजू ग्रोवर आदि रहे।

# विद्यालयों को मर्ज करने का आदेश निरस्त करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को शिक्षकों ने कम छात्र नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को पेयरिंग के बहाने मर्ज किए जाने वाले आदेश को निरस्त करने की मांग की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन राज्य सभा सांसद मिथलेश कुमार को दिया।

शिक्षक संघ ने सांसद को बताया कि विद्यालय मर्ज कर दिए जाने से विद्यालयों की दूरी बढ़ जाने के कारण बच्चों की दुर्घटना की संभावना के कारण अभिभावक चिंतित हैं और रोष व्याप्त है। लेकिन सरकार सामाजिक रूप से पिछड़े व वंचित वर्ग की शिक्षा के प्रति चिंता पर ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए शिक्षा व छात्र हित में कम छात्र नामांकन बाले विद्यालयों को पेयरिंग के बहाने दूसरे विद्यालयों में मर्ज करने वाले आदेश को तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। सांसद ने कहा कि अगर मैं विधायक होता तो विधानसभा में मुद्दा उठता, परन्तु संसद में होने के बावजूद भी मुख्यमंत्री से वार्ता करूंगा और उन्हें गांव के गरीब कमजोर और वंचित बच्चों के शिक्षा के संदर्भ में आवश्यक तथ्य बताते हुए विद्यालयों के मर्ज होने वाली प्रक्रिया स्थगित करने का अनुरोध करूंगा। सांसद को ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. रत्नाकर दीक्षित, जिला महामंत्री सुनील मौर्या, जिला संयुक्त मंत्री सचिन मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष धीरज रस्तोगी, पल्लवी गुप्ता और सचिव विक्रांत मिश्रा सहित नवनीत तिवारी, अंकित रस्तोगी, नरेन्द्र जायसवाल आदि रहे।



राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

● **प्राथमिक शिक्षक संघ ने राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन**

# 30 जून को लगेगा मां जालिपा देवी मंदिर पर ऐतिहासिक मेला

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** सुदूर शहरों में मशहूर सेहरामऊ दक्षिणी से 300 मीटर दूर हरदोई जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग किनारे स्थित देवी मां जालिपा मंदिर पर आषाढ़ मास की अमावस्या के बाद पड़ने वाले पहले सोमवार को लगने वाले मेले की ख्याति दूर दूर तक है। एक बार फिर मेला लगना शुरू हो गया है। मुख्य मेला 30 जून को लगेगा। देवी मां के मंदिर पर लगने वाला ऐतिहासिक मेला पिछली कई पीढ़ियां देख चुकी हैं।

किवदंती है कि वर्षों पूर्व सियरमऊ के नाम से मशहूर सेहरामऊ दक्षिणी था। इसका नाम धीरे धीरे बदलकर सियरमऊ से सेहरामऊ दक्षिणी हो गया। इसका वर्णन में जगनिक रचित आल्हखंड में सियरमऊ की जालिपा माई के नाम से मिल जाता है। इसके अलावा विरिया मकरंदपुर के राजा हरि सिंह एवं वीर सिंह के साथ आल्हा ऊदल का युद्ध हुआ था। राजा हरि सिंह और वीर सिंह को पराजित करने के बाद आषाढ़ माह की अमावस्या के बाद जो सोमवार पड़ा। उस सोमवार को आल्हा ऊदल ने सेहरामऊ स्थित जालिपा माता मंदिर में पूजा अर्चना कर मेला लगवाया था। उसी दिन से यह प्रथा चली आ रही है। नई - नई शादियां करके सड़क मार्ग से निकलकर अपने घरों को वापस जाने वाले क्षेत्र के अलावा अन्य जगहों के नवविवाहित जोड़े मन्दिर पर जाकर देवी मां की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेकर अपने गंतव्य को चले जाते हैं।



जालिपा देवी मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारियां शुरू।

● **अमावस्या के बाद पहले सोमवार को लगता है मेला**

मुराद पूरी होने के लिए लोग मंदिर में गांठ लगाते हैं। घंटे बांधते हैं, इस मेले में दूर दराज से दुकाने आती हैं। इस मेले में लकड़ी से बने फर्नीचर , बिसात खाना, खेल खिलौने, धार्मिक पुस्तकों के अलावा रसोईघर में प्रयोग होने वाली वस्तु आदि बहुत सी चीजें मिलती हैं। वहीं मेले में सर्कस, झूले, डांस पार्टी, भी लगती हैं। सुरक्षा के मद्देनजर महिला व पुरुष पुलिस फोर्स भारी संख्या में तैनात रहता है। वहीं बाबा भैरव के पुजारी मुनेश्वर दयाल मिश्रा बताते हैं कि माताजी का मंदिर बहुत ही प्राचीन है। बहुत ही सच्चा दरबार है। भक्तों की मुरादे पूरी होती हैं। मुरादें पूरी होने के बाद लोग आते हैं। पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेते हैं।

## एक नजर

### तहसीलदार प्रभा सिंह ने संभाला बिल्सी का चार्ज



बिल्सी, अमृत विचार : डीएम अवनीश कुमार राय ने शुक्रवार को गैर जिले से स्थानांतरित होकर आई तहसीलदार प्रभा सिंह को बिल्सी तहसील की जिम्मेदारी दी है। जिन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। ज्ञात रहे कि यहां तैनात रहे तहसीलदार रविंद्र प्रताप सिंह का पिछले दिनों शासन ने फिरोजाबाद जिले के लिए स्थानांतरण कर दिया था। शुक्रवार की शाम यहां पहुंच कर प्रभा सिंह ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

### आज महिलाओं को मिलेगा ई- कॉमर्स का प्रशिक्षण

बदायूं, अमृत विचार : स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ई-कॉमर्स के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ई-कॉमर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं पॉलिसी वॉच इण्डिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा होंगे।

### 1 जुलाई को होगी कावड़ यात्रा संबंधी बैठक

बदायूं, अमृत विचार : अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर एक जुलाई बैठक होगी। कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा तैयारियों को लेकर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

### व्यापारी आज मनाएंगे कल्याण दिवस

बदायूं, अमृत विचार : उपायुक्त राज्य कर प्रभारी अधिकारी विजय कुमार सोनी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रुप में मनाया जाएगा। 28 जून को मनाए जाने वाले कल्याण दिवस पर कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री (भारत सरकार) बीएल वर्मा विशिष्ट अतिथि के रुप रहेंगे। कार्यक्रम में जनपद के पांच बड़े करदाताओं को राज्य कर विभाग द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# आवासहीनों की पहचान पूरी, अब पात्रों को मिलेगा पीएम आवास का लाभ

## सर्वे हुआ पूरा, पीएम आवास योजना में 48 हजार से ज्यादा दावेदार, अब परखी जाएगी पात्रता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सर्वे के दौरान पीएम आवास के लिए मिले 48361 लाभार्थी
- 29568 लोगों ने स्वयं किया आवेदन, कराया जा रहा सत्यापन
- सत्यापन के बाद बनेगी लाभार्थियों की सूची

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत जिले में चल रहा आवास सर्वे कार्य पूरा हो गया है। सर्वे के दौरान जिले में कुल 48,361 आवासहीन परिवार चिह्नित किए गए हैं। अब इन परिवारों की पात्रता की जांच के लिए सत्यापन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सत्यापन के बाद पात्र परिवारों के नाम सूची में शामिल कर भारत सरकार को भेजे जाएंगे, जिसके बाद उन्हें योजना के तहत आवास का लाभ मिल सकेगा।

यह सर्वे पीएम आवास योजना प्लस के अंतर्गत कराया गया, जिसका कार्य 15 मई तक पूरा करने का निर्देश था। सर्वे के लिए जिले की 1036 ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। साथ ही इच्छुक लाभार्थियों को स्वयं भी पोर्टल पर आवेदन करने की सुविधा दी गई थी।

सर्वे में 18,793 परिवारों को सर्वेयर द्वारा चिह्नित किया गया, जबकि 29,568 परिवारों ने स्वयं आवेदन कर अपनी स्थिति दर्ज कराई। सभी विवरण केंद्र सरकार की वेबसाइट पर अपलोड किए जा चुके हैं।

अब रैंडम आधार पर इन आवेदनों का सत्यापन कराया जा रहा है। जिला स्तरीय अधिकारी कुल दो फीसदी, अन्य विभागों के अधिकारी दस फीसदी और बीडीओ पांच फीसदी आवासों की जांच कर रहे हैं। जांच के दौरान पात्रता मापदंडों के अनुरूप आवेदकों के विवरण और जमीनी स्थिति का मिलान किया जा रहा है। सत्यापन में आ रही दिक्कतें, परिवार की परिभाषा बनी चुनौती

सत्यापन प्रक्रिया में अधिकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि परिवार शब्द की स्पष्ट परिभाषा पहले तय नहीं थी। कई मामलों में विवाहित माता-पिता और उनके विवाहित बच्चों को एक ही परिवार माना गया है, जबकि नए शासनादेश के अनुसार पीएम आवास योजना ग्रामीण में पति-पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे या अनाथ अविवाहित व्यस्क को ही एकल परिवार माना जाएगा।

परियोजना निदेशक ने बताया कि इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग से मार्गदर्शन मांगा गया था। प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार अब सत्यापन किया जा रहा है। गलत जानकारी देकर आवेदन करने वालों जैसे जिनके पास पहले से पक्का मकान है उनके नाम सूची से हटाए जा रहे हैं।

> पीएम आवास योजना के तहत कराए गए सर्वे का काम पूरा हो गया है। सर्वे में 48,361 नाम सूची में शामिल किए गए थे। अब उनका सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन कार्य पूरा होने के बाद पात्र नामों की अंतिम सूची भारत सरकार को भेजी जाएगी। इसके बाद पात्र लोगों को योजना का लाभ मिलेगा। - अखिलेश कुमार चौबे, परियोजना निदेशक

## खेत में खड़ी मिली लावारिस बाइक से मचा रहा हड़कंप

**बिसौली, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर के खेतों के नजदीक शुक्रवार की सुबह एक लावारिस बाइक मिलने से हड़कंप मच गया। बाइक गंगा एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड के नजदीक चकरोड पर के पास खड़ी थी। जिसकी सूचना लोगों ने थाना पुलिस को दी। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है।

बताते हैं कि गांव निवासी किसान सुधांशु उपाध्याय खेत में खड़ी मक्का की फसल देखने के लिए सुबह के समय खेत पर गए थे। उनके खेत के नजदीक चकरोड पर हीरो कंपनी की बाइक खड़ी थी। बाइक दूसरे जिले की थी। उन्होंने बाइक के संबंध में वहां पर मौजूद अन्य लोगों से पूछा लेकिन जानकारी नहीं हो सकी। इसी दौरान खेत स्वामी अवनेश शर्मा भी वहां पहुंच गए। उन्होंने लावारिस खड़ी बाइक की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया। उसे थाने में खड़ा कर लिया है।

# अवैध खनन पर ग्रामीणों ने आरोपियों को दौड़ाया

संवाददाता, विजय नगला



ग्राम समाज की जमीन पर अवैध खनन की जानकारी देता ग्रामीण।

**अमृत विचार :** ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन होता देख ग्रामीणों ने अवैध खनन करने वाले लोगों के खिलाफ चट्टान बनकर खड़े हो गये। प्रधान के साथ पहुंचे ग्रामीणों का यह रूख देखकर खनन करने वाला व्यक्ति भी मौके से भागने लगा। ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रधान ने चेतावनी दी यदि दोबारा मिट्टी तो अधिकारियों से शिकायत करके कार्रवाई कराई जाएगी।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर और पुठी के बीच बने विद्युत उपकेंद्र के पीछे शुक्रवार सुबह जेसीबी और दो डंपर से मिट्टी खनन किया जा रहा था। ग्रामीणों ने गांव पुठी के प्रधान को सूचना दी। ग्राम प्रधान ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। भीड़ को आता देखकर जेसीबी व डंपर चालक मौके से भागने लगे। ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन को रास्ते में पकड़ लिया।

- खुद को गंगा एक्सप्रेस वे का ठेकेदार बताता है खनन करने का आरोपी

लेकिन वह चकमा देकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा पुठी के ग्राम समाज की जमीन पर खनन किया जा रहा था। बिना अनुमति के मिट्टी नहीं उठने दी जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार मिट्टी उठाकर ले जाना वाला व्यक्ति खुद को गंगा एक्सप्रेस वे का ठेकेदार बताता है।

# दिन भर चली बादलों की आंख मिचौली, उमस ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दिन चढ़ने के साथ ही खिल रही चटक धूप, बढ़ जा रही उमस
- चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के चलते सड़कों पर सन्नाटा

**अमृत विचारः** मौसम का मिजाज हर पल-पल बदल रहा है। भोर के समय सुबह हल्के बादलों के चलते बारिश की संभावना बनी रही। इसके बाद खिली धूप और और उमस ने लोगों को परेशान किया। दिन भर बादलों की आंख मिचौली का खेल चलता रहा। दोपहर में खिली चिलचिलाती धूप की वजह से बाजार और सड़कों पर सन्नाटे की स्थिति बनी रही। शाम को मौसम नर्म होने के बाद चहल पहल दिखाई दी।

पिछले कई दिनों से मौसम उतार चढाव वाला बना हुआ है। आसमान में बादल छा रहे हैं, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। शुक्रवार को सात बजे से चटक धूप खिली रही। चिलचिलाती धूप लोगों को चुभ रही थी। जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। चिलचिलाती धूप खिलने पर आर्द्रता बढ़ गई। जिसकी वजह से उत्पन्न हुई उमस ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। तेज धूप व उमस के चलते दोपहर के समय सड़कों पर भी सन्नाटा रहा।

सार्वजनिक स्थलों पर लोग छांव या पेड़ की ओट में खड़े होकर गर्मी से बचाव करते दिखाई दिए। इस दौरान करीब 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रही। जिससे लोगों को कुछ राहत तो मिली। लेकिन उमस भरी गर्मी से छुटकारा नहीं मिल सका। शाम को मौसम नर्म होने पर सड़कों पर चहल पहल दिखाई दी।

शाम को लोग गर्मी दूर करने के लिए पार्को में टहलते नजर आए। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। कृषि विभाग के अधिकारी बारिश होने की संभावना को व्यक्त कर रहे हैं। उनके अनुसार शनिवार को हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।



धूप से बचने के लिए सिर को कपड़े से ढक कर जाती महिला।

## इटावा प्रकरण की हो निष्पक्ष जांच की जाए कार्रवाई



**दातागंज, अमृत विचार :** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश इसहाक हुसैन अंसारी ने इटावा प्रकरण पर बात करते हुए कहा कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। जिससे दूध का दूध पानी का पानी हो जाए। कहा। कि कथा वाचक के बाल कटवाने की घटना से भारी रोष है। उन्होने कहा कि कथा बाचक यादव बहुल्य जिला तथा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के गृह जनपद के हैं। इसलिए कहानी को धरना प्रदर्शन आंदोलन की धमकियों के माध्यम से विपरीत दिशा में ले जाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कथा एक धार्मिक कार्यक्रम होता है। जिसमें सभी जातियों के लोग सम्मिलित होते हैं । घटना में शामिल लोगों की जांच हो।

# नरऊ के हित की रक्षा को अंतिम सांस तक संघर्ष करने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नरऊ गांव के खेतों में जाने वाला उझानी का गंदा पानी रोकने को कांग्रेस का आंदोलन कई दिनो से जारी है। शुक्रवार को क्रमिक अनशन पर छोटे बच्चे बैठे। अनशन कारी बच्चों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

उझानी नगर पालिका का गंदा पानी नरऊ गांव के खेतों में छोड़ा जा रहा है। इसका विरोध पिछले एक साल से ग्रामीण कर रहे हैं। अब कांग्रेस ने इसके विरोध में आंदोलन शुरू कर दिया है। पिछले छह दिन से आमरण अनशन किया जा रहा है। शुक्रवार को 12 साल के छोटे बच्चे अनशन पर बैठे इनमें अनुराग सोलंकी, गोपी रावत, गुलशन राघव, अभि चौहान, यीशु चौहान, अंशु सोलंकी, मनजीत सोलंकी, आदि बच्चों को फूल माला पहना कर बिठाया गया। जबकि शनिवार को 70 साल के वृद्ध अनशन पर रहेंगे। अनशन कारियों को कांग्रेस नेता लोकेश गौड़, वीरपाल यादव ने जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया।



क्रमिक अनशन पर बैठे छोटे बच्चे। ● अमृत विचार

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर भी उपस्थित रहे। ओमकार सिंह ने कहा कि जहां पर बच्चे भूखे रहकर अगर किसी चीज की मांग करते हैं तो शासन प्रशासन को उनकी बात को सुनना चाहिए, क्योंकि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। उन्होंने कहा कि नरऊ गांव के हित के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे। मुन्नालाल सागर, वीरपाल यादव, योगेंद्र सोलंकी, कमल प्रताप सिंह, लोकेश पंडित, तेजेंद्र पाल कश्यप ने कहा कि यह लड़ाई राजनीतिक नहीं है बल्कि हमारे हक़ की है और इस लड़ाई को हम अंतिम दम तक लड़ते रहेंगे। इस मौके पर रामेंद्र सोलंकी, राजकुमार, श्याम बाबू गोपी ठाकुर, गौरी शंकर, गणेश राघव, शिवा सोलंकी, आर्यन, राजकुमार सुरेश पाल, प्रमोद, पातीराम पाली आदि रहे।

# बिजली चेकिंग अभियान में 145 कनेक्शन काटे



मीटर चेक करते विद्युत विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

- विद्युत विभाग की टीम ने चार लाख बकाया बिल कराया जमा

**अमृत विचारः** नगर में शुक्रवार को बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान विद्युत विभाग ने बकाया होने पर 145 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। इसके अलावा टीम ने चार लाख बकाया बिल जमा कराया।

उपखंड अधिकारी विपिन गुप्ता एवं अवर अभियंता हरिशंकर द्वारा चैकिंग अभियान के लिए पांच टीमें गठित की गई है। चैकिंग अभियान के दौरान 10, हजार से अधिक के बकायेदारों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। शुक्रवार को चेकिंग अभियान के दौरान 145 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गये। टीम को काटे कनेक्शनों के उपभोक्ताओं के यहां भी बिजली जलती मिली। ऐसे उपभोक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। टीम ने चार लाख पचास हजार की राजस्व वसूली की। चैकिंग टीम में, आजिम हुसैन, मुबारक अली, सुनील, भोजराज,आदि रहे।

## पेट्रोल पम्पों पर शौचालय व पेयजल व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त

**बदायूं , अमृत विचारः** पेट्रोल पंपों पर जन सामान्य को मिलने वाली व्यवस्थाएं ठीक नहीं है। उन्हें दुरुस्त रखने के आदेश एडीएम प्रशासन ने पंप संचालकों को दिए हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक के दौरान एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ने पेट्रोल पंप संचालकों से कहा कि वह पैट्रोल पम्पों पर शौचालय को व्यवस्थित रखे। पानी की पर्याप्त व्यवस्था के साथ साफ सफाई रखी जाए। शौचालयों की सफाई व्यवस्था के लिए अलग से कर्मचारी नियुक्त किया जाए। साथ ही सफाई कर्मचारियों के नाम तथा मोबाइल नम्बर प्रदर्शित किया जाए। इस दौरान एडीएम प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को बताया कि सोत नदी का जीर्णोद्धार का कार्य होना है। जिसे वह अपनी सहभागिता करें। वह स्वेच्छा से उक्त जनहित के कार्य में अपनी-सहभागिता सुनिश्चित कराये ।

# प्रेमी जेल में, गांव में लड़की की मौत

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी एक लड़की ने गांव के साथ युवक के साथ प्रेम प्रसंग के चलते कोर्ट मैरिज कर ली थी। पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया। युवक को जेल भेज दिया। लड़की के परिजनों ने उसकी शादी तय कर दी। गुरुवार रात लड़की की मौत हो गई। परिजन फरार हो गए। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने मौका मुआयना किया। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का उसके गांव निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग हो गया था। दोनों घर से भागकर 8 मई को प्रयागराज जाकर शादी कर ली थी लेकिन उस दौरान लड़की बालिग नहीं थी। वहीं लड़की के पिता ने 10 मई को युवक पिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को 20 मई को हिरासत में लिया था। पुलिस ने लड़की के बयान दर्ज कराए थे। पुलिस के अनुसार लड़की को उसकी इच्छा के अनुसार उसके माता-पिता के पास और युवक को जेल भेजा था। वह अब भी जेल में बंद है। जिसके बाद लड़की के परिजनों ने उसकी शादी उसहैत क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ तय कर दी थी। चार जुलाई को गांव में बारात आनी थी।



घटना के बाद गांव पहुंचकर मौका मुआयना करते सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय।

- गांव में ऑनर किलिंग की चर्चा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

शुक्रवार सुबह लड़की का शव उसके घर पर कमरे में मिला। कमरे में बाहर से ताला लगा था। युवती के परिजन फरार थे। ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक गांव पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गांव में ऑनर किलिंग की आशंका जताई जा रही है। गांव में चर्चा है कि लड़की की शादी जिस युवक के साथ तय हुई थी वह लड़की से वह उससे दोगुनी उम्र का था। लड़की परिजनों के निर्णय से खुश नहीं थे।

# नाबालिग से अश्लीलता करने के दोषी को 20 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 26 अगस्त 2017 की रात 8 बजे नल से पानी भरने के दौरान आरोपी ने दबोचा

**अमृत विचार :** नाबालिग लड़की को पकड़कर अश्लील हरकत करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने दोषी पाते हुए 20 साल के कारावास और 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के लिए देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार एक महिला ने थाना अलापुर में 27 अगस्त 2017 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 26 अगस्त की रात लगभग आठ बजे उसकी 13 साल की बेटी सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। गांव निवासी राशित पुत्र मेहंदी हसन मिला। उसने उनकी बेटी को बदनीयत से दबोच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। लड़की चिल्लाई तो उसकी मां मौके पर पहुंची। जैसे-तैसे अपनी बेटी को आरोपी के चुंगल से छुड़ाया। महिला का पति भी मौके पर पहुंच गया। आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की और आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। न्यायालय में राशिद पुत्र मेहंदी हसन के खिलाफ नाबालिग लड़की से अश्लील हरकतें करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद दोषी को आरोपी पाते हुए सजा सुनाई।

# जिले में 50 से अधिक शिक्षकों का होगा स्थानांतरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- चरणबद्ध तरीके से कम बच्चों की संख्या वाले स्कूल होंगे मर्ज

**अमृत विचारः** कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को मर्ज करने की बेसिक शिक्षा विभाग में कवायद चल रही है। जिले में 171 स्कूलों को मर्ज किए जाने की सूची तैयार की गई। इन स्कूलों में अध्ययनरत दस हजार से अधिक बच्चों को नजदीक के स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। करीब 50 से अधिक शिक्षकों का दूसरे स्कूलों में स्थानांतरण किया जाएगा। जिसकी तैयारी चल रही है।

कम संख्या वाले स्कूलों को नजदीक के स्कूलों में मर्ज किया जाएगा। जिले में संचालित 2158 स्कूलों में 171 स्कूल ऐसे हैं जिनमें बच्चों की संख्या 50 से कम है। इन सभी स्कूलों को योजना के तहत एक-दूसरे से जोड़ा जाएगा। साथ ही संतुलित स्थापित करते हुए शिक्षकों का भी स्थानांतरण किया जाएगा। बताया जा रहा है एक दूसरे स्कूल में विलय करने के दौरान करीब 50 से अधिक शिक्षकों का भी स्थानांतरण होना है। ताकि शिक्षण व्यवस्था बेहतर की जा सके। स्कूलों को मर्ज करने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से होगी। जिसे एक जुलाई के बाद पूरा किया जाएगा। इस संबंध में बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कम संख्या वाले स्कूलों की सूची तैयार कर ली गई है। मर्ज करने की प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू की जाएगी। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 50 से अधिक शिक्षकों का भी स्थानांतरण किया जाएगा।

## स्कूल मर्ज किए जाने का शिक्षकों ने जताया विरोध

**बदायूं, अमृत विचार :** बच्चों की कम संख्या वाले स्कूलों को बंद किए जाने की कार्रवाई प्रदेश भर में गतिमान है। जिसका शिक्षकों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। स्कूल मर्ज किए जाने के आदेश को वापस लिए जाने की मांग करते हुए परिषदीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम डीआरओ को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि तीन सौ की आबादी पर प्राथमिक और आठ सौ के आबादी पर उच्च प्राथमिक स्कूल स्थापित करने का नियम है। सरकार निजी स्कूलों को खुलेआम मान्यता दे रही है। मानक पूरे किये बिना चल रहे इन्हीं स्कूलों की वजह से सरकारी स्कूलों में बच्चे कम हुए हैं। शिक्षकों का कहना था कि अगर स्कूल बंद हो गए तो छोटे बच्चों के साथ बालिकाओं को प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करना मुश्किल हो जाएगा। जिससे ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में वृद्धि होगी। शिक्षकों ने मांग करते हुए कहा कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को मर्ज किए जाने का आदेश निरस्त किया जाए। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरुण पांडेय, मोरध्वज, सुरेंद्र सिंह यादव, भारत सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



## नगर पालिका करा रहा सफाई

**सहसवान, अमृत विचार :** मोहल्ला सैफुल्लागंज मार्ग पर जलभराव के चलते दो दिन पूर्व करंट पानी में उतर आने से दो बैलों की मौत होने के बाद अब नगर पालिका मार्ग की सफाई कर रहा है।

शुक्रवार को नगर पालिका के ईओ डॉ राजेश कुमार ने सैफुल्लागंज मार्ग पर सफाई अभियान चलाया। सफाई कर्मचारियों ने मार्ग के दोनों ओर बने नाले की सफाई की। इस दौरान अधिशासी अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने कहा इस सफाई के बाद इस सड़क को जहां तक जलभराव हो रहा है उतनी सड़क को 2 फीट ऊंचा करा दिया जायेगा। जिससे जल भराव की समस्या नहीं होगी।

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# अब उपजाऊ खेतों में नहीं, बंजर जमीन पर होंगे मनरेगा से विकास कार्य


## गूल सफाई और खेत सुधार जैसे कार्यों को किया गया है प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मनरेगा योजना के तहत भूमि विकास के नाम पर होने वाली मनमानी पर अब पूरी तरह से लगाम लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने इस योजना के नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए उपजाऊ कृषि भूमि पर चकमार्ग निर्माण, गूल सफाई व खेत सुधार जैसे कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। इसके तहत अब केवल ऊसर और बंजर भूमि को ही भूमि विकास श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

केंद्र सरकार द्वारा जारी नई गाइडलाइन का अवलोकन मनरेगा सेल के अधिकारी और कर्मचारी कर रहे हैं। इसके बाद जिले में कार्यक्रम अधिकारियों को क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। अब तक ग्राम पंचायतों में प्रधानों और रोजगार सेवकों द्वारा अपने मनमाफिक तरीके से कृषि योग्य भूमि पर मनरेगा योजना के तहत कार्य करा दिए जाते थे। इससे उपजाऊ खेतों को नुकसान होता था, जिसका किसान लंबे समय से विरोध कर रहे थे। गूलों की खुदाई, खेत सुधार, चकमार्ग निर्माण जैसे कार्यों ने कई किसानों की पैदावार पर असर डाला है।

किसानों की इस आपत्ति को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार ने मनरेगा में भूमि विकास श्रेणी को लेकर दिशा-निर्देशों में संशोधन कर स्पष्ट कर दिया है कि अब केवल ऊसर और बंजर भूमि पर ही कार्य होंगे।



### केवल बंजर व ऊसर भूमि पर होंगे सुधार कार्य

नई गाइडलाइन के अनुसार अब मनरेगा के अंतर्गत केवल उन भूमियों पर विकास कार्य कराए जाएंगे जो बंजर या ऊसर श्रेणी की होंगी। इससे उपजाऊ भूमि की रक्षा होगी और वास्तविक जरूरत वाले क्षेत्रों में ही योजना का लाभ पहुंचेगा

मनरेगा योजना के तहत भूमि विकास की श्रेणी पर रोक लगा दी गई है। ऊसर और बंजर भूमि पर ही सुधार कार्य होंगे। गाइडलाइन मिल गई है, जिसका अवलोकन किया जा रहा है। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। **अखिलेश कुमार चौबे**, प्रभारी मनरेगा उपायुक्त

# जनसमस्याओं को प्राथमिकता से निपटाएं



जनता की समस्याएं सुनते विधायक हरीश शाक्य ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** सिरासौल रोड स्थित मंडी समिति के गेस्ट हाउस पर शुक्रवार को विधायक हरीश शाक्य ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना।

इस दौरान करीब सौ से अधिक लोगों ने अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा। जिसमें से कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। विधायक ने संबंधित अधिकारी को मोबाइल पर वार्ता कर शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशा के मुताबिक जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटने का प्रयास करें। जनता को बार बार इधर उधर न दौड़ाएं। जनता के लिए अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर, एसडीएम रिपुदमन सिंह, सीओ संजीव कुमार सिंह, कोतवाल मनोज कुमार सिंह, नगराध्यक्ष आदित्य महेश्वरी, प्रखर माहेश्वरी, अजीत उमेश मोहित अजय प्रताप सिंह राहुल देव शाक्य, धर्मेंद्र शाक्य, रक्षपाल सिंह शाक्य आदि मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पतालों में प्रसव संख्या बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राज्यस्तरीय टीम द्वारा जिला महिला अस्पताल के निरीक्षण में गदंगी पाए जाने पर एजेंसी पर पेनाल्टी लगाने के बाद ही उसका भुगतान करने के निर्देश डीएम ने स्वास्थ्य अफसरों को दिये हैं। सीडीओ ने निजी अस्पतालों में ज्यादा प्रसव होने पर नाराजगी जताते हुए सरकारी अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा प्रसव कराने पर जोर देने को कहा है।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम अवनीश राय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से नाराजगी जताते हुए कहा कि जिला महिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखने के प्रति कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

शुक्रवार को बैठक में जिलाधिकारी ने 31 जुलाई तक चलने वाले डायरिया रोको अभियान व 1 जुलाई से प्रारंभ हो रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने को कहा। उन्होंने टैली मेडिसिन व ओपीडी को बढ़ाने के लिए कहा, साथ ही आभा आईडी के कार्यों में भी अपेक्षा अनुरूप प्रगति लाने को कहा।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते डीएम अवनीश राय ● अमृत विचार

- **सफाई का कार्य करने वाली एजेंसी पर पेनाल्टी डालने के बाद ही करे भुगतान :डीएम**
- **प्राइवेट अस्पतालों में हो रहे प्रसवों की हर रोज संख्या लेने और मानीटरिंग करें:सीडीओ**

मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने स्वास्थ्य अधिकारियों को सरकारी अस्पतालों में प्रसव संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। प्राइवेट अस्पताल में कराए जा रहे प्रसवों की संख्या ली जाए, तथा इसकी नियमित मॉनीटरिंग भी की जाए। जो भी सामग्री क्रय की जानी है वह जैम पोर्टल से ही की जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने पाया कि ब्लॉक समरेर, जगत व दातागंज की प्रगति अपेक्षा अनुरूप ठीक नहीं है। उन्होंने इसमें सुधार को कहा। उन्होंने 31 जुलाई तक चलने वाले डायरिया रुको अभियान तथा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को परस्पर विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए सफल बनाने के लिए कहा।

बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव आदि विभिन्न बिंदुओं पर एक-एक कर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा सहित चिकित्सा विभाग के अन्य अधिकारी सभी एमओआईसी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** दिल्ली में सिलाई का काम करने वाले बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। बदायूं शहर से वापस गांव लौटते समय किसी वाहन ने युवक की बाइक को टक्कर मारी थी। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

उसहैत थाना क्षेत्र के गांव नौली फतुहाबाद निवासी आकिब (26) दिल्ली में रहकर सिलाई का काम करते थे। कुछ दिन पहले ही गांव लौटे थे। गुरुवार को वह काम से शहर आए थे। वापसी में देर शाम थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव सिसैया और खजुरा नगला के बीच किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गए। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पहचान करके मृतक के परिजनों को सूचित किया। परिजनों में कोहराम मच गया।

## उर्वरकों की दुकानों पर मारा छापा, नौ सैंपल लिए



खाद की दुकान पर स्टॉक रजिस्टर को चेक करते कृषि अधिकारी मनोज रावत।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** खरीफ फसल में खाद की जमाखोरी रोकने के लिए उर्वरकों की दुकानों पर एसडीएम ने कृषि अधिकारियों के साथ छापा मारा। इस दौरान नौ उर्वरकों के सैंपल लिए। कई दुकानों पर स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण मिले। सभी को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है।

कृषि अधिकारी मनोज रावत ने दातागंज और बिसौली क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों की दुकानों पर एसडीएम के साथ छापा मारा। अधिकारियों ने 35 दुकानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों के द्वारा नौ उर्वरकों के नमूना लिए। दातागंज तहसील क्षेत्र के समरेर स्थित मोनिका खाद भंडार, सुनीता खाद भंडार, चौहान खाद भंडार सुखौरा, एग्रीक्लीनिक एंड एग्री जंक्शन केंद्र दूनपुर और एके खाद भंडार ओरछी सहित दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानों पर स्टॉक रजिस्टर अपूर्ण पाए गए।

कृषि अधिकारी ने सभी दुकानदारों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। कहा कि उनके द्वारा नियमित दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा। दुकानदारों को चेतावनी दी कि रासायनिक उर्वरकों का वितरण किसानों को पीओएस मशीन के द्वारा किया जाए। किसी भी दशा में सीमावर्ती जनपदों को उर्वरक की बिक्री न की जाए। कृषक को बिना अभिलेख के दो बैग से अधिक खाद नहीं दिए जाए।

## डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने अफसरों और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम व वीवीपैट के वेयरहाउस का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ वैभव शर्मा और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम व वीवीपैट के वेयर हाउस का आंतरिक निरीक्षण के समय डीईओ ने गोदाम के दरवाजों की सीलों को चैक किया। उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग को में चेक किया। राजनैतिक दल वेयर हाउस की सुरक्षा को की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। इस मौके पर विनोद कुमार सिंह बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी, भाजपा के प्रतिनिधि आशीष शाक्य, समाजवादी पार्टी से अशोक यादव, बसपा से मनोज कश्यप, कांग्रेस पार्टी से अरविंद राठौर, आम आदमी पार्टी से राकेश सोलंकी सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# 70 पार बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त इलाज का तोहफा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमत विचार :** स्वास्थ्य विभाग एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के नागरिकों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे, जिससे उन्हें गंभीर बीमारी की स्थिति में मुफ्त इलाज मिल सके। इसी के साथ 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा, जिसमें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर संभावित मरीजों की खोज करेंगी।

शासन से जारी निर्देशों के अनुसार, आयुष्मान कार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत भवनों पर बनाए जाएंगे। कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में जिन वरिष्ठ नागरिकों के आधार कार्ड में उंगलियों के निशान स्पष्ट नहीं हैं, उनके आधार कार्ड भी संशोधित किए जाएंगे।

जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. वैभव गुप्ता ने बताया कि 2011 की जनगणना के अनुसार जिले में 79 हजार से अधिक लोग 70 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं, अब यह आंकड़ा लगभग 80 हजार के पार है। शासन की मंशा है कि वरिष्ठ नागरिकों को इलाज के लिए एक भी रुपया खर्च न करना पड़े।




- **जुलाई में बनेंगे आयुष्मान गोल्डन कार्ड**
- **एक जुलाई से 31 तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान**
- **जिले में अस्सी हजार से अधिक हैं वृद्ध लोग**

### अभियान में होगा ग्रामीण सफाई पर जोर

संचारी रोगों की रोकथाम के लिए गांव-गांव आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी। वे घर-आंगन और गलियों में साफ-सफाई रखने की अपील करेंगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान, सचिव और खंड विकास अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। खंड विकास अधिकारी स्वयं गांवों का निरीक्षण करेंगे।

### अभी तक 12 हजार कार्ड, लक्ष्य 80 हजार का

पिछले तीन माह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि जिले में 80 हजार से अधिक बुजुर्ग इस योजना के पात्र हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में विशेष पटल बनाया गया है, वहीं सीएचसी और पीएचसी और पंचायत भवनों पर भी कार्ड बनाए जा रहे हैं।

सत्तर साल से अधिक उम्र वालों के आयुष्मान कार्ड बनाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पात्र लोगों के कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाएं ताकि शासन की मंशा के अनुरूप उन्हें उपचार मिल सके।

— **डॉ. रामेश्वर मिश्रा**, मुख्य चिकित्सा अधिकारी


खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306



Admission Open | Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
▪ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
▪ BRIT (Intake-80 Seats)
▪ BPT (Intake-40 Seats)
▪ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
▪ BOTT (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
▪ MPT (Intake-20 Seats)
▪ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open | Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
▪ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
▪ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
▪ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
▪ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# गंदगी और बिना जांच किट के राजकीय मेडिकल कॉलेज में कोविड वार्ड तैयार

## सिर्फ बेड सजाकर नहीं रुकेगा वायरस, दवाओं, डॉक्टरों और सफाई की भी जरूरत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : राजकीय मेडिकल कॉलेज में कोविड को लेकर तैयारियों का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे काफी दूर है। एक ओर जहां शासन ने कोविड के नए वेरिएंट को देखते हुए अलर्ट जारी किया है, वहीं दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज में बिना कोविड जांच किट और साफ-सफाई के ही कोविड वार्ड तैयार कर लिया गया है। गंदगी के बीच मरीजों को इलाज मुहैया कराने की तैयारी ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने जिला प्रशासन के निर्देश पर एक बड़ा कोविड वार्ड तैयार किया है जिसमें 50 मरीजों के लिए बेड लगाए गए हैं। चार छोटे वार्डों को मिलाकर यह कोविड वार्ड बनाया गया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि कोविड के संभावित खतरे को देखते हुए तैयारी कर ली गई है। अभी तक कोई मरीज भर्ती नहीं हुआ है, लेकिन जरूरत पड़ी तो दूसरे वार्ड को भी कोविड वार्ड में तब्दील किया जा सकता है।

**कोविड जांच किट और काउंटर की नहीं है व्यवस्था :** बड़े कोविड वार्ड की व्यवस्था तो कर दी गई है लेकिन मेडिकल कॉलेज में न तो कोविड जांच किट उपलब्ध हैं और न ही जांच के लिए कोई अलग काउंटर बनाया गया है। ऐसे में यदि किसी मरीज को कोविड की जांच करानी हो तो वह कैसे होगी, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। प्रशासनिक तैयारियों में यह बड़ी खामी मानी जा रही है।



राजकीय मेडिकल कॉलेज।

- कोविड जांच काउंटर तक नहीं, सिर्फ वार्ड बनाकर खानापूरी में जुटा प्रशासन
- बेड पर गंदी चादरें, वार्ड में फैली गंदगी, डॉक्टरों की गैरहाजिरी बनी मरीजों की परेशानी

### वार्ड में गंदगी, बेड पर बदबूदार चादरें

मरीजों ने आरोप लगाया है कि वार्ड में सफाई की स्थिति बेहद खराब है। गंदगी की वजह से बदबू आती है और मरीजों के बेड पर गंदी चादरें बिछी हैं। सफाईकर्मी दिन में एक बार आते हैं और आधी-अधूरी सफाई करके चले जाते हैं। वार्ड के बाहर भी कूड़ा और गंदगी देखी जा सकती है।

### डॉक्टर नहीं आते ओपीडी में देरी से होती है शुरुआत

बुखार से पीड़ित भर्ती मरीजों का कहना है कि डॉक्टर वार्ड में देखने नहीं आते। कई दिन तो सुबह भी कोई डॉक्टर नहीं पहुंचता। ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से है लेकिन अधिकांश डॉक्टर समय से नहीं पहुंचते, जिससे मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

### ऑक्सीजन व्यवस्था

मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने दावा किया है कि परिसर में ही ऑक्सीजन प्लांट मौजूद है, भंडारण भी किया गया है। आपात स्थिति में बाहर से ऑक्सीजन मंगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# तांत्रिक संग गई महिला और उसकी बेटी बरामद

**बिल्सी, अमृत विचार** : बिल्सी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी तांत्रिक नगर बिल्सी के एक मोहल्ला की रहने वाली एक महिला को उसकी 10 साल की बेटी के साथ बहला-फुसलाकर ले गया। महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने महिला और उसकी बेटी की तलाश शुरू की। शुक्रवार की सुबह मां-बेटी को बदायूं बस स्टैंड के पास बरामद कर लिया। जिन्हें मेडीकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा है। साथ ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नगर के एक मोहल्ला की रहने वाली महिला और उसकी 10 साल की बेटी एक तांत्रिक के झांसे में आकर उसके साथ चली गईं। परिवार के लोगों ने दोनों को काफी इधर-उधर तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। 27 मई को तांत्रिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस सक्रिय हो गई। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक राममेहर सिंह ने मां-बेटी को शुक्रवार को बस स्टैंड से बरामद कर लिया।

# प्रेमी के घर पहुंचकर किया हंगामा फिर लापता हो गई प्रेमिका

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार** : थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा युवक की प्रेमिका ने गांव पहुंचकर हंगामा किया। प्रेमिका दो बच्चों की मां है। उसने युवक को अपना पति बताया। जिसके बाद से प्रेमिका लापता है। गांव में चर्चा है कि प्रेमिका की हत्या करके तालाब किनारे शव जला दिया गया। जिसके बाद राख हटाकर सबूत भी मिटा दिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी युवक ने आठ मई को कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से शादी कर ली थी। जिसकी जानकारी युवक की प्रेमिका व दो बच्चों की मां को हुई तो वह 21 मई को युवक के घर पर आ गई थी और धमकाने लगी। युवक को अपना पति बताते हुए हंगामा करने लगी। प्रेमिका ने बताया कि वह नोएडा में युवक के साथ रहती थी। वह युवक को पति मान रखा है। वह युवक के साथ ही रहना चाहती है लेकिन युवक के परिजनों ने उसे साथ रखने से मना कर दिया। प्रेमिका ने डायल 112 पुलिस को सूचना देकर मदद मांगी। जिसके बाद वह थाने गई और युवक की शिकायत की। वहीं युवक के पिता ने भी 22 मई को प्रेमिका के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस फिर से दो-तीन बार गांव गई लेकिन प्रेमिका की समस्या का समाधान नहीं हुआ। युवक की पत्नी को प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला कि वह युवक को छोड़कर मायके चली गई।

गांव में चर्चा है कि युवक ने बीते रविवार रात महिला को मार दिया और रात दो बजे गांव के बाहर तालाब किनारे शव जला दिया। जिसकी राख हटाकर सबूत भी मिटा दिए। जिसके बाद प्रेमिका की किसी को जानकारी नहीं है। कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक वेदपाल सिंह ने बताया कि इस तरह का मामला संज्ञान में नहीं है। हल्का इंचार्ज को जांच के लिए बोला गया है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


गांव के पास तालाब किनारे लगे जले के निशान। ● अमृत विचार

- प्रेमिका ने 21 मई को युवक के घर पहुंचकर किया था हंगामा, बुलाई गई थी डायल 112 पुलिस
- गांव में चर्चा प्रेमिका की हत्या करके तालाब किनारे जला दिया गया था उसका शव

## सार-संक्षेप

### महादेव को प्रिय है बेलपत्र का पौधा, किया पौधारोपण



**बदायूं, अमृत विचार** : अरिहंत वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में नगर के कछला रोड स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर गौरव गुप्ता ने बेल पाती, सहजन का पौधारोपण करते हुए कहा कि भगवान महादेव को बेल का पौधा अत्यंत प्रिय होता है। लोगों द्वारा मंदिर परिसर की साफ सफाई व्यवस्था के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जहां पौधों की कटाई छटाई, प्लास्टिक-पॉल्यूशन आदि प्रदूषित वस्तुओं को मंदिर परिसर से बाहर किया गया। ट्री-मैन प्रशांत जैन ने बताया कि नगर के प्रत्येक मंदिर, कॉलेज, स्कूलों में विशेष रूप से नीम, पीपल, जामुन, बरगद बेलपत्र, सहजन, तुलसी आदि के पौधों का रोपण एक विशेष अभियान के तहत शुरू हो चुका है, जो जुलाई माह के अंतिम सप्ताह तक जारी रहेगा। इस मौके पर विष्णु असावा, अर्चित वार्ष्णेय, केशव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### वन बेहटा में ग्रामीणों ने की ग्राम देवी की पूजा

**बिल्सी, अमृत विचार** : ग्राम वन बेहटा में शुक्रवार को गांव की देवी की विधिवत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गयी। पंडित राधेश्याम शर्मा ने पूजा कराने के बाद ग्रामीणों को प्रसाद बांटा। देवी स्थल पर आज सुबह से ग्रामीणों ने ग्राम देवी की पूजा अर्चना शुरू कर दी। पूजा में पूरे गांव के लोग शामिल हुए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सुख समृद्धि हेतु पूजा अर्चना की जाती है। गांव में किसी तरह की बीमारी न फैले इसकी दुआ की गयी। इसी पूजा के साथ किसान खेती शुरू कर देते हैं। इस मौके पर मुनेश चौहान, विजय शाक्य, संजीव, गजेंद्र शाक्य, अंकित चौहान, वीरेश, इंदल दीपक चौहान, रिंकू कृष्णा, समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### नीति शर्मा को स्वर्ण भारत सम्मान से किया सम्मानित




**सहसवान, अमृत विचार** : मोहल्ला नयागंज की शिक्षिका नीति शर्मा को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्ण भारत सम्मान 2025 देकर सम्मानित किया गया। इंडिया प्राऊड बुक ऑफ़ रिकाड्र्स द्वारा कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में कार्य करने वाली शिक्षिका नीति शर्मा को कत्थक नृत्यांगना के रूप में आचार्य प्रेम महाराज, प्रमुख उद्योगपति शंकर अडानी व इंडिया प्राऊड बुक ऑफ रिकॉड्र्स के संस्थापक की उपस्थिति में स्वर्ण भारत सम्मान 2025 देकर सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार से पहले नीति को कई ख्याति प्राप्त मंचों द्वारा सम्मान दिया गया है जिसमें दिल्ली का कथक केंद्र भी शामिल है, नीति शर्मा एक शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया बलिदान दिवस

**दबतोरी, अमृत विचार** : क्षेत्र के परवेज नगर स्थित शक्ति संयोजन केंद्र ग्राम पंचायत परसिया में सभी बूथ अध्यक्षों के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह एडवोकेट ने कहा कि वह पार्टी के संस्थापक थे। संजीव मिश्रा, भानु प्रकाश सिंह चौहान ने भी पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा पर चर्चा की। लेखराज सिंह उर्फ लेखू इंदल ग्राम सभा अध्यक्ष अतरपुरा रमेश परवेज नगर, राकेश सिंह, दीपक मौर्य, चीकू, अक्षित प्रताप सिंह आदि लोगों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये। ठाकुर किशोर सिंह, सतीश शर्मा व ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

### उसावा में हुई संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक

**उसावां, अमृत विचार** : विकासखंड मुख्यालय उसावां में संचारी रोग अभियान की बैठक आयोजित की गई, खंड विकास अधिकारी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि अभियान को हर स्तर पर सफल बनाना है। बैठक में ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक, स्वास्थ्य विभाग, बीईओ प्रतिनिधि, बाल विकास के सुपरवाइजर और सफाई कर्मी प्रमुख थे। बैठक का संचालन एडीओ पंचायत खालिद अली ने किया। बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संचारी रोगों से बचाव और नियंत्रण के लिए रणनीति बनाना और सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है।

# छत से गिरकर महिला की मौत, बेटी गंभीर घायल

संवाददाता, कुंवरगांव

- गुरुवार रात गांव बल्लिया में छत से गिरी महिला, परिजनों ने दफन किया शव
- परिजनों ने नहीं दी पुलिस को सूचना, तहरीर आई तो पुलिस करेगी कार्रवाई

**अमृत विचार** : छत पर सोने के दौरान लघुशंका के लिए गई महिला छत से जा गिरी। आवाज सुनकर दौड़ी उसकी बेटी भी छत से जमीन पर जा गिरी। हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और शव दफन कर दिया।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बल्लिया निवासी नसरुद्दीन की पत्नी नसीम बानो गुरुवार रात घर की छत पर सोई थीं। आधी रात वह लघुशंका के लिए उठी थीं लेकिन छत पर चाहरदीवारी न होने की वजह से वह छत से गिरीं। गिरने की तेज आवाज होने पर महिला की बेटी कमरजहां उठकर अचानक दौड़ीं तो वह भी छत से जमीन पर जा गिरीं। मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन दौड़कर पहुंचे। घायल मां-बेटी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने नसीम बानो को मृत घोषित कर दिया जबकि कमरजहां का इलाज चल रहा है। परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि छत पर चाहरदीवारी न होने की वजह से नसीम बानो का पैर फिसल गया था। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराए बिना दफन कर दिया। कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक वेदपाल सिंह ने बताया कि घटना के बारे में पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खून टेस्ट कराने को मरीज परेशान, लैब रही बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : बिजली कटौती से मचे हाहाकार के बीच जिला अस्पताल में भी दोपहर में एक घंटे तक बिजली गुल रही। इससे ब्लड टेस्ट कराने को रजिस्ट्रेशन कराने वाले धूप में जमीन पर बैठे रहे। मरीजों ने कहा कि काउंटर बंद है। यहां आकर दुर्गति हो रही है। एक्सरे मशीन भी बंद रही।

- पिछले कई दिन से जिले में बिजली व्यवस्था पूरी तरह फेल है। दो से चार घंटे की कटौती हर दिन हो रही है। इस समय भारी गर्मी और उमस में लोगों का जीना मुश्किल हो गया है ऐसे में भरी दोपहरी में बिजली गुल होना बहुत बड़ी समस्या है।

शुक्रवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ रही। इनमें सबसे अधिक भीड़ ब्लड टेस्ट कराने वालों की थी। ब्लड टेस्ट कराने को मरीज सुबह नौ बजे से लाइन में लग गए। कुछ देर तक ब्लड टेस्ट कराने को रजिस्ट्रेशन किए गए। लेकिन सुबह 11 बजे जिला अस्पताल की बिजली गुल हो गयी। जिससे सभी काम रुक गए। बिजली गुल होने पर पैथोलॉजी लैब के आगे लाइन में लगे मरीज धूप में तपते रहे। कई लोग परेशान होकर वहीं पर बैठ गए । सैकड़ों मरीज रजिस्ट्रेशन कराने को लाइन में लगे थे। बिजली जाते ही मरीजों ने हंगामा किया। बताया गया कि बिजली आने पर रजिस्ट्रेशन किए जाएं।। दोपहर 12 बजे बिजली सप्लाई शुरू हुई। तब मरीजों के रजिस्ट्रेशन शुरू हुए। बिजली गुल होने से वार्ड में भर्ती मरीज गर्मी के चलते परेशान हो गये। गर्मी से बेहाल मरीज वार्ड से बाहर निकल गए। जो बिजली शुरू होने के बाद ही वार्ड में गए।


ब्लड टेस्ट कराने आए मरीज धूप में बैठे हुए। ● अमृत विचार

- बिजली न होने से धूप में जमीन पर बैठे रहे मरीज और तीमारदार
- जिला अस्पताल में बिजली कटौती से मचा हाहाकार,

### जनरेटर नहीं चलाए

बिजली गुल होने के बाद मरीजों ने जनरेटर चला कर एक्सरे करने को कहा तो कर्मचारियों ने साफ मना कर दिया। कहा कि ऊपर से आदेश नहीं है इसलिए जनरेटर नहीं चलेगा। बिजली आने पर ही एक्स रे किए जाएंगे। मरीजों ने कहा कि यहां पर मनमानी की जा रही है जिससे मरीजों को दिक्कत होती है। बिजली गुल होने के बाद कई मरीज वापस लौट गए।

### डाक्टर भी ओपीडी छोड़कर बाहर आए

बिजली गुल होने से ओपीडी में बैठे डॉक्टर भी परेशान हो गए। कई डाक्टर ओपीडी छोड़ कर बाहर चले गए। इसी तरह नेत्र विभाग में एक घंटे तक अंधकार बना रहा। बिजली न होने से गर्मी में मरीजों और स्टाफ का बुरा हाल हो गया। नेत्र विभाग में मरीज दो कमरों में रहते हैं। एक में डाक्टर मरीजों को देखते हैं जबकि दूसरे में आंखें चेक की जाती है इसलिए दोनों कमरों में भीड़ के कारण स्टाफ भी परेशान रहा।

# टीके लगाने के नाम पर हो रही अवैध वसूली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पशु चिकित्सक ने ग्राम प्रधानों को किया सचेत, करें कार्यवाही
- टीकाकरण के नाम पर दस दस रूपए की वसूली, लोगों में रोष

**अमृत विचार** : जनपद में बारिश से पहले पशुओं का गलघोटू बीमारी रोकने को निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। लेकिन कुछ लोग पशु टीकाकरण के नाम पर पशुपालकों से अवैध रूप से धन उगाही कर रहे हैं। पशुपालन विभाग ने ग्राम प्रधानों को सचेत किया है कि इस तरह उगाही करने वालों के नाम सूचीबद्ध करें उनकी पुलिस को सूचना दें ।

पशुपालन विभाग को करीब साढ़े नौ लाख पशुओं का टीकाकरण करने का लक्ष्य दिया गया है। उक्त लक्ष्य हासिल करने को प्रत्येक राजकीय पशु चिकित्सालय अपने ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में पशु टीकाकरण कर रहा है। गलघोटू बीमारी से बचाने को निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। अभी तक लगभग 40 प्रतिशत टीकाकरण कर लिया गया है।

सलारपुर ब्लॉक के पशु चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव कुमार भुइयार ने शुक्रवार को बताया कि पशुपालन विभाग गलघोटू बीमारी रोकने को निशुल्क टीकाकरण कर रहा है। लेकिन कुछ लोग गांवों में पशुओं के टीकाकरण करने के नाम पर दस दस रूपए वसूल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों गांव बल्लिया में पहुंचे दो युवकों ने गलघोटू बीमारी से बचाव को पशुओं को टीके लगने शुरू कर दिए। ग्रामीणों को बहका कर उनके पशुओं को टीके लगा दिए बाद में दस दस रूपए प्रति पशु के हिसाब से वसूल किए। करीब दर्जन भर किसानों ने अपने पशुओं के टीके लगवाए।

कुछ लोगों ने जब उन युवकों से पूछताछ की तो वह लोग इधर उधर की बातें बनाने लगे और गांव से खिसक गए। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पशु चिकित्सक को दी। कुछ अन्य गांवों से भी इस तरह की सूचनाएं मिली हैं। टीकाकरण के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। ब्लॉग जगत के गांव खिरिया में एक सप्ताह पूर्व पशुओं को टीके लगाए गए। पशुपालकों से दस दस रुपए वसूले गए। इसकी सूचना भी ब्लॉक जगत पर पशु चिकित्सक को दी गयी।

### 400 पशुओं का टीकाकरण किया

शुक्रवार को सलारपुर ब्लाक के ग्राम मोगर में करीब साढ़े चार सौ पशुओं का टीकाकरण किया गया। दुधारू पशुओं को भी टीके लगाए गए। जो भैंस गाभिन हैं उसको टीके नहीं लगाए गए है। कई पशुशालाओं में गौवंश का टीकाकरण किया गया। 31 जुलाई तक टीकाकरण जारी रहेगा।

### बाहरी लोग पानी का इंजेक्शन लगाते

गलघोटू बीमारी रोकने को लगाया जाने वाला टीका केवल पशुपालन विभाग के पास ही होता है। वह बाजार में कहीं नहीं मिलता है। धोखा धड़ी करने वाले लोग इंजेक्शन में पानी भर कर पशुओं को लगाते हैं और दस रूपए वसूल लेते हैं। इसकी शिकायत पशुपालन विभाग से की गयी है।

> पशुपालन विभाग द्वारा जो इंजेक्शन पशुओं को लगाया जाता है वह शासन से सीधे विभाग को आता है। उसकी पहुंच बाजार में नही होती है इसलिए उक्त टीका कहीं अन्य मिलता ही नहीं है। यह वैक्सीन बेहद सुरक्षित है। गांव गांव घूमने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। - डा. संजीव भुइयार - पशु चिकित्सक

# पूर्व चेयरमैन और बेटे समेत चार के खिलाफ गैर जमानती वारंटी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोर्ट के आदेश के बाद भी हाजिर नहीं हुए थे आरोपी

**अमृत विचार** : नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल और उनके बेटे समेत चार लोगों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। चारों को सात जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में माल गोदाम रोड निवासी शशांक गुप्ता एड एजेंसी चलाते हैं। वह नगर पालिका, नगर पंचायत आदि में योजना के प्रचार के ठेका भी लेते हैं। उन्होंने चेयरमैन दीपमाला गोयल के कार्यकाल में भी नगर पालिका का प्रचार किया था। जिसमें लाखों रुपये खर्च किए थे। चेयरमैन और उनके बेटे अमन गोयल भुगतान करने का आश्वासन देते रहे। आरोप है कि नगर पालिका का चुनाव हारने के बाद चेयरमैन और उनके बेटे ने रुपये मांगने पर धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि शशांक को बंधक बनाकर भी पीटा और उत्पीड़न किया। पुलिस ने सत्ता पक्ष की वजह से पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित शशांक ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने चेयरमैन, उनके बेटे, संजय पाठक, रजत गुप्ता को तलब किया लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। जिसके चलते कोर्ट ने गैर जमानी वारंट जारी किया है।

# बुजुर्ग की मौत, बड़े भाई पर हत्या करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी बाबूराम की गुरुवार को हुई थी मौत

**अमृत विचार** : इलाज के दौरान एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बड़े भाई ने छोटे भाई पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी बाबूराम (70) की शादी नहीं हुई थी। वह अपने छोटे भाई महावीर के साथ रहते थे। भाई घर पर ही खाते-पीते थे। गुरुवार को बाबूराम की मौत हो गई। बाबूराम के बड़े भाई लंकुश ने महावीर पर हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां महावीर के परिजनों ने बताया कि बाबूराम ने अपने हिस्से की जमीन महावीर की पत्नी के नाम कर दी थी। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि बुजुर्ग की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# चार बच्चों की मां से हुआ इश्क तो घर में घुसा युवक, परिजनों ने पीटा

संवाददाता, ओरछी


**अमृत विचार** : इश्क में अंधे युवक चार बच्चों की मां से मिलने देर रात उसके घर पहुंच गया। वहां महिला के परिजनों ने उसे देख लिया तो उसकी धुनाई कर डाली और घर में बंद कर दिया। महिला का पति रिश्तेदारी में गया था। पुलिस ने आरोपी युवक पकड़ लिया है।

मामला थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव का है। चार बच्चों की मां को पड़ोस में रहने वाले 20 साल के युवक से इश्क हो गया। वह महिला से मिलने के लिए रात में उसके घर पहुंच गया। रात में युवक की आवाज सुनकर परिजन जाग गए। उन्होंने उसे पकड़ लिया और धुनाई कर डाली। शुक्रवार सुबह डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे ले जाने लगी तो महिला के परिजन मना कर दिया। दो घंटे तक पुलिस और महिला के परिजनों में बहस होती रही। इसी दौरान ग्रामीणों ने महिला के परिजनों को समझाकर दरवाजा खुलवा दिया। पुलिस युवक को साथ ले गई।


गांव में ग्रामीणों से बात करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- एक गांव निवासी महिला का पड़ोस में रहने वाले युवक से चल रहा था प्रेम प्रसंग


## गुमशुदा



सभी को सूचित किया जाता है कि विपत गिरि गोस्वामी 60 वर्ष पुत्र बाबू गिरि गोस्वामी निवासी मोहल्ला पठान दो, पलियाकलां, खीरी, उ.प्र. दिनांक 31.01.2012 प्रात: 08:00 बजे घर से कहीं निकलकर गुमशुदा हो गये हैं। उनका कद 5 फिट 7 इंच रंग सांवला है और सीधे हाथ में फालिज का असर है। सूचनार्थ- राजेश गिरि गोस्वामी पुत्र विपत गिरि गोस्वामी मो. 8737098951

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना

मैं अरुण कुमार रस्तोगी पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर दयाल रस्तोगी निवासी मोहल्ला बहादुर नगर थाना कोतवाली जिला खीरी अपने पुत्र प्रिंस रस्तोगी उर्फ गोलू व उसकी पत्नी दीपिका रस्तोगी को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वयं उत्तरदाई होंगे।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र रिंकू उर्फ सतेन्द्र सिंह को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **विजयपाल सिंह पुत्र श्री मुंशी सिंह निवासी ग्रा. ओंघ तह. मीरगंज, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन–संपत्ति से उसका घर भरा–पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश–मान–सम्मान पाता है।


संपादकीय

## महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा है। जिसके तहत हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन में है। भारतीय दल की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और 9 जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त पारस्परिक शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

गौरतलब है कि दोनों देश एक बड़े व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें भारत के लिए अमेरिकी बाजार में और अधिक पहुंच की उम्मीद है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल-विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। 2030 तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए अगले पांच साल में 250 से 270 अरब डॉलर के अतिरिक्त व्यापार की आवश्यकता होगी। अगर दोनों देशों को ये लक्ष्य पाना है तो विशिष्ट क्षेत्रों के लिए एक स्पष्ट नीति तैयार करनी होगी। दोनों देशों को एक दूसरे की चिंताओं को दूर करने और एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# अग्निशमन हेतु स्पेस टेक्नोलॉजीज का व्यावसायीकरण जरूरी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

दिल्ली के रिठाला गांव में एक तंग गली के चार मंजिला मकान में प्लास्टिक प्रोसेसिंग फैक्ट्री में गत बुधवार शाम भयानक आग धधकने से चार लोग ज़िंदा जल गए। इस घर में फायर सेफ्टी के लिए कोई इंतजाम नहीं थे। हिंदुस्तान में गैर वाजिब तरीके से लाखों कार्य-स्थलों पर इंडस्ट्रियल वर्क्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हैं जिन्हें अनाधिकारिक तरीके से स्थापित किया और चालू रखा जाता है। म्युनिसिपल कमेटियों और कारपोरेशन के अधीन काम करने वाले अग्निशमन विभाग किसी रिहायशी या इंडस्ट्रियल एरिया में एक्सपर्ट्स को भेजकर सर्वेक्षण रिपोर्ट्स कभी तैयार नहीं करवातीं। कैसे करें? स्टाफ और इक्विपमेंट ही पूरा नहीं है।

बरसों पहले नयी दिल्ली में कनाट प्लेस के निकट बाराखंबा मार्ग पर एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग को मैंने खुद देखा था। कुछेक लोग आग की तीव्रता से बचने के लिए खिड़कियों में खड़े हो गए थे और बचाव के लिए हड़बड़ी में आठवीं मंजिल से नीचे कूद गए या संलग्न भवन की दूसरी खिड़की पर पाइप लगाकर बन्दर की तरह उसे पकड़ कर दूसरी ओर जाने के प्रयास में हाथ छूटने से नीचे गिर कर मर गए थे। दिल्ली का कनाट प्लेस स्थित फायर स्टेशन हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने पर बचाव कार्य के लिए मैनपावर और तकनीकी तौर से क्षमतावान है, लेकिन गुड़गांव की सैंकड़ों की संख्या में बनाई गई बहुमंजिला इमारतें ज्यादातर मामलों को लेकर असुरक्षित है। भारत के अन्य महानगरों को छोड़िए, नोएडा व मयूर विहारजैसे उभरे इलाकों में भी 10-12 मंजिल ऊंची इमारतों में आग लगने के बाद स्थानीय म्युनिसिपल कारपोरेशन बचाव के लिए उन्नत और सक्षम टेक्नोलॉजी और इक्विपमेंट के मामले में ज्यादातर कमज़ोर है।

हम अभी तक फायर रिटार्डेंट्स और फ्लेम एक्स्टिंग्विशर के लिए परंपरागत तरीके ही इस्तेमाल करते हैं हालांकि मेट्रो कोच और वायुयानों में अंदरूनी पेंट करने से पहले इसमें अग्निशामक रेजिन मिलाया जाता है। कुछ भवनों में अंदरूनी वाल फिटिंग्स और फर्नीचर पेंट के लिए भी इसका इस्तेमाल अब हो रहा है। लेकिन बड़ी आग को बुझाने के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की सिफारिशों के अनुसार ही रसायन युक्त घोल का इस्तेमाल करना उचित है।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है।

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अग्निशमन कारकों के मानक ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की साईट पर उपलब्ध हैं। लेकिन कोई तब भी नहीं देखता कि जिस भवन में वह रहता है वहां कैसे आग्नेय पदार्थ हैं और आग लगने पर इनके शमन के लिए उचित प्रकार का मानक अग्निशामक उपलब्ध है या नहीं।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 14 दिन बिताने और कुछ तजुर्बे करने के लिए भारत की ओर से शुभांशु शुक्ला ने फाल्कन राकेट में लगे एक्सिओम स्पेस कैप्सूल में बैठ कर गत बुधवार की आधी रात के कुछ मिनट बाद उड़ान भरी और वे आईएसएस से अपने यान को जोड़ने के बाद अंदर प्रवेश करेंगे। आईएसएस की स्थापना से पहले इसके डिजाइन में यह ध्यान रखा जाता है कि किसी भी समय, किसी कारण से या अंदरूनी इलेक्ट्रिकल सिस्टम के खराब या शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाएगी तो कैसे इसे कंट्रोल करेंगे और आग से हुई क्षति के बाद किस पद्धति अर्थात स्टैंडर्ट ऑपरेटिंग प्रोसीजर से सफाई करेंगे। अंत में बीस साल पहले उपलब्ध टेक्नोलॉजी के ज्ञान के अनुसार जितना संभव हुआ उतना उन्नत एक एनवायरनमेंट कंट्रोल एंड लाइफ सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया जो पूरी तरह से आटोमेटिक, लेकिन मैन्युअली कंट्रोल्ड भी है।

पृथ्वी के निकट की कक्षा या लो-अर्थ ऑर्बिट या एलईओ में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बीस वर्षों की निरंतर मानवीय उपस्थिति की वजह से इसमें स्थापित की गई ईसीएलएसएस अथवा स्थायी पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली में निरंतर सुधार किया गया है, जो बाहरी अंतरिक्ष के खतरनाक वातावरण में जीवित रहने के लिए आवश्यक सभी तत्वों को कवर करता है। आईएसएस में कार्बन डाइऑक्साइड से ऑक्सीजन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम (एआरएस) की दक्षता किसी भी मिशन की अवधि के लिए एक थ्रेशहोल्ड या ऊपरी सीमा निर्धारित करती है। एआरएस द्वारा प्रदत्त समय सीमा से अधिक अवधि तक मिशन चलाने के कारण खतरे की नियति से बचना असंभव है। अंतरिक्ष यान में ऑक्सीजन की मात्रा एक निश्चित स्तर से नीचे गिर जाती है, तो चालक दल जीवित नहीं रह सकता है। खतरा केवल निगरानी उपकरण के स्वचालन या ऑटोमोटिव सिस्टम की तकनीकी खराबी या स्थायी विफलता के कारण उत्पन्न होता है। नतीजतन, एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम को प्रमाणित दक्षता के साथ डिज़ाइन किया जाता है और मिशन की योजना उसी के अनुसार बनाई जाती रही है। सही परिरक्षण प्रौद्योगिकियों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप ताप स्रोतों, ऑक्सीजन और ईंधन की उपस्थिति में, अंतरिक्ष यान या जमीन पर आग लगने का जोखिम निश्चित है, और अगर रोकथाम की अनदेखी की जाती है, तो आग लग जाएगी।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है। उक्त परिदृश्य में भारत द्वारा खुद के स्पेस स्टेशन के डिजाईन में सभी बातों का ध्यान रखा जाएगा और हो सकता है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन के स्पेस स्टेशन से उन्नत टेक्नोलॉजी हम इसमें लगा पाएं। स्पेस टेक्नोलॉजीज में निरंतर सुधार और उन्नत प्रणालियों के विकास से ऐसा संभव है।

अगर स्पेस स्टेशनों में आग लगने से बचने और अग्नि लगने के बाद इसके त्वरित रूप से फैलने से रोके जाने की नियंत्रण प्रणालियों का विकास संभव है तो इन्हें सिविलियन इस्तेमाल के लिए व्यावसायिक तरीके से बाज़ार में उपलब्ध करवाने की तत्परता क्यों नहीं दिखाई जाती? इस समय मार्किट में जो भी फायर अलार्म या आग बुझाने की ऑटोमैटिक प्रणालियां उपलब्ध हैं वे खर्चीली हैं और सालभर की अवधि में कम से कम दो बार परिरक्षण या मेंटेनेंस की मांग करती हैं। इसे केवल सरकार के बड़े और महत्वपूर्ण दफ्तर, सिक्योर वॉल्ट्स, पानी के अन्दर या जमीन पर चलाने वाले और हवा में उड़ने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स या अत्यंत ऊंचे स्तर की सुरक्षा की मांग करने वाले स्थल या एन्क्लोजर्स जैसे कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों या डिफेन्स कार्रवाई के संचालन के लिए बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल रूम्स और गलियारे हों, या फिर बहुत जोखिम वाली इंडस्ट्रीज और धनाढ्य वर्ग अथवा हाई राइज बिल्डिंग्स बनाने वाले ही इन्हें इस्तेमाल करने के लिए भारी खर्च वहन करने में सक्षम हैं। यह देख कर ताज्जुब होता है कि सोलर पॉवर लगाने के लिए सरकार बहुत सब्सिडी देती है, लेकिन जोखिम वाले उद्योगों के लिए एक प्रभावी और कारगर फायर फाइटिंग सिस्टम इंस्टाल करने के लिए उन्नत तकनीकों के लिए एक पैसा भी सब्सिडी के तौर से दिए जाने की सोच मौजूद नहीं है। हमने स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी टेक्नोलॉजिकल मार्वेल्स को तो बना दिया लेकिन धरती पर जहां उन्नत टेक्नोलॉजी की करोड़ों इंडस्ट्रियल यूनिट्स में उन्नत अग्निशमन यंत्र प्रणालियों और गैजेट्स की जरूरत है, उसके बारे में नहीं सोचा। अंतरिक्ष की तरफ सर उठाकर देखने के बाद हमें पृथ्वी पर मानव सुरक्षा को भी देखने की जरूरत है।

प्रसंगवश

## इतनी चर्चा में क्यों हैं जोहरान ममदानी

मंगलवार के दिन न्यूयॉर्क सिटी के मेयर के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' हुई थी। प्राइमरी अमरीकी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। भारत में किसी चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुनता है। अमेरिका में नहीं। वहां पार्टी के स्थानीय सदस्य मतदान कर अपने उम्मीदवार को चुनते हैं। मंगलवार को हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ज़ोहरान ममदानी विजयी रहे। यानी न्यू यॉर्क के मेयर के चुनाव में ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहेंगे।

महत्वपूर्ण चुनाव है। वित्तीय वर्ष 2025 का न्यूयॉर्क सिटी का बजट 111.62 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.15 लाख करोड़ रुपये का है; तुलना के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का महाराष्ट्र का बजट 7 लाख करोड़ से कुछ अधिक का है। अमेरिकन शहरों की पुलिस भी वहां के मेयर के अधीन काम करती है, और ममदानी ने घोषणा कर रखी है कि यदि वे मेयर बने और इज़राइल के बेन्यामिन नेतन्याहू उनके कार्यकाल में न्यूयॉर्क आए तो वे नेतन्याहू को गिरफ्तार कर लेंगे। वे इतने भारत विरोधी हैं कि कांग्रेस के अभिषेक मनु संघवी ने भी कहा है कि जिस दिन ममदानी भारत पर बोलते हैं उस दिन पाकिस्तान के पीआर विभाग को छुट्टी ले लेनी चाहिए। ज़ोहरान ममदानी भारतीय मूल के हैं। उनके पिता महमूद ममदानी का जन्म मुंबई में हुआ था। उनकी माता विख्यात फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं, जिनका जन्म राउरकेला में हुआ था, जहां मीरा के पिता एक आईएएस अधिकारी थे। ज़ोहरान के पिता गुजराती मुसलमान हैं और माता पंजाबी हिन्दू परिवार से आती हैं। ज़ोहरान अभी न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य हैं। प्राइमरी में उनका मुकाबला एंड्रू क्वोमो के साथ था जो हाल तक न्यूयॉर्क स्टेट के गवर्नर रहे थे। क्वोमो कुछ बेआबरू होकर महफ़िल से निकले हैं। उनके ऊपर सेक्सुअल मिसकंडक्ट के अनेक आरोप लगे, कुछ स्थापित भी हुए। मजे की बात है कि न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स ने गवर्नर क्वोमो के ऊपर लगे आरोपों की पूरी जांच कराई थी। औपचारिक रूप में प्राइमरी के नतीजे शायद पहली जुलाई को घोषित हों किन्तु मंगलवार के ही दिन क्वोमो ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली थी। न्यूयॉर्क के वर्तमान मेयर एरिक एडम्स ने प्राइमरी में भाग नहीं लिया था। उन्होंने अप्रैल में ही घोषणा कर दी थी कि अगला चुनाव वे बतौर एक स्वतंत्र उम्मीदवार लड़ेंगे। मंगलवार के ही दिन हुए रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में कर्टिस स्लीवा विजयी रहे। नवम्बर में हो रहे मेयर के चुनाव में तिकोनिया संघर्ष देखने को मिलेगा - रिपब्लिकन स्लीवा, डेमोक्रैट ममदानी और स्वतंत्र एरिक एडम्स। न्यूयॉर्क शहर डेमोक्रैट गढ़ माना जाता है। बीसवीं सदी की शुरुआत से आज तक यानी पिछले 125 वर्षों में बस 36 वर्ष न्यूयॉर्क के मेयर रिपब्लिकन रहे हैं। दो तीन बार स्वतंत्र मेयर भी रहे हैं यानी जो किसी दल से संबद्ध नहीं थे। ममदानी फिलिस्तीनों के पक्षधर हैं और नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात करते हैं फिर भी प्राइमरी जीत गए इससे विश्लेषकों को पूरा विश्वास हो गया है कि न्यूयॉर्क में (शायद पूरे यूएसए में) यहूदी दो खेमों में बंट चुके हैं, एक इज़राएल के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और दूसरा नहीं। अमरीकी चुनावों में बहुत पैसे खर्च होते हैं। कितने डेमोक्रैट धनकुबेर ममदानी के साथ रहेंगे यह स्पष्ट नहीं है। एक डेमोक्रैट वित्तपोषक, हेज फण्ड मैनेजर, अरबपति बिल ऐकमैन स्वतंत्र उम्मीदवार एरिक एडम्स के साथ हैं। ममदानी लोकप्रिय हैं। उनका मुद्दा शहर को 'अफोर्डेबल' बनाना है। वे कहते हैं, आज कोई पांच लाख बच्चे न्यूयॉर्क में भूखे सोते हैं। वे शहर की सरकार द्वारा संचालित खाने पीने के सामान बेचने वाली दुकानों की योजना ला रहे हैं। घरों के किराए वे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं और अगले तीन वर्षों में दो लाख 'अफोर्डेबल' घर बनाना चाहते हैं। (मेयर का कार्यकाल चार वर्षों का होता है।) वे पांच साल तक के बच्चों के लिए 'यूनिवर्सल चाइल्डकेयर' का प्रस्ताव ला रहे हैं और सरकारी कॉलेजों में ट्यूशन फी माफ़ करना चाहते हैं। यदि भारत से तुलना की जाए तो उनकी योजनाएं आप पार्टी की याद दिलाती है। कुछ वर्षों से एक यहूदी विरोधी नारा, "ग्लोबलाइज़ द इन्तिफ़ादा", अमेरिका में सुना जा रहा है। ममदानी भी इससे संबद्ध बताए जाते हैं और पूछने पर भी उन्होने अपने को इस नारे से विलग नहीं बताया। चुनाव महत्वपूर्ण है और तैंतीस वर्ष के ममदानी के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

# एससीओ के मंच से भारत का सख्त संदेश



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

चीन में आयोजित संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन में भारत ने कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरुरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है। मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान दोनों को सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। याद होगा वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरुरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उलंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

फिलहाल चीन एससीओ की मेजबानी से बहुत उत्साहित है। लेकिन जिस तरह भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है उससे चीन-पाकिस्तान दोनों के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष में जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतर्राष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा।

गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है ऐसे में उम्मीद किया जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रुस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

सोशल फोरम

## शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अपनी टीम (क्रू) के साथ पहुंच गए हैं। 41 वर्षों बाद भारत को यह गौरव मिला है जब राकेश शर्मा के बाद एक और अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तिरंगा फहराया है। मगर इसरो को इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी है। 548 करोड़ उड़ान प्रायोजक एक्सिओम स्पेस को देना पड़ा है। यह एक साझा कार्यक्रम (नासा, इसरो, स्पेस एक्स, एक्जियम सम्मिलित) होने के बावजूद एक व्यावसायिक उड़ान है।

विचारणीय यह है कि इतनी भारी राशि भारत को मात्र एक अंतरिक्ष यात्री के प्रशिक्षण पर खर्च करना क्या उचित था? हमारे पड़ोसी चीन ने धेला भर किसी को नहीं दिया और अपना समानान्तर अंतरिक्ष स्टेशन टियागांग स्थापित ही नहीं किया बल्कि वहां नियमित अंतरिक्ष यात्रियों की आवाजाही होती है।

भारत भी ऐसा कर सकता था मगर हम इस क्षेत्र में अपेक्षानुसार बढ़त नहीं बना पाए। हालांकि आश्चर्यजनक रुप से हमने मंगल तक गैर मानव यात्रा अत्यल्प बजट में करके एक कीर्तिमान बना दिया। मगर समानव अंतरिक्ष यात्रा की तैयारी में पिछड़ते गए। आज वैश्विक शक्तियों के लिए अंतरिक्ष मे आवागमन एक आम बात हो गई है। अमेरिका की ब्लू ओरिजिन जैसी कई निजी व्यावसायिक कंपनियों ने अंतरिक्ष में मौज मस्ती के लुभावने प्रस्ताव शुरु कर दिए हैं। अगले वर्ष भारत का गगनयान अंतरिक्ष यान उड़ने वाला है। जाहिर है शुभांशु शुक्ला को उसी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब वैश्विक प्राथमिकता केवल अंतरिक्ष भ्रमण की ही नहीं है। अमेरिका रुस और चीन मंगल और चांद तक की समानव यात्राओं की तैयारी में जुटे हैं। एलॉन मस्क एलान कर चुके हैं कि अगले कुछ वर्षों में वे मंगल पर समानव आरोहण के साथ ही बस्तियां बनाएंगे।

आज पूरे भारत में सुखानुभूति की लहर है। संवेदना और भारतीयता के आधार पर यह ठीक है मगर भारत को अपने समानव अंतरिक्ष यात्रा को अपने दम पर नियोजित करने के लिए कमर कसना होगा अन्यथा 'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

–फेसबुक वॉल से

# असंभव प्रतीत होता है जलवायु परिवर्तन को रोक पाना



तनवीर जाफरी
स्तंभकार

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है।

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिए स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गई थी। इसी तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अपरन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़िर अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इस पर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं। विकासशील देश नित नये उद्योग, वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनाएं? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इस्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गए? इन परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग व इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोक पाना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### प्रेमी पर ब्लैकमेलिंग कर रेप का आरोप

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती गांव निवासी एक विवाहिता ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका गांव के ही साजिद नाम के युवक के साथ सात साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ बलात्कार किया। मां-बाप को पता चला तो उन्होंने ऑनर किलिंग की धमकी देते हुए उसकी शादी कोतवाली क्षेत्र के ही एक युवक से कर दी। शादी के बाद प्रेमी साजिद उसकी ससुराल में पहुंचा जहां वह उसे साथ जाने का दवाब बनाता रहा। वह मायके आई तो साजिद उसे होटल में ले गया और जबरन बलात्कार किया। अब वह उसके साथ जाने से मना कर रही है तो आरोपी उसके अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ई रिक्शा पलटा, दबकर आम विक्रेता घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा डिलारी मार्ग पर ई रिक्शा पलटने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव किशनपुर गांधी निवासी लाला(45) थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा से ई-रिक्शा में आम की पत्तियां भरकर गांव जा रहा था तभी रास्ते में तेज रफ्तार ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गई। जिसमें आम विक्रेता ई रिक्शा के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### प्रधान को ब्लैकमेल कर रहा यूट्यूबर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रूपपुर टंडोला गांव के ग्राम प्रधान लेखराज सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एक व्यक्ति खुद को यूटयूबर बताकर उन्हें झूठे वीडियो बनाकर बदनाम करने की धमकी दे रहा है। साथ ही 10,000 रुपये रंगदारी मांग रहा है। प्रधान ने आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्ति पहले से ही रंगदारी के मामले में आरोपी है। महिलाओं से जुड़े झूठे वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दे रहा है। प्रधान ने कोतवाली पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### बस से टकराई डॉक्टर की कार, दो घायल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर सीएनजी पंप के पास गुरुवार देर रात ठाकुरद्वारा सीएचसी के डॉ. जुनेद आलम की कार में दिल्ली की ओर से आ रही डबल डेकर बस ने टक्कर मार दी। जिसमें डॉक्टर व चालक अरशद घायल हो गए। हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

## अब अलीपुर कला में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गांव अलीपुर कला में घर के बाहर तेंदुआ दिखने से हड़कंप मच गया। तेंदुए का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। ग्रामीणों में दहशत है।

नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव अलीपुर कला के बाहरी छोर पर बब्लू पुत्र जमील का घर है। गुरुवार की देर रात करीब 11 बजे तेंदुआ घर के बाहर आ गया। दहाड़ने की आवाज सुनकर परिवार के लोग बाहर आए तो तेंदुआ देखकर उनके होश उड़ गए। घर में मौजूद बच्चों ने तेंदुए की वीडियो बना ली और वायरल कर दिया। बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। फिलहाल वन विभाग को सूचना दी है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ आए दिन दिखाई दे रहा है लेकिन वन विभाग ने अभी तक पिंजरा नहीं लगाया है।

जिले में तेंदुआ लोगों पर आए दिन हमले कर रहा है। नौगांवा, देहात व रजबपुर थाना क्षेत्र में हाल ही में घटनाएं सामने आई हैं। इसके अलावा तेंदुए ने कई मवेशियों को अपना निवाला बनाया है। वन विभाग की लापरवाही के चलते तेंदुआ नहीं पकडे.जा रहे हैं। थाना नौगांवा सादात क्षेत्र में गांव कुतुबपुर हमीदपुर में सात जून को खेत से टमाटर तोड़ रहे किसान डालचंद सिंह पर तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया।

### गर्मी और बारिश के कारण पत्ता गोभी, पालक समेत अन्य सब्जियों की आवक कम

## महंगाई की मार से आम आदमी की थाली से गायब हो रही हरी सब्जी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी और बारिश के कारण हरी सब्जियों की आवक कम हो गई है। इसके चलते हरी सब्जियों के साथ-साथ अन्य सब्जियों के भाव भी बढ़ गए हैं। सब्जियों के मूल्य बढ़ने के कारण कई सब्जियां आम आदमी की थाली से गायब होती जा रही हैं। वहीं, धनिया के भाव भी आसमान छू रहे हैं। कई मौसमी सब्जियां भी बाहर से आ रही हैं, जिसके चलते उनके रेट में भी अंतर आया है।

डेलापीर सब्जी मंडी में हर दिन सब्जियों के भाव अलग-अलग रहते हैं। शिमला मिर्च की आवक कम होने के कारण बृहस्पतिवार को इसके दाम आसमान छूने लगे। मंडी में जैसे ही शिमला मिर्च पहुंची वैसे ही व्यापारियों में छीना झपटी मच गई। शिमला मिर्च बृहस्पतिवार को थोक में 60 रुपये किलोग्राम तक बिकी। आवक बढ़ने के साथ ही शुक्रवार को इसकी कीमत में गिरावट आ गई। शुक्रवार को शिमला मिर्च का थोक भाव 40 रुपये प्रति किलोग्राम तक रहा। इसी तरह अन्य सब्जियों के मूल्य में भी उछाल आया। हरी धनिया 150 रुपये प्रति किलो तक बिकी। ऐसे में शौकीन लोगों को चटनी भी खाना दूभर हो रहा है। मंडी में सब्जी खरीदने पहुंचे कटरा चांद खां के रहीस हसन ने बताया कि एक माह पूर्व वह 200-250 रुपये की सब्जी तीन चार दिन के लिए ले जाते थे, लेकिन अब इतनी रकम से दो दिन की सब्जी भी कम पड़ रही है। सब्जी विक्रेता हरिशंकर ने बताया कि गर्मी और बारिश के कारण हरी सब्जियां जल्दी खराब हो जाती हैं। अन्य प्रांतों से बरेली तक पहुंचने में हरी सब्जियां खराब होने लगती हैं। ऐसे में इनको छांटना पड़ता है और किराया भी उसी में जोड़ा जाता है। जिस वजह से हरी सब्जियां महंगी हुईं हैं। वहीं सब्जी विक्रेता अरहान लईक ने बताया कि शिमला मिर्च के भाव शेयर मार्केट की तरह हो गए हैं। एक दिन भाव आसमान छूने लगता है तो दूसरे दिन कम हो जाता है। शिमला मिर्च सहारनपुर से आती है। यहां तक पहुंचते पहुंचते करीब 10 प्रतिशत दागी हो जाती है, इसलिए उसे छांटना पड़ता है, जिससे वह महंगी बिकती है।

### अन्य प्रांतों से आ रहा कटहल, प्याज और पत्ता गोभी

बारिश के चलते कई सब्जियां मंडी में दिखाई नहीं दे रही हैं। भीषण गर्मी के चलते मंडी में मेथी का साग आना तो बिल्कुल बंद हो गया है। वहीं कटहल भी मद्रास से मंगाना पड़ रहा है। फूल गोभी और पत्ता गोभी मध्यप्रदेश से आ रही है। इसके अलावा शिमला मिर्च सहारनपुर से आ रही है।

### सब्जियों के भाव प्रति किलो

| सब्जी | थोक | फुटकर |
|---|---|---|
| कटहल | 15 रुपये | 30 रुपये |
| आलू हल्द्वानी | 20 रुपये | 40 रुपये |
| आलू पुराना | 13 रुपये | 20 रुपये |
| पत्तागोभी | 20 रुपये | 40 रुपये |
| पालक | 20 रुपये | 30 रुपये |
| शिमला मिर्च | 40 रुपये | 60 रुपये |
| गोभी | 32 रुपये | 60 रुपये |
| हरी मिर्च | 40 रुपये | 55 रुपये |
| हरा धनिया | 120 रुपये | 150 रुपये |
| चौड़ाई | 12 रुपये | 20 रुपये |
| टमाटर | 25 रुपये | 40 रुपये |
| बींस | 70 रुपये | 100 रुपये |
| लुभिया | 40 रुपये- | 60 रुपये |

## टॉवर लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

### पुलिस और एसओजी की टीम ने की कार्रवाई, खुद को अफसर बताने वाला आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोगों को फोन कर खुद को बीएसएनएल कंपनी का अधिकारी बता कर टॉवर लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का एसओजी और बारादरी पुलिस ने पर्दाफाश किया है। टीम ने जगतपुर क्षेत्र से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तड़के एसओजी प्रभारी सुनील कुमार शर्मा को जानकारी मिली कि फर्जी टॉवर लगाने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह के लोग बारादरी क्षेत्र में सक्रिय हैं। इस पर एसओजी और बारादरी क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद कुमार की संयुक्त टीम सक्रिय हुई। टीम ने जगतपुर स्थित 99 बीघा खाली पड़े मैदान के पास सम्राट अशोक नगर जाने वाले रास्ते से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

सीओ के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना बीसलपुर पीलीभीत निवासी इरफान, थाना कटरा शाहजहांपुर के रजित उर्फ रजत, फईम, लखीमपुर खीरी के वाजिद, आसिक अली और साकिर अली के रूप में हुई है, जबकि गिरोह में शामिल तहसीन मौके से फरार होने में सफल रहा। इसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। सभी को जेल भेजा। उनके कब्जे से पांच लैपटॉप, एक टैबलेट, दो प्रिन्टर व स्कैनर, छह मल्टीमीडिया मोबाइल, छह की-पैड मोबाइल, पांच सिम कार्ड, तीन डायरी, 155 लोगों की सूची, एक कार और दो बाइक बरामद हुई है।



गिरफ्तार आरोपियों के बारे में जानकारी देते सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव।

- आरोपियों से पांच लैपटॉप और एक टैबलेट बरामद
- सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर भेजा गया जेल

### होटल में कमरा लेकर जीते थे लग्जरी जीवन

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सभी लोग अलग-अलग होटलों में कमरा लेकर रहते थे। मौजूदा समय में मैक्स रिहाब हेल्थ केयर राजेन्द्र नगर के ऊपर कमरा लेकर रह रहे थे। सभी लोग इस कमरे में रहकर बीएसएनएल का टॉवर खेत व मकानों में लगाने के नाम पर भोले-भाले लोगों को फंसाकर फर्जी कागजात भेजकर ठगी करते थे। जो सभी लोग आपस मे बांट लेते थे। फरार साथी तहसीन बीएसएनएल का अधिकारी बनकर बात करता था।

### खेतों और मकानों में सर्वे के लिए जाती थी फर्जी टीम

आरोपियों ने बताया कि जो भी उनके झांसे में आ जाता था। उसके यहां टॉवर लगाने की बातचीत हो जाती थी। इसके बाद वहां जाकर टीम उनके खेत या मकान का सर्वे करती थी। उन्हे विश्वास दिलाया जाता था कि उनका टॉवर लग जाएगा और इसी नाम पर उनसे रजिस्ट्रेशन फीस के रुपये लेकर भारत संचार निगम लिमिटेड का हूबहू फर्जी कागजात दिया जाता था। टीम फिर सर्वे करती थी और टावर लगाने के लिए एक से डेढ़ लाख रुपये लिया जाता था। ठगी करने के बाद आरोपी सिम निकाल कर फेंक देते थे। पुलिस का दावा है कि आरोपी राजेंद्र नगर से कमरा खाली कर दूसरी जगह शिफ्ट करने की तैयारी में थे, लेकिन गिरफ्तार कर लिए गए। इरफान पर चार मुकदमे, रजित उर्फ रजत और वाजिद पर एक-एक, फईम पर चार, आसिक अली पर दो और साकिर अली के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज हैं, जबकि, फरार आरोपी तहसीन पर सात मुकदमे दर्ज हैं।

> बीएसएनएल का टॉवर लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।
>
> – **पंकज श्रीवास्तव**, सीओ तृतीय

## गंगा किनारे देर रात जलीं मां और दोनों बेटियों की चिताएं

**बिजनौर, अमृत विचार:** बिजनौर के नूरपुर क्षेत्र के गांव टंडेरा में कर्ज और कलह से जूझ रहे परिवार की त्रासदी का अंतिम अध्याय गुरुवार की रात लिखा गया।

- कर्ज से परेशान हो ग्रामीण, पत्नी और बेटियों ने खा लिया था जहर

मां और दो बेटियों के शवों का देर रात गंगा किनारे अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों की आंखें नम थीं, माहौल बेहद भावुक। इस दर्दनाक क्षण में परिवार के इकलौते पुत्र सचिन ने ही मां रमेशिया और दोनों बहनों अनीता व शीतू के शवों को मुखाग्नि दी।

गुरुवार सुबह जहरीला पदार्थ खाने के बाद इस परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई थी, जबकि पिता पुखराज अब भी मेरठ के एक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। पुखराज को अब तक इस बात की खबर नहीं दी गई कि उसकी पत्नी और दोनों बेटियां इस दुनिया को अलविदा कह चुकी हैं। परिवार का अंतिम संस्कार गुरुवार रात लगभग 12 बजे टंडेरा के पास गंगा नदी किनारे की गई। तीन चिताएं एक साथ जलीं। बेटे सचिन की आंखें नम थीं और बड़ी बहन पूनम व बुआ रामवती का रो-रो कर बुरा हाल था। प्रशासन की ओर से पर्याप्त पुलिस सुरक्षा के बीच यह अंतिम संस्कार कराया गया।

### अमर ज्योति कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे निवेशक



**बदायूं, अमृत विचार :** अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के सैकड़ों निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर फरार होने के बाद पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एजेंटों को गिरफ्तार करके जेल भी भेजा गया है। कंपनी के दो निदेशक सूर्यकांत मौर्य और शशिकांत मौर्य पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इसके संबंध में कंपनी के निवेशकों के साथ जिला बार एसोसिएशन के महासचिव अरविंद पाल सिंह परमार ने डीएम को शिकायत पत्र सौंपा। जिसमें कहा कि इनाम घोषित होने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। कंपनी के निवेशक पुलिस की धीमी कार्रवाई की वजह से परेशान हैं। जिसके चलते वह आंदोलन करने को मजबूर हैं। सभी निवेशक 30 जून को सुबह 10 बजे मालवीय अध्यापक आवास गृह पर धरना प्रदर्शन करेंगे। वह निदेशक, एजेंटों की गिरफ्तारी और निदेशकों की चल-अचल संपत्तियां सीज करके नीलाम करने की मांग करेंगे। जो पूरी न होने पर निवेशक भूख हड़ता और आमरण अनशन भी करेंगे।

### पैदल जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव सिवाया हामिदपुर निवासी रामबेटी (52) पत्नी कोमिल शुक्रवार को कादरचौक की बाजार पैदल जा रही थीं। रास्ते में बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। रामबेटी सड़क पर सिर के बल पर गिरी और लहूलुहान हो गईं। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन पहुंचे। घायल महिला को अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया

### बसपा की बैठक में सेक्टर कमेटी की समीक्षा की

**सहसवान, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन मीर गार्डन दिल्ली रोड पर सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्यअतिथि रन विजय सिंह विशिष्ट अतिथि जयपाल सिंह ने विधानसभा कमेटी व सेक्टर कमेटी की समीक्षा की। ज़िला उपाध्यक्ष जमशेद अली ने कहा कि बसपा एक ऐसी पार्टी है जो मुसलमान को सम्मान देती है इसलिए मुस्लिमों को बहुजन समाज पार्टी के साथ रहना चाहिए। अन्य पार्टियां मुसलमानों का वोट लेती है उन्हे धोखा देती हैं। सहसवान के प्रभारी डॉ. लेखराज सिंह जाटव ने कहा कि 2027 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की मजबूत सरकार बनेगी। बहन कुमारी मायावती 5वी बार मुख्यमंत्री बनेगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतवीर सिंह ने किया। बैठक में प्रभारी जयवीर सिंह अध्यक्ष अनोखे लाल जाटव, उपाध्यक्ष अलताफ हुसैन और गुलजार खान बॉबी अंसारी, मुजम्मिल खां, कप्तान सिंह, रमेश सागर, महावीर बाल्मीकि, आदिल अंसारी, करन सिंह प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बड़े भाई की साली से नहीं हुई शादी, तो युवक पुल से बस पर कूदा, घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाई की साली से शादी नहीं करना परिवार वालों को भारी पड़ गया। युवक गुस्से में दोपहर के समय राम रहीम पुल पर आ गया। उसके बाद रोडवेज बस के ऊपर कूद गया। अचानक हुई आवाज से यात्री सहम गए। उसके बाद बस को एक किनारे रोका गया। फिर युवक को बस से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जुनूबी निवासी फरमून का अपने बड़े भाई की साली से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसके बाद युवक ने अपने परिजनों से शादी करने की बात कही तो युवती के परिजनों ने मना कर दिया। उसके बाद युवक शुक्रवार सुबह को घर से निकल आया। दोपहर के समय सिविल लाइन थाने के सामने राम रहीम पुल के ऊपर आकर बैठ गया। उसके बाद कुछ देर तक युवक सोचता रहा। वहां से गुजर रही दिल्ली बरेली जाने वाली रोडवेज बस के ऊपर युवक कूद गया। धम की आवाज के साथ यात्री और चालक घबरा गए। उसके बाद बस को एक किनारे लगवाकर युवक को छत पर देखा तो सभी के होश उड़ गए। फिर पुलिस को बुलाया गया। लोगों की सहायता से उसको नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद बस बीच सड़क पर रुकने से जाम लग गया। सिविल लाइन थाने के सामने की घटना होने की वजह से पुलिस भी पहुंच गई। पहले गिरने वाले युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। सिविल लाइंस प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग का है। मामले की जांच की जा रही। हादसे के बाद काफी देर तक मौके पर जाम लगा रहा।

### लोगों ने बस पर कूदने के बाद बनाई वीडियो

युवक जैसे ही पुल से रोडवेज बस पर कूदा तो हड़कंप मच गया। बस पर लेटे हुए युवक की लोगों ने वीडियो बनानी शुरू कर दी। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

## इंस्टाग्राम पर महिला व उसके परिवार की फोटो वायरल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना मुगलपुरा क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयान निवासी महिला ने बीते दिनों मुगलपुरा थाना और साइबर क्राइम थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि किसी व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर आई एम रामप्रसाद रस्तोगी नाम से फर्जी आईडी बना रखी है। आरोप है कि इस आईडी से उसके और उसके परिवार के लोगों के फोटो पोस्ट किए जा रहे हैं। जिससे पूरा परिवार काफी परेशान है। थाना मुगलपुरा के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## महंतों से अभद्रता पर जगन्नाथ यात्रा में किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जनरलगंज की ऐतिहासिक जगन्नाथ रथयात्रा में वाहनों पर साउंड बॉक्स लगाने को लेकर शुक्रवार दोपहर पुलिस-आयोजकों और भक्तों में जमकर विवाद हुआ। आरोप है कि बादशाहीनाका इंस्पेक्टर ने पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के मंहत से अभद्रता कर दी। इसके बाद महंत और सैकड़ों भक्त नयागंज पीपल वाली कोठी के पास चौराहे पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में क्षेत्र के व्यापारियों ने भी दुकानें बंद करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई व सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी धरने पर बैठे रहे। रथयात्रा न निकालने की घोषणा कर दी गई। करीब आठ घंटे तक हंगामा, नारेबाजी के बाद रात साढ़े आठ बजे थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद धरना खत्म हुआ और देर रात रथयात्रा शुरू हुई। जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर बाईजी में शुक्रवार सुबह जगन्नाथ रथयात्रा निकालने की तैयारियां चल रही थीं।

मंडल के लोग रथ सजा रहे थे। नयागंज बाजार से लेकर रथयात्रा मार्ग में मंच तैयार किए जा रहे थे। इसी बीच दोपहर लगभग 12 बजे बादशाहीनाका थाना प्रभारी मंदिर पर पहुंचे और एक वाहन पर केवल दो ही साउंड बॉक्स रखने को कहा। बाकी हटाने को बोले। आयोजकों ने इसका विरोध किया, कहा ऐतिहासिक रथयात्रा है। जैसे होती आई है, वैसा ही कर रहे हैं। कोई बात करनी है तो पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत से करें। वहीं मंदिर का संचालन करते हैं। आरोप है कि थाना प्रभारी ने मंहतों के लिए अपशब्द कहे। इस बीच दोनों महंत पहुंचे तो अभद्रता भी की। इसी के बाद विवाद शुरू हो गया। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास और कृष्ण दास से अभद्रता की बात आम होते ही भक्त और व्यापारी आक्रोशित हो गए और पीपल वाली कोठी के पास चौराहा पर धरने पर बैठ गए। पुलिस विरोध नारेबाजी होने लगी। कई थानों का फोर्स बुला लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के निलंबन की घोषणा की। इसके बाद धरना समाप्त हो गया।



पुलिस अधिकारी से बहस करते महंत जितेंद्र दास।

- 8 घंटे के बाद थाना प्रभारी निलंबित, जयकारे संग यात्रा शुरू

## तीन बार डीआईजी के सामने पेश हुई पीड़िता, तब लिखा मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीआईजी का आदेश दरकिनार करने वाले इंस्पेक्टर निलंबित
- एक माह तक पुलिस मामलो को निपटाने के प्रयास में लगी रही

**अमृत विचार:** डीआईजी का आदेश दरकिनार करना मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक को भारी पड़ गया। लगभग एक माह तक भटकने के बाद दुष्कर्म पीड़िता का डीआइजी के तीसरे आदेश पर मझोला पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जिसके बाद थाना पुलिस मामले को समझौता कराकर निपटाने के प्रयास में लगी रही। डीआईजी के तीसरे आदेश पर पुलिस ने 29 मई को मुकदमा दर्ज किया।

दो बार के आदेश को दरकिनार करने वाले इंस्पेक्टर रामप्रसाद शर्मा की डीआईजी ने एसपी क्राइम से जांच शुरू करा दी। जांच रिपोर्ट में दोषी मिलने पर गुरुवार की देर रात इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया। इसके अलावा पुलिस लाइन में रहने के निर्देश देते हुए बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती की शादी भगतपुर निवासी सेल्सटैक्स में तैनात बाबू ओमकार के साथ तय हुई थी। जनवरी माह में युवक ने युवती को उसके घर देखने की रस्म पूरी की। देखने की रस्म के दौरान युवती के पिता द्वारा युवक को दो लाख रुपये दि गए। इसके बाद गोदभराई एक होटल में हुई, जिसमें दहेज में पांच लाख रुपये युवती के पिता ने युवक के पिता को दहेज के रूप में दिए। शादी में देने के लिए 19 अप्रैल को युवती के पिता ने कार खरीद ली, लेकिन कुछ दिन बाद युवक के पिता ने दहेज में 30 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। युवती का आरोप की शादी तय होने के बाद मार्च माह में युवक मुरादाबाद में अपना मकान दिखाने के बहाने युवती को साथ लेकर गया और नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया। इसी बीच शादी की तारीख 9 मई तय हो गई, लेकिन युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसी बीच मामला खुशहालपुर चौकी तक पहुंच गया। चौकी इंचार्ज की मौजूदगी में एक माह के अंदर शादी होने की बात तय हो गई, लेकिन दो दिन बाद फिर से युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने माता पिता के साथ पहुंचकर थाना पुलिस को दुष्कर्म और दहेज के लिए शादी नहीं करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। दुष्कर्म पीड़ित के अनुसार 23 अप्रैल को वह माता पिता के साथ डीआईजी मुनिराज जी के पास पहुंची। डीआईजी ने शिकायत सुनने के बाद शादी कराने का आश्वासन दिया।

पुलिस ने शादी कराने के लिए दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने, लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके बाद 22 मई को युवती फिर से डीआईजी के पास पहुंची। डीआईजी ने थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। डीआईजी के कहने पर युवती थाने पहुंची तो उसकी सुनवाई नहीं हुई और थाने टरका दिया गया। तीसरी बार युवती 28 मई को फिर से डीआईजी के पास पहुंची। डीआईजी ने एक बार फिर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए, लेकिन पुलिस ने फिर भी मुकदमा दर्ज नहीं किया। 29 मई को युवती के माता-पिता डीआईजी के पास पहुंच गए।

डीआईजी को जब पता चला कि आदेश के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो उन्होंने अपने कार्यालय से इंस्पेक्टर को फोन कराया।

नाराजगी व्यक्त की तो 29 मई की शाम पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर ओमकार, सुरजीत सिंह, विवेक, राहुल, सुरेंद्र सिंह, हरि सिंह, राजेंद्री, प्रियंका और पूजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। देर से मुकदमा दर्ज करने पर डीआईजी मुनिराज जी ने जांच एसपी क्राइम सुभाषचंद्र गंगवार को सौंप दी। उन्होंने जांच करने में पाया कि पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती है। गुरुवार की शाम जांच रिपोर्ट डीआइजी के पास पहुंची तो उन्होंने देर रात इंस्पेक्टर रामप्रसाद शर्मा को निलंबित कर दिया।

## पैनकार्ड और पासपोर्ट मामले में 4 जुलाई को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पैनकार्ड और पासपोर्ट से जुड़े मामले में शुक्रवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 7 जुलाई को सुनवाई होगी। सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। सपा नेता आजम खान और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के ऊपर दो पैनकार्ड और दो पासपोर्ट मामले में मामले दर्ज हुए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 7 जुलाई को सुनवाई होगी।

## बीमारी के चलते युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** युवक ने बीमारी के चलते कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के निवासी सुनील रस्तोगी का 35 वर्षीय बेटा इतिन रस्तोगी नोएडा में निजी कंपनी में काम करता था। परिजनों ने बताया कि युवक गुरुवार को रात में 9 बजे नोएडा से आया था। इसके बाद उसने कमरे में जाकर करीब 10 बजे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता का कहना है कि तबीयत खराब होने की वजह से वह मेडिकल स्टोर से जाकर दवा लेकर आया। जब रात में उसे खाना खाने के लिए आवाज दी तो कोई जवाब नहीं आया। जब कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटका था। सूचना के बाद पुलिस पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। जहां दोपहर में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**घर का इकलौता चिराग था इतिन :** मृतक इतिन रस्तोगी घर का इकलौता चिराग था। बहन की शादी परिजनों ने कर दी थी। परिजन उसकी तबीयत खराब होने की जानकारी दे रहे हैं जबकि वह गुरुवार को रात को ही नोएडा से आया था। जिसके एक घंटे के बाद उनसे आत्महत्या कर ली।

## एक नजर

### तीन कंपनियों को दी जाएगी 169.60 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार की ओर से अलीगढ़, हरदोई और बाराबंकी की तीन कंपनियों को 169 .60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सौंपी जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस कड़ी में मेसर्स जेके सीमेंट लि. अलीगढ़ को 21 करोड़ 39 लाख 13 हजार 970 रुपये, मेसर्स वरूण बेवरेजेज लि. हरदोई को 66 करोड़ 34 लाख 22 हजार 136 रुपये और मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्रा. लि. बाराबंकी को 81 करोड़ 87 लाख 03 हजार 25 रुपये की प्रोत्साहन प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।

### बरेली में पशुपतिनाथ मंदिर का होगा पर्यटन विकास

अमृत विचार, लखनऊ : नाथ कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बरेली के पशुपतिनाथ मंदिर का विकास कराया जाएगा। करीब 2 .30 करोड़ रुपये से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ ही आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, बिजनौर में गोगा जाहरवीर मेला स्थल के पर्यटन विकास के लिए 38 लाख रुपये जारी किए गए हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

### समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर सहमति

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर विभागीय मंत्री असीम अरुण की सहमति मिली है। इससे पहले शुक्रवार को भागीदारी भवन में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विकास संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से सम्बंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों की मांगे और समस्याएं सुनने के बाद समाज कल्याण मंत्री ने मंच से ही कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिया कि इनकी मांगों को पूरा किया जाये।

# बेहतर कानून व्यवस्था और समान अवसर देने से अग्रणी बना यूपी : योगी


## मुख्यमंत्री ने की 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा की। कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण ही यूपी देश में अग्रणी बन रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 55 हजार युवाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण और 10 प्रतिशत सरकारी अनुदान प्रदान किया गया है। बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 1 लाख से अधिक परंपरागत कारीगरों को टूलकिट और सस्ते ऋण प्रदान किए गए हैं।

योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपी के एमएसएमई उत्पादों को वैश्विक खरीदारों तक पहुंचाने का मंच प्रदान करेगा। बताया कि यूपी के 77 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है और 75 नए आवेदनों पर कार्य चल रहा है। इस अवसर आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो से संबंधित एक लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया।



लखनऊ के लोक भवन सभागार में उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री राकेश सचान व अन्य। अमृत विचार

### इन औद्योगिक इकाइयों को दिए आवंटन पत्र

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आख्यान खैमई अलीगढ़ की पांच औद्योगिक इकाइयों और उनके प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र वितरित किया। इस दौरान मेसर्स मैक्स बोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सत्येन्द्र शुक्ला और विशाल गुप्ता, मेसर्स मानसरोवर इंगट प्राइवेट लिमिटेड की अदिति और अंशिका मित्तल, मेसर्स मैडवाई इंडिया के पवन ओझा, मेसर्स प्रभा इंटरनेशनल के अतुल शर्मा, मेसर्स गायत्री बिल्डिंग मैटेरियल के कुलदीप आर्य को आवंटन पत्र वितरित किया।

### प्रोत्साहन नीति के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित

मुख्यमंत्री ने एमएसएमई प्रोत्साहन नीति के लाभार्थियों को चेक वितरित किया। इसमें मेसर्स स्किम ग्लासेज़ वाराणसी से प्रशांत लालवानी, जय मां दुर्गा प्लाईवुड इंडस्ट्रीज रायबरेली के जितेन्द्र बहादुर सिंह, मां अम्बे राइस मिल महाराजगंज के राजेश मधेशिया, सावित्री इंडस्ट्रीज गोरखपुर के गोविंद प्रसाद, तिरुपति बालाजी प्रिंट पैक प्रालि संत कबीर नगर के नमन वैश्य को डमी चेक वितरित किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, एसएलबीसी के कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने लिया राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी का जायजा

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों हवाई सर्वेक्षण के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बाद में समीक्षा बैठक निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए। पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 1 जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व योगी ने लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

# अधिकतम चार घंटे में होगा पोस्टमार्टम

## संवेदनशील मामलों में डॉक्टर व अधिकारी बरतें सावधानी : ब्रजेश पाठक



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को अब अधिक इंतजार नहीं करना होगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दुःख की घड़ी में परिवारीजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम की नई गाइड लाइन जारी कर दी है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं, ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए। जल्द से जल्द शव के साथ संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृत्रिम व्यवस्था की जाए। दूसरे जरूरी संसाधन भी पर्याप्त हों, ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे। उन्होंने बताया कि हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिला मजिस्ट्रेट व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है।

### वीडियोग्राफी का पैसा परिवार से न लिया जाए

कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु आदि में रात में होने वाले पोस्टमार्ट की वीडियोग्राफी कराई जाए। शासनादेश के मुताबिक, पैनल के तहत होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाए। इसका पैसा पीड़ित परिवारीजनों से नहीं लिया जाए। वीडियोग्राफी का भुगतान रोगी कल्याण समिति व अन्य मदों से किया जाए।

### ऑनलाइन जारी की जाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट

पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ऑनलाइन जारी की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पोस्टमार्टम हाउस में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर व दो डाटा इंट्री ऑपरेटर सीएमओ द्वारा तैनात किए जाएं। शव को अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिए वाहन का इंतजाम किया जाए। सीएमओ हर जिले में दो शव वाहन की व्यवस्था करें।

### पैनल में महिला डॉक्टर शामिल की जाएं

महिला अपराध, रेप, विवाह के प्रथम 10 वर्षों के भीतर महिला की मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम पैनल में महिला डॉक्टर अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। अज्ञात शव की पहचान के लिए डीएनए सैंपलिंग कराई जाए।

# बाल वाटिका कक्षा के लिए नियुक्त किए जाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 8800 ईसीसीई एजुकेटर की जिला स्तर पर होगी नियुक्ति शासनादेश जारी

अमृत विचार : शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे बच्चों (3 से 6 साल) के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका (प्ले ग्रुप) संचालित होंगे। परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका कक्षा चलेंगी, जिसमें छह साल तक के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 8800 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' (ईसीसीई एजुकेटर) की नियुक्ति होगी। इसके लिए केंद्रांश के रूप में राज्य सरकार द्वारा एक अरब 13 करोड़ 62 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आनन्द कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बाल वाटिका कक्षा के लिए ईसीसीई एजुकेटर संविदा पर सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध किए जाएंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र. की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति निगरानी करेगी। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे, जबकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा बतौर सदस्य होंगे।

बालवाटिका कक्षा में तीन से छह साल की आयु के बच्चों को औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करना है, बच्चों के भौतिक, मानसिक, सामाजिक संवेगात्मक एवं अकादमिक विकास के लिए वातावरण सृजन करना होगा।

### आवेदक की अर्हता

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटर की संविदा पर 11 माह के लिए नियुक्ति होगी, जिसे प्रतिमाह 10 हजार 313 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। आवेदक की अधिकतम आयु 40 वर्ष, गृह विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है, आरक्षित वर्ग को नियमानुसार अंकों में पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा नर्सरी अध्यापक शिक्षा, सीटी आदि कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

# फ्लैट में छाप रहे थे जाली नोट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एटीएस ने हापुड़ के पिलखुआ में गिरोह को पकड़ा
- 3.9 लाख के जाली नोट समेत तीन गिरफ्तार



गजेंद्र यादव

अमृत विचार : हापुड़ के पिलखुआ स्थित फरीदनगर रोड दिनेश नगर कालोनी में जाली नोट छापने का काला कारोबार चल रहा था। जानकारी होने पर गुरुवार देर शाम को एटीएफ (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने छापा मारकर सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। फ्लैट के अंदर से 3.90 लाख रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। आरोपी जाली नोट छापकर प्रदेश के कई जिलों में फैले अपने नेटवर्क के जरिये खपा रहे थे। एटीएस की टीम गिरोह के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक, जाली नोट खपाने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली। टीम ने पिलखुआ के फरीदनगर, भोजपुर रोड के पास एक कार की घेराबंदी कर गजेंद्र यादव और सिद्धार्थ झा को पकड़ा। कार के अंदर काफी मात्रा में जाली भारतीय मुद्रा रखी थी। दोनों इस जाली नोट को एक पार्टी को देने जा रहे थे। दोनों की निशानदेही पर टीम ने दिनेश नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा। जहां से उनका साथी विजय वीर पकड़ा गया। फ्लैट में जाली नोट छापने के सामान व जाली नोट का जखीरा मिला। आरोपियों के खिलाफ एटीएस थाना लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों गिरोह का सरगना बुलंदशहर के जीवन गीत गजौरी का रहने वाला गजेंद्र यादव है। गजेंद्र लाखन रेलवे स्टेशन पिलखुआ पर प्वाइंट मैन के पद पर तैनात है। इसके अलावा नई दिल्ली गाजीपुर का सिद्धार्थ झा और बुलंदशहर के रसूलपुर का विजय वीर चौधरी गिरफ्तार किया गया है।

# 23 वन अफसरों के तबादले, डीएफओ पद पर नई नियुक्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन को लेकर किया बदलाव

अमृत विचार : राज्य सरकार ने राज्य वन सेवा के 23 अफसरों के तबादले कर दिए हैं। गुरुवार देर शाम जारी शासनादेश के अनुसार इन तबादलों में कई जिलों में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) के पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जबकि कुछ अफसरों को अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन, और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन की नजर से लिया गया है। कुछ तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, जबकि अन्य 1 जुलाई और 1 अगस्त से प्रभावी होंगे।

तबादलों के इस क्रम में संजय कुमार मल्ल को मैनपुरी का प्रभारी डीएफओ नियुक्त किया गया है। चंद्र प्रताप सिंह को औरैया का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से प्रभावी होगा। राजीव कुमार को फर्रुखाबाद का डीएफओ नियुक्त किया गया है। विनीता सिंह को अमरोहा का डीएफओ बनाया गया है। उनका कार्यभार 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

वहीं, संजीव कुमार को कासगंज में डीएफओ का पद सौंपा गया है। अमरकांत शुक्ला को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनाती मिली है। तौफीक अहमद को उत्तर प्रदेश वन निगम में स्थानांतरित किया गया है। आशुतोष पांडेय को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर भेजा गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को बदायूं में डीएफओ के रूप में नियुक्त किया गया है।

अमित सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। उमेश तिवारी को अंबेडकरनगर का डीएफओ नियुक्त किया गया है। दिलीप कुमार तिवारी को ओबरा में डीएफओ का कार्यभार दिया गया है। मानेंद्र सिंह को फिरोजाबाद का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। हरिकेश नारायण यादव को संतकबीरनगर भेजा गया है। राकेश कुमार को मिर्जापुर का डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से लागू होगा।

इसी क्रम में प्रोमिला को जौनपुर में डीएफओ का पद सौंपा गया है। प्रीति यादव को संभल का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। अर्शी मलिक को हापुड़ भेजा गया है। शिरीन को बस्ती का डीएफओ नियुक्त किया गया है। हरेंद्र सिंह को बुलंदशहर में डीएफओ पद पर तैनात किया गया है। यह आदेश 1 अगस्त से प्रभावी होगा। राकेश चंद्र यादव को हाथरस भेजा गया है। कमल कुमार को रेनुकूट तो वहीं विनोद कुमार को शाहजहांपुर का डीएफओ बनाया गया है।

# छह शहरों की संवरेगी सूरत, 71 करोड़ से बनेगा रीजनल प्लान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर हरदोई, उन्नाव व रायबरेली का होगा विकास
- एलडीए में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष किया गया प्रस्तुतिकरण

अमृत विचार : लखनऊ जल्द दिल्ली-एनसीआर की राह पकड़ेगा। स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराए जाएंगे। इससे इन जनपदों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। आर्थिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी।

शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुई एक अहम बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष इस योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपी एससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रालि एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रालि के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। 71 करोड़ की लागत से कंसल्टेंट कंपनी द्वारा एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही अगले पांच वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिन्हित करते हुए उनका डीपीआर तैयार करेंगी। स्थल पर परियोजनाओं को क्रियान्वित कराने का काम कराएंगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि एससीआर का क्षेत्रफल लगभग 26,700 वर्ग किमी होगा। आधारभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किया जाएगा। जनपदों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी का प्रावधान किया जाएगा। इसके तहत मिसिंग रोड नेटवर्क को पूर्ण किया जाएगा, रैपिड रेल, रिंग रोड व एक्सप्रेस-वे का काम कराया जाएगा। आवागमन तेज और सुगम होने से औद्योगिक व व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा।

### एससीआर के लिए वर्ल्ड बैंक करेगा मदद

बैठक में वर्ल्ड बैंक की टीम भी मौजूद रही। इनके सदस्यों ने बताया गया कि वर्ल्ड बैंक की सहभागिता से कई विकसित देशों के शहरों में इस तरह का नियोजित विकास किया गया है। वह एससीआर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए इस तरह की सफल परियोजनाओं की सूचनाएं साझा करेंगे। एससीआर के रीजनल प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।

## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बाँधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता, पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।
5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| ■ | ■ | 4 | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ | ■ |
| 6 | | | ■ | 7 | | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 8 | | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वै | ■ | 2 अ | 3 प | क | ऱ् | ष |
| शा | ■ | ■ | रि | ■ | ■ | ■ |
| 4 ख | ट | रा | ग | ■ | ■ | 5 ना |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | ■ | ■ | क |
| श | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | ■ | र |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया-09 .53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।



मेष — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। विवेक और चतुराई से काम करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।



वृष — आज दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर अपने रिश्ते खराब न करें। जॉब में बदलाव करने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।



मिथुन — आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार में मन लगायेंगे।



कर्क — आज मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।



सिंह — आज कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।



कन्या — आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है।



तुला — आज आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। नये लोगों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे।



वृश्चिक — आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिन्तन-विमर्श करेंगे। समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।



धनु — आज जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। विरोधियों से आपको सावधान रहना चाहिए।



मकर — आज व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ सकता है। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनन्द उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।




कुंभ — आज कार्यक्षेत्र में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। जॉब में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिये जा सकते हैं। नये प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं।



मीन — आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिए। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06 .35 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

## सुडोकू -22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 1 | | | | 6 | |
| 7 | | | | | 6 | | | |
| | | 9 | | 8 | 5 | | 4 | 3 |
| | 5 | | | | 9 | 3 | | 7 |
| 9 | 2 | | | | | | 8 | 1 |
| 1 | | 3 | 8 | | | | 5 | |
| 3 | 9 | | 5 | 4 | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |
| | 8 | | | | 7 | 2 | | |

### सुडोकू - 21 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 |

# कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक

## वित्त मंत्री ने पीएसबी से कहा- आरबीआई की आधा प्रतिशत की ब्याज कटौती का उठाएं लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा कि वे अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की आधा प्रतिशत की बड़ी ब्याज कटौती का लाभ उठाएं। सूत्रों ने बताया कि पीएसबी के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा बैठक के दौरान सीतारमण ने उनके प्रमुखों से वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने को भी कहा।

वित्त वर्ष 2024-25 में 12 पीएसबी का कुल मुनाफा बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 26% अधिक है। इस दौरान लाभ में सालाना आधार पर वृद्धि 37,100 करोड़ थी। सूत्रों के अनुसार वित्त



- सीतारमण ने समीक्षा बैठक में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने की कही बात

मंत्री को उम्मीद है कि आरबीआई के आधा प्रतिशत की ब्याज दर कटौती के बाद पीएसबी की ऋण वृद्धि में सुधार होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए बैंकों को सरकार की योजनाओं में अधिक से अधिक ग्राहकों को शामिल करना चाहिए।

बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा और तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं - प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) सहित विभिन्न खंडों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई।

### विवाद समाधान पोर्टल से भुगतान मामलों की सुनवाई में तेजी : मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विवाद समाधान के लिए जारी ऑनलाइन पोर्टल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुर्मू ने 'विश्व एमएसएमई दिवस' पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने एमएसएमई उद्यमों की वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पंजीकृत



एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पेश किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल एमएसएमई को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने युवा महिलाओं से व्यवसाय स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया जलवायु परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े लक्ष्यों के लिए भारत को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि एमएसएमई में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना समय की मांग है। मुर्मू ने कहा कि यह (हरित प्रौद्योगिकी) न केवल एमएसएमई को मजबूत बनाएगी, उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी, बल्कि देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

# सॉफ्ट कमोडिटी: लाभ-जोखिम की समझ




सॉफ्ट कमोडिटी वे कृषि उत्पाद हैं जिन्हें उगाया जाता है, जैसे- गेहूं, कपास, कॉफी, सोया, और चीनी। यह निवेशकों के लिए विविध पोर्टफोलियो बनाने और महंगाई के प्रभाव से सुरक्षा देने का साधन है। कमोडिटी बाजार में इनका व्यापार फ्यूचर्स, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और कमोडिटी म्यूचुअल फंड के जरिए किया जा सकता है। इसमें मांग-आपूर्ति, मौसम, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीतियां और मुद्रा विनिमय दरें कीमतों को प्रभावित करती हैं। निवेश से पहले इसके उतार-चढ़ाव और जोखिमों को समझना जरूरी होता है। अब विस्तार से इसके पहलुओं को समझते हैं।

### क्या है सॉफ्ट कमोडिटी

- सॉफ्ट कमोडिटीज़ वे कृषि आधारित उत्पाद हैं जो खेती से प्राप्त होते हैं। इनमें गेहूं, मक्का, चावल, कपास, जूट, कॉफी, चाय, कोको, चीनी, तिलहन (सोया, सरसों) आदि है। इनका उपयोग खाद्य, वस्त्र, पेय पदार्थ और तेल उद्योगों में होता है।

### कैसे करें निवेश

- **कमोडिटी फ्यूचर्स के माध्यम से :** एमसीएक्स (भारत में) पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में ट्रेड करें।
- **कमोडिटी आधारित म्यूचुअल फंड या ईटीएफ :** जो इन कमोडिटी से जुड़े होते हैं।
- **एग्री-स्टॉक्स में निवेश :** कृषि उत्पादक कंपनियों के शेयर खरीदें।

### महत्वपूर्ण बातें

- शुरुआती निवेशक फिजिकल खरीदारी के बजाय ईटीएफ या म्यूचुअल फंड का चयन करें।
- निवेश से पूर्व बाज़ार विश्लेषण और ट्रेंड्स पर नजर रखें।
- दीर्घकालिक निवेश से अधिक स्थिर लाभ की संभावना होती है।

### निवेश के लाभ

- **विविधता :** इक्विटी व डेट के अलावा नया एसेट क्लास।
- **महंगाई से सुरक्षा :** जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, कमोडिटी की कीमतें भी बढ़ती हैं।

### जोखिम और चुनौतियां

- **मौसम पर निर्भरता :** बारिश, सूखा या बाढ़ से उत्पादन प्रभावित होता है।
- **अस्थिरता :** वैश्विक मांग, सरकारी नीतियां और मौसम असर डाल ते हैं।
- **स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स :** वास्तविक भंडारण और सप्लाई चेन की समस्याएं।

# देश का चालू खाता मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

- रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन के घटनाक्रम पर जारी की रिपोर्ट

देश का चालू खाता 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3%) के अधिशेष में रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.5%) था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

किसी देश के चालू खाते से यह पता चलता है कि संबंधित देश ने निर्यात से कितना कमाया और आयात पर कितना खर्च किया। इसके अलावा निवेश से आय और हस्तांतरण से जुड़े लेन-देन भी इसमें शामिल होते हैं। देश का चालू खाता गत वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1%) के घाटे में था। सालाना आधार पर चालू खाता घाटा 2024-25 के दौरान 23.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.6%) रहा जो 2023-24 के दौरान रहे 26 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.7% ) के घाटे से कम है। इसका मुख्य कारण उच्च शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां हैं।

रिजर्व बैंक की चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन में घटनाक्रम रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में 59.5 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार घाटा हुआ जबकि 2023-24 की चौथी तिमाही में यह 52 अरब डॉलर था। वस्तु व्यापार घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही के 79.3 अरब डॉलर के मुकाबले कम रहा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 2024-25 की चौथी तिमाही में 53.3 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले की समान अवधि में 42.7 अरब डॉलर थीं।

## आधार से भुगतान सेवाएं देने वालों के लिए निर्देश जारी

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को सुरक्षा बढ़ाने के लिए आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के जरिए सेवाएं देने वाले परिचालकों को शामिल करने के लिए बैंकों को निर्देश जारी किए। आरबीआई ने अधिग्रहण करने वाले बैंक को एईपीएस टचपॉइंट ऑपरेटर (एटीओ) को शामिल करने से पहले सभी एटीओ की उचित जांच-पड़ताल करने को कहा है। यह निर्देश ग्राहक जोड़ते समय अपनाई जाने वाली जांच-पड़ताल के समान है।

# तेल कीमतें कम हुई, सब कुछ ठीक कहना जल्दबाजी : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में इस बात पर भी दिया गया जोर
- मुद्रास्फीति में नरमी व वृद्धि को समर्थन देने वाली मौद्रिक नीति से देश की स्थिति बेहतर

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में दावा किया गया कि इजराइल-ईरान के बीच संक्षिप्त युद्ध से तेल की कीमतों में आई तेजी अब नरम पड़ी है, लेकिन सब कुछ ठीक होने का दावा करना जल्दबाजी होगा। मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में इस बात पर भी जोर दिया गया कि वृहद-आर्थिक क्षेत्र में कोई बड़ा असंतुलन न होने, मुद्रास्फीति की दर में नरमी और वृद्धि को समर्थन देने वाली मौद्रिक नीति के कारण भारत की वृहद-आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।

इजराइल-ईरान के बीच युद्ध और अमेरिकी हस्तक्षेप से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से उछाल आया। मंत्रालय ने कहा कि हालात ऐसे ही बने रहते तो भारत की वृद्धि और राजकोषीय संभावनाओं को खतरा हो सकता था। शुक्र है युद्धविराम हो गया है और तेल की कीमतों में गिरावट आई। इसमें कहा गया है कि तेल की वैश्विक आपूर्ति पर्याप्त है, लेकिन बीमा लागत और मार्ग अवरुद्ध होने के कथित जोखिम के कारण कीमत में वृद्धि हो सकती है।

## बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स फिर 84,000 के पार

**मुंबई।** विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी से शुक्रवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती रहने और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,650.73 अंक यानी 2% की तेजी रही, जबकि निफ्टी में भी 525.4 अंक 2% का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग के मुताबिक, सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती से साप्ताहिक कारोबार का समापन किया। ईरान-इजराइल युद्धविराम और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीद से समर्थन मिला है।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### जेल में बंद गैंगस्टर की मां समेत दो की हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के बटाला में बाइक सवार लोगों ने जेल में बंद गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके साथ मौजूद व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार को बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात साढ़े नौ बजे हुई घटना के बाद घायल हरजीत कौर को अमृतसर के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना सिविल लाइंस इलाके के कादियां रोड पर हुई। बटाला के पुलिस उपाधीक्षक परमवीर सिंह ने बताया, बाइक सवार लोगों ने उस समय गोलीबारी की, जब हरजीत कौर और करणवीर सिंह कार के अंदर थे।

#### छत्तीसगढ़ में 13 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 22 लाख के इनामी 10 समेत 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि 13 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। इसमें देवे मुचाकी ऊर्फ प्रमिला पर आठ लाख, एरिया कमेटी सदस्य कोसा ओयाम ऊर्फ राजेन्द्र पर पांच लाख, कोसी पोड़ियाम पर दो लाख का ईनाम था।

#### जम्मू कश्मीर में तीन राष्ट्र विरोधियों पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में केंद्र शासित प्रदेश को सुरक्षा व संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 3 लोगों के खिलाफ लोक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि सोपोर में अभियान के तहत देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के आरोप में 3 लोगों पर पीएसए के तहत मामला दर्ज किया है।


# बलभद्र, सुभद्रा संग रथ पर विराजे भगवान

## दो घंटे से अधिक समय तक चली 'पहांडी' रस्म के बाद शुरू हुई जगन्नाथ रथयात्रा, कई गणमान्य बने साक्षी

पुरी, एजेंसी

भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ शुक्रवार को दो घंटे चली 'पहांडी' रस्म के बाद अपने-अपने रथों पर विराजमान हुए। 'पहांडी' शब्द संस्कृत के 'पदमुंडनम' से आया है जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से कदम उठाना। इस रस्म के तहत तीनों देवी-देवताओं की लकड़ी की मूर्तियों को 12वीं सदी के मंदिर से रथों तक लेकर जाया जाता है।

तीनों देवी-देवताओं का पहांडी चक्रराज सुदर्शन से शुरू हुआ, जिनके पीछे भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ थे। 'पहांडी' अनुष्ठान सुबह साढ़े नौ बजे के बजाय



पहांडी अनुष्ठान के दौरान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आते भगवान जगन्नाथ।

एक घंटे की देरी से हुआ। तीनों देवी-देवताओं को मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े रथों पर विराजमान किया गया जहां से उन्हें 2.6 किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा। सुदर्शन को सबसे पहले मंदिर से बाहर लाया गया व देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर विराजमान किया गया।

### प्रधानमंत्री ने रथयात्रा पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में होती है। सुदर्शन के पीछे बलभद्र थे। बलभद्र को उनके 'तालध्वज' रथ पर विराजमान किया गया। देवी सुभद्रा को 'शून्य पहांडी' (रथ पर ले जाते समय देवी आकाश की ओर देखती हैं) नामक विशेष शोभायात्रा के माध्यम से उनके दर्पदलन रथ पर ले जाया गया। जब भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए, तो ग्रैंड रोड पर भक्तों ने जय जगन्नाथ का नारा लगाया। गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती तीन रथों पर देवताओं के विराजमान होने के बाद उनके दर्शन करने पहुंचे। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, पुरी के सांसद संबित पात्रा आदि पहांडी रस्म के साक्षी बने।

## गुजरातः रथयात्रा के दौरान हाथी के उत्पात से एक व्यक्ति घायल

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को रथयात्रा के दौरान एक हाथी अत्यधिक शोर से परेशान होने के बाद अवरोधक तोड़कर एक संकरी गली में घुस गया, जिससे मची अफरा-तफरी के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शहर के कांकरिया चिड़ियाघर के अधीक्षक आरके साहू ने बताया कि दो अन्य हथिनियों पर सवार महावतों ने हाथी का पीछा किया और उसे काबू में किया, ताकि यात्रा सुचारू रूप से आगे बढ़े। पुलिस उपायुक्त (नियंत्रण कक्ष) कोमल व्यास ने बताया कि खड़िया क्षेत्र में एक हाथी के परेशान होकर संकरी गली में घुसने से मची अफरा-तफरी में एक व्यक्ति घायल



रथयात्रा उत्सव के दौरान उत्पात मचाने वाला हाथी।

- अत्यधिक शोर से परेशान होकर अवरोधक तोड़ा, गली में घुसा

हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है।

# हिंदी विरोधी नहीं है महाराष्ट्र, प्राथमिक छात्रों पर भाषा थोपना सही नहीं : शरद

कोल्हापुर, एजेंसी

राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पवार (80) की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया था कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और



- पवार ने कहा- देश की 55% आबादी हिंदी बोलती है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा। पवार ने कहा, पहली कक्षा से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों पर हिंदी थोपना सही नहीं है। इस उम्र में मातृभाषा ज़्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पांचवी कक्षा के बाद ऐसा किया जाता है तो यह उनके हित में होगा, क्योंकि भारत में 55 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं।

### लहरों संग उत्सव



मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर उच्च ज्वार के दौरान समुद्र की लहरों का आनंद लेते लोग। मानसून की फुहारों और तेज लहरों के बीच पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रकृति के इस नज़ारे का रोमांचक अनुभव लिया। एजेंसी

## पेंट के कारखाने में लगी आग को 30 दमकल वाहनों ने बुझाया

**नोएडा।** शहर में पेंट बनाने के कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई और मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 30 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-2 में स्थित पेंट कारखाने में सुबह 6 बजे आग लग गई। घटना की सूचना पर दमकल की 7 गाड़ियां पहुंचीं। आग की विकरालता को देखते हुए आसपास के जनपदों से और कुछ निजी कंपनियों के दमकल वाहनों को बुलाया गया और 30 दमकल वाहनों की मदद से 3 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पेंट्स तथा केमिकल निर्माण के चलते आग बुझाने में परेशानी आईं। चौबे के मुताबिक कारखाने में रखे पेंट के डिब्बे आग की चपेट में आकर फटने लगे, जिससे अन्य फैक्टरियों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था।

# होसबाले के बयान पर भाजपा-विपक्ष में तकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर दावा किया कि आरएसएस का नकाब फिर उतर गया है तथा उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। वहीं, भाजपा ने होसबाले का समर्थन करते हुए कहा कि कोई भी सही सोच वाला नागरिक इसका समर्थन करेगा क्योंकि हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का हिस्सा नहीं थे।

आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम में होसबाले ने कहा था, आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द नहीं थे। आपातकाल के दौरान ये शब्द जोड़े गए। इस पर चर्चा हुई लेकिन उन्हें हटाने का प्रयास नहीं हुआ। होसबाले ने कहा, इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।

### सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, कोई भी सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा, हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर के संविधान का हिस्सा नहीं थे। भाजपा प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को हटाने का समर्थन करती है। सिंह ने कहा, जो लोग संविधान की किताब उठा रहे हैं वे इसके सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि होसबाले ने जो कहा है कि उसमें कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई संगठन समीक्षा की मांग उठा रहा है तो इसमें दिक्कत क्या है? आपातकाल के दौरान संविधान की आत्मा को कुचलकर और बाबासाहेब का अनादर करके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द डाले गए। यह उस वक्त किया गया था, जब पूरा विपक्ष जेल में था।

### संविधान इन्हें चुभता है : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा, संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, आरएसएस ने कभी भी संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने यादव ने कहा, सबसे बड़े जातिवादी और नफरत करने वाले संगठन आरएसएस ने संविधान बदलने की बात कही है। इनकी इतनी हिम्मत नहीं कि संविधान और आरक्षण की तरफ आंख उठाकर देख सकें। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने होसबाले के बयान की निंदा की।

## हिमाचल में बाढ़ : खोज और बचाव अभियान फिर से शुरू

**शिमला।** हिमाचल के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में बुधवार को बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद लापता हुए 6 लोगों की तलाश के लिए राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस और होम गार्ड के संयुक्त दल शुक्रवार सुबह फिर से अभियान में जुट गए।

अधिकारियों के अनुसार, अब तक कांगड़ा जिले में बाढ़ की चपेट में आए जलविद्युत परियोजना स्थल से पांच शव बरामद किए जा चुके हैं, वहीं तीन अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। इसके साथ ही कुल्लू जिले के रेहला बिहाल में बादल फटने के बाद लापता हुए तीन व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (एडीएम) कांगड़ा शिल्पा बैक्टा ने बताया कि खनियारा गांव में मनुनी खड्ड के पास सुबह साढ़े छह बजे लापता तीन लोगों की तलाश शुरू कर दी गई। रात साढ़े नौ बजे अभियान स्थगित कर दिया गया। यह कार्य चुनौतीपूर्ण है क्योंकि मौसम खराब है, भौगोलिक स्थिति कठिन है।

# तीन राज्यों में चुनावों की निगरानी को भाजपा के चुनाव अधिकारी नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में भाजपा के होने है संगठनात्मक चुनाव
- किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा और रविशंकर प्रसाद को सौंपी गई जिम्मेदारी

भाजपा ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में संगठनात्मक चुनावों की देखरेख के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा तथा रविशंकर प्रसाद को क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने कहा कि तीनों सांसद इन राज्यों के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनावों के लिए केंद्रीय प्रभारी होंगे। इस नियुक्ति से पार्टी में संगठन के चुनावों के लिए पहले से जारी कवायद को पूरा करने के वास्ते एक नई गति मिलने की संभावना है, जो मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ समाप्त होगी। नड्डा केंद्रीय मंत्री भी हैं। संभावना है कि अगले महीने पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कुछ राज्य इकाइयों के अध्यक्षों का चुनाव अगले सप्ताह होने की संभावना है और कुछ अन्य राज्य इकाइयां भी इसके तुरंत बाद ऐसा कर सकती हैं।

## एक नजर

### अल्काराज का सामना फोगनिनी से तो कोको भिड़ेंगी यास्त्रेमस्का से

**लंदन :** दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है। तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था।

### डब्ल्यूपीएल टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच लुईस से नाता तोड़ा

**नई दिल्ली :** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच जॉन लुईस से नाता तोड़ने का फैसला किया है जो 2023 से उनके साथ थे। डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स तालिका में निचले स्थान पर रही थी। टीम ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोच से अलग होने की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। कोच जॉन लुइस दिल से, सयंम से और भरोसे से मार्गदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद। आप हमेशा वारियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे। इंग्लैंड के लिए एक टेस्ट, 13 वनडे और दो टी20 खेलने वाले लुईस के मार्गदर्शन में यूपी वारियर्स 2023 में टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ तक पहुंची थी।

### अविनाश साबले की निगाह विश्व चैंपियनशिप पर

**बेंगलुरु :** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है।

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 73 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। दीक्षा ने पहले दौर में 69 का कार्ड बनाया था और वह पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर थीं। लेकिन 36 होल में चार अंडर के स्कोर से वह संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गई। अन्य भारतीयों में वाणी कपूर दूसरे दौर में एक अंडर 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर बनी हुई हैं। अवनि प्रशांत संयुक्त 39वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 52वें स्थान पर हैं। इन दोनों को दीक्षा और वाणी के साथ कट हासिल करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। स्नेहा सिंह और अमनदीप द्राल संयुक्त 106वें, हिताशी बख्शी संयुक्त 114वें, नेहा त्रिपाठी संयुक्त 129वें और विधात्री उर्स संयुक्त रूप से 131वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### अनीश भानवाला ने रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल जीता

**देहरादून :** ओलंपियन अनीश भानवाला ने ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के तीसरे और चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में लगातार दूसरा ट्रायल जीता जबकि तमिलनाडु की नर्मदा नितिन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में बाजी मारी। नर्मदा ने 24 शॉट के फाइनल में 253 .7 अंक बनाकर विश्व कप फाइनल रजत पदक विजेता सोनम उत्तम मस्कर को 1 .7 अंक से हराया। दिल्ली की राजश्री अनिल कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्वालीफिकेशन में नर्मदा छठे स्थान पर रही थी। विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेत मेहुली घोष क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी।

### दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी महिला हॉकी टीम

**बर्लिन :** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी। लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।

# सिर पर चोट लगने से खिलाड़ी सात दिन रहेगा बाहर

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सभी प्रारूपों में नये नियमों की घोषणा की, वाइड-बाल का बदला नियम गेंदबाजों की करेगा मदद

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा करी दी। इसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरुआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे, जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी।

**'कनकशन' पर दो नियम :** 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा। आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए। आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा।

**वाइड-बॉल नियम :** वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम लागू किया गया है। जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए। ईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में पीटीआई को बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है। आईसीसी ने कहा कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।

**गंभीर चोट लगने पर बदलेगा खिलाड़ी :** एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किया जाना है। इसमें टीमें अंतिम एकादश में चुने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है। संचालन संस्था ने टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक लाना', बाउंड्री कैच के नियम में बदलाव और वनडे मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक गेंद का नियम लागू करने के अन्य बड़े बदलावों की भी घोषणा की है।

### कैच का नियम बदला

आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर पगबाधा की भी जांच करेंगे। अगर बल्लेबाज पगबाधा आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों रूपों में लागू होगा। नये नियम के तहत संदिग्ध कैच की जांच की जाएगी।



सिर पर चोट की सांकेतिक फोटो।

### अब ऐसा होगा पावर प्ले

आईसीसी ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे। नये नियम के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पांच ओवर के मैच के लिए 1 .3 ओवर का पावरप्ले होगा। छह ओवर के लिए 1 .5, सात ओवर के लिए 2 .1, आठ ओवर के लिए 2 .2, नौ ओवर के लिए 2 .4, दस ओवर के लिए तीन ओवर, 11 ओवर के लिए 3 .2, 12 ओवर के लिए 3 .4, 13 ओवर के लिए 3 .5, 14 ओवर के लिए 4 .1, 15 ओवर के लिए 4 .3, 16 ओवर के लिए 4 .5, 17 ओवर के लिए 5 .1, 18 ओवर के लिए 5 .2 तथा 19 ओवर के लिए 5 .4 ओवर पावरप्ले के होंगे। इस दौरान ओवर के बीच हुए बदलाव को लेकर अंपायर संकेत देंगे। ये नियम जुलाई से लागू होंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी-20 टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है।

### शार्ट रन लेने पर जुर्माना



इस तरह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले पांच रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज अतिरिक्त रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर क्षेत्ररक्षण टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। पांच रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।

### लार पर प्रतिबंध जारी

गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गलती से लार लगाने पर गेंद बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर केवल उसी स्थिति में गेंद बदलेंगे जब गेंद बहुत गीली हो या उसमें अतिरिक्त चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों प्रारूपों के लिए है।

### ओवर-रेट पर नियंत्रण

टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना, घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ी स्थानांतरण की मंजूरी देना तथा पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं। इनमें से कुछ नए नियम विश्व टेस्ट टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के नए चक्र में पहले से लागू हो चुके हैं। सफेद गेंद क्रिकेट से संबंधित नियम दो जुलाई से प्रभावी होंगे। टी-20 प्रारूप में पावरप्ले के दौरान केवल दो खिलाड़ी ही 30 गज के बाहर होते हैं। इसके बावजूद टी 20 मैचों को और स्पष्ट और निष्पक्ष बनाने के लिए इसे सख्ती से लागू करने की बात कही गई है।

# सूर्यवंशी का धमाल, भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

**होव, एजेंसी**

- भारत ने अंडर-19 में पहला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे सीरीज के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए।

# विश्व कप की तैयारी होगी इंग्लैंड से मुकाबले में

**नॉटिंघम, एजेंसी**

### पहला टी20 मैच आज शाम 7:00 बजे से



- पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलकर भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के वातावरण में ढलने का प्रयास करेगी

भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी।

आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी।

भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग।



कोलंबो में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या शॉट खेलते हुए। • एजेंसी

# श्रीलंका पारी की जीत से चार विकेट दूर

**कोलंबो (श्रीलंका), एजेंसी**

बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट गंवाकर 115 रन बनाए जिससे श्रीलंका को पारी से जीत दर्ज करने के लिए महज चार विकेट की दरकार है।

श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल की थी जबकि बांग्लादेश की टीम अब भी 96 रन से पीछे है और उसके सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में अनामुल हक (19), शादमान इस्लाम (12), मोमिनुल हक (15), कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (26), मुश्फिकुर रहीम (26) और मेहदी हसन मिराज (11) के विकेट गंवा दिए। स्टंप तक लिटन दास 13 रन बनाकर खेल रहे थे। श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या (दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इससे पहले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (158 रन) ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में 150 से ज्यादा रन बनाए और श्रीलंका को बढ़त हासिल करने में मदद की।

# प्रशंसक की यात्रा का खर्च उठाएंगे नीरज

**नई दिल्ली :** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रुपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरु यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया।

# राष्ट्रीय खेलों की पदक विजेता ट्विंकल डोपिंग के लिए निलंबित

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है।

एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है।

# यूरोप जाने के पहले ही संन्यास का लिया था फैसला: ललित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिए कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली। ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिए। मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।

**कोई दबाव नहीं था :** यह क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा यह फैसला मैंने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैंने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया। भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा। लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिए यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा। लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा। प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सपना भी टूट गया।

**स्टिंग में आया था नाम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया। एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था। उस घटना को अपने कैरियर की सबसे कड़वी याद बताते हुए ललित ने कहा मैं 17 बरस का था और भारत के लिए खेलने का सपना लेकर आया था। उस घटना के बाद टीम से बाहर हुआ था।

### मां की मदद करने के लिए अपनाई थी हॉकी

ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा परिवार की स्थिति बहुत खराब थी। पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिए हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई . तीन सौ रुपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी। उन्होंने कहा स्टिंग में नाम आने के बाद घर भी नहीं जा सकता था कि लोग क्या कहेंगे। ऐसे में मां ने कहा कि सही हो तो हॉकी मत छोड़ना। अच्छा खेलकर नौकरी हासिल कर लो और तभी मैंने सोचा कि अब भारत के लिये हर हालत में खेलना है। इसके बाद एयर इंडिया के लिये खेला और लोगों ने मेरी प्रतिभा को पहचानना शुरू किया।

## भारतीय नौसेना की शान



भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में परिचालन तैनाती के तहत पोर्ट विक्टोरिया में है। इस पोर्ट कॉल का उद्देश्य भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। आईएनएस टेग सेशेल्स तटरक्षक बल के साथ आधिकारिक बातचीत और संयुक्त निगरानी अभियानों में भी शामिल होगा। **एजेंसी**

## आजादी जितना ही पुराना है

भारत की भाषाई विविधता एक ओर जहां उसकी सांस्कृतिक समृद्धि की प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यही विविधता समय-समय पर विवादों और राजनीतिक बहस का कारण भी बनती रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने की नीति और कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी-अंग्रेज़ी का वर्चस्व एक बार फिर से भाषाई असंतुलन की बहस को तेज कर रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्रीय दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रीय भाषा की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि संविधान में स्पष्ट है कि भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। विरोधी इसे हिंदी थोपने की नीति बता रहे हैं, जिससे गैर-हिंदी भाषी राज्यों की संस्कृति, शिक्षा और प्रशासनिक स्वायत्तता को खतरा है। जानिए क्या है भाषा विवाद का इतिहास और एक फिर कैसे ये राजनीतिक मुद्दा बन रहा है।

# भारत में भाषाओं का विवाद




### फिर बना राजनीतिक मुद्दा

हाल ही में केंद्र सरकार के हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रमों का फिर दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में विरोध हो रहा है। यूपीएससी और अन्य परीक्षाओं में भी हिंदी व अंग्रेजी को प्राथमिकता देने को लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की अनदेखी का आरोप लग रहा है। फिल्म, मीडिया, ओटीटी और शिक्षा में हिंदी की प्रधानता को हिंदी थोपने के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत की सैकड़ों भाषाएं

जनगणना 2011 के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में 122 प्रमुख भाषाएं और 1599 उपभाषाएं बोली जाती हैं। लगभग 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त है। देश में करीब 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। इसके अलावा प्रमुख भाषाओं में बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, उड़िया और पंजाबी भाषाएं शामिल हैं।

### भाषा विवाद का इतिहास

भारत में 1960 के दशक में हिंदी विरोध आंदोलन हुआ था। 1965 में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ जिसका दक्षिण भारत खासतौर पर तमिलनाडु में भारी विरोध हुआ। इसी दौरान हिंदी थोपने के खिलाफ द्रविड़ आंदोलन का उभार हुआ। इसके बाद केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि अंग्रेजी और हिंदी दोनों आधिकारिक भाषाएं बनी रहेंगी।

### अलग-अलग मत

- कुछ लोगों का मानना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा, बल्कि यह एक स्वाभाविक रूप से बढ़ती भाषा है। इसके अलावा अंग्रेजी पहले से सभी क्षेत्रों में प्रभावी है, लिहाजा हिंदी वर्चस्व की बात अतिरंजित है।
- हिंदी समर्थकों का कहना है कि एक राष्ट्र, एक भाषा से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना जरूरी है। दक्षिण भारतीय और द्रविड़ पार्टियों का कहना है कि हिंदी थोपना लोकतंत्र और क्षेत्रीय संस्कृति के खिलाफ है। बहुभाषी नीति ही भारत के लिए उचित है।
- पूर्वोत्तर राज्य अपनी भाषाओं को भी संवैधानिक मान्यता और संरक्षण देने की आवाज उठाते रहे हैं। उधर, शिक्षाविदों और भाषा विशेषज्ञों का कहना है कि मातृभाषा में शिक्षा सर्वोत्तम होती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बनाना चाहिए।
- नई शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा पर जोर, लेकिन क्रियान्वयन कठिन। डिजिटल माध्यम हिंदी और अंग्रेजी पर केंद्रित, इसलिए क्षेत्रीय भाषाएं पिछड़ रही हैं। एआई तकनीकी उपकरणों में हिंदी का वर्चस्व।

## एक नजर

### मिस्र में सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र में शुक्रवार को एक ट्रक और एक छोटी बस की टक्कर में 19 लोगों की मौत हो गई। श्रम मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बस नील डेल्टा गवर्नरेट ऑफ मेनौफिया के एशमौन शहर में एक क्षेत्रीय सड़क से होते हुए कामगारों को उनके काम पर ले जा रही थी। दुर्घटना में तीन लोग बच गए। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, घायलों सहित सभी पीड़ितों को जनरल एशमौन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। श्रम मंत्री मोहम्मद गेब्रान ने पीड़ितों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया है।

### हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट के घर में चोरी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में एक घर में सेंधमारी और चोरी की घटना सामने आई है जो दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट का बताया जाता है। पिट फिलहाल अपनी नयी फिल्म "एफ1" के प्रचार के लिए विदेश यात्रा पर हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने पुष्टि की कि बुधवार रात 11 बजे उसे लॉस फेलिज में नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट में स्थित घर में हुई सेंधमारी के बारे में सूचना मिली। अधिकारी ड्रेक मेडिसन ने कहा कि तीन संदिग्ध आगे की खिड़की से घर में घुसे, चोरी की और कई चीजें लेकर भाग गए। मेडिसन ने कहा कि अभी चोरी हुई चीजों के बारे में भी जानकारी नहीं मिली है।

### रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे पर दागे लंबी दूरी वाले ड्रोन

**कीव।** रूसी सेना ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर 363 ड्रोन एवं आठ मिसाइलों से हमला किया, इनमें शाहिद और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं। इसके साथ ही यूक्रेन की वायु सेना ने चार ड्रोन को छोड़कर बाकी ड्रोनों और छह क्रूज मिसाइलों को मार गिराया है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर कई क्षेत्रों में 39 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें रोस्तोव क्षेत्र में 19 और वोल्गोग्राद क्षेत्र में 13 ड्रोन शामिल हैं। दोनों क्षेत्र यूक्रेन के पूर्व में स्थित है।

### श्रीलंका: राजपक्षे परिवार का सदस्य गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के एक पारिवारिक सदस्य को देश की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत या भ्रष्टाचार जांच आयोग ने एक बयान में कहा कि राजपक्षे के रिश्तेदार निशांत विक्रमसिंघा को गिरफ्तार किया गया है और ये गिरफ्तारी श्रीलंकाई विमानन के चेयरमैन के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान विमान खरीद सौदों में अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई है।

# अमेरिका से बातचीत के मूड में नहीं ईरान

## विदेश मंत्री अराघची ने कहा- अमेरिकी हमलों से मामला जटिल, वार्ता के लिए कोई समझौता भी नहीं

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से गंभीर क्षति की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि उनके देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की संभावना जटिल हो गई है। अमेरिका 2015 के उस परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान ने प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का दायरा सीमित रखने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से अमेरिका के इस समझौते से बाहर निकल जाने के बाद यह समझौता विफल हो गया था। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ नए सिरे से वार्ता में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे।

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बृहस्पतिवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संभावना को खुला छोड़ दिया कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर फिर से वार्ता में शामिल होगा, हालांकि उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि यह वार्ता जल्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा, वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई सहमति नहीं की गई है, न कोई समय निर्धारित किया गया है, न ही कोई वादा नहीं किया गया है। हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में भी बात नहीं की है। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी निर्णय ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता को और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रॉसी ने रेडियो 'फ्रांस इंटरनेशनल' से कहा कि अगर यह सच भी हो जाए, तो भी फोर्दो के ठिकाने को हुआ नुकसान "बहुत, बहुत, बहुत अधिक है"। अराघची ने खुद स्वीकार किया कि 'नुकसान का स्तर बहुत ज्यादा है, और यह गंभीर क्षति है।' उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि नुकसान का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों को अंदर आने दिया जाए या नहीं, हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल बाहर रखा जाएगा।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ क्षेत्रों में वह अपने परिचालन लक्ष्यों से आगे निकल गया है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम किसी भ्रम में नहीं हैं, दुश्मन ने अपने इरादे नहीं बदले हैं। हालांकि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पर नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया था।



तेहरान एविन जेल में इजराइली हमले के बाद तबाही की तस्वीर। फाइल फोटो

### परमाणु अप्रसार संधि से निकलने पर कर रहे हैं विचार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि परमाणु ठिकानों को हुए गंभीर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरानी संसद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर होने पर विचार कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने यह युद्ध शुरू किया जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को तैयार था।

### हमले से पहले ही फोर्डो से हटा दिया था यूरेनियम भंडार

**तेहरान।** ईरान ने अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार को 22 जून के अमेरिकी हवाई हमलों से पहले फोर्डो केन्द्र से स्थानांतरित कर दिया था। यह जानकारी फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को यूरोपीय अधिकारियों द्वारा साझा किए गए प्रारंभिक खुफिया आकलन के आधार पर दी। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, अगर इस कदम की पुष्टि हो गई तो इसका मतलब होगा कि ईरान का 60% शुद्धता वाला समृद्ध यूरेनियम का 408 किलोग्राम का अधिकांश भंडार सुरक्षित है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने यूरोपीय संघ अधिकारियों के हवाले से कहा कि जिस समय हमला हुआ उस समय ईरान का भंडार संभवतः कई स्थलों पर वितरित था और फोर्डो में केंद्रित नहीं था। एक प्रारंभिक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया कि क़ोम के निकट भूमिगत फ़ोर्डो सुविधा में व्यापक क्षति हुई है, लेकिन पूरा विध्वंस नहीं हुआ।

### उम्मीद है निरीक्षण से इन्कार नहीं करेगा ईरानः ट्रंप

**बई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को फिर शुरू न करने की पुष्टि के लिए अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण से इन्कार नहीं करेगा। व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वह ईरान के साथ होने वाली वार्ता के दौरान यह मांग करेंगे कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संगठन को निरीक्षण करने के लिए अधिकृत किया जाए, तो ट्रंप ने कहा कि ईरान को समूह को सहयोग करना होगा या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ सहयोग करना होगा जिसका हम सम्मान करते हैं, जिसमें हम स्वयं भी शामिल हैं।

# कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र ने बलात्कार किया, दो वरिष्ठ छात्रों ने इसमें उसकी सहायता की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी चल रही है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की भयावह यादें ताजा कर दीं।

कॉलेज सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में फौजदारी का वकील है। दो अन्य आरोपी मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्य आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला है कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है।



कोर्ट में पेश किया गया मुख्य आरोपी।

- **मुख्य आरोपी और उसके दोनों सहयोगी गिरफ्तार**

### आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया

पुलिस ने बताया कि बलात्कार की घटना 25 जून की शाम को कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय के बगल में एक गार्ड के कमरे में हुई। पीड़िता शैक्षणिक फॉर्म भरने के लिए दोपहर बाद पहुंची थी। आरोपी उसे शाम को कॉलेज के भूतल स्थित कमरे में ले गए जहां रात करीब 10 बजे तक उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया।

# भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस से न्योता

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अभिनेता-फिल्मकार कमल हासन, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' की लेखिका-निर्देशक पायल कपाड़िया उन 534 कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष अमेरिका की 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' (ऑस्कर एकेडमी) के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस वर्ष की सूची में हॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की विभिन्न विधाओं से कई प्रभावशाली नाम शामिल हैं, जिनमें कई भारतीय कलाकार भी हैं। हासन, खुराना और कपाड़िया के अलावा सूची में फिल्म 'गली बॉय' के कास्टिंग निदेशक करण माली, 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' के सिनेमैटोग्राफर रणबीर दास और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर मैक्सिमा बसु के नाम भी हैं।

अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने कहा, ''हम इन प्रतिष्ठित कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को अकादमी में आमंत्रित कर बेहद उत्साहित हैं। इन्होंने फिल्म निर्माण और वैश्विक सिनेमा समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' वर्ष 2025 के आमंत्रित वर्ग में 41 प्रतिशत महिलाएं, 45 प्रतिशत प्रतिनिधित्वविहीन समुदायों से और 55 प्रतिशत लोग अमेरिका से बाहर के 60 देशों व क्षेत्रों से हैं।



- **कमल हासन, आयुष्मान खुराना और पायल कपाड़िया इनमें शामिल**

# बांग्लादेश से जमीन के रास्ते विशिष्ट जूट उत्पादों के आयात पर भारत में लगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से जमीन मार्ग से कुछ विशिष्ट जूट उत्पादों और बुने हुए कपड़ों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि आयात की अनुमति केवल महाराष्ट्र में न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से है।

- **भारत से होकर भूटान और नेपाल जाने वाले बांग्लादेशी उत्पादों पर नहीं लागू होगा प्रतिबंध**

इन प्रतिबंधों के अंतर्गत आने वाले उत्पादों में जूट उत्पाद, एकल सन का धागा, जूट का एकल धागा, बहु-मुड़ा हुआ, बुने हुए कपड़े या फ्लेक्स, और जूट के बिना ब्लीच किए बुने हुए कपड़े शामिल हैं। इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर नेपाल और भूटान जाने वाले बांग्लादेशी सामानों पर लागू नहीं होंगे। अधिसूचना के अनुसार, नेपाल और भूटान के माध्यम से बांग्लादेश से भारत में इन उत्पादों के फिर से निर्यात की अनुमति नहीं दी जाएगी। डीजीएफटी ने कहा, भारत-बांग्लादेश सीमा पर किसी भी भूमि बंदरगाह से बांग्लादेश से आयात की अनुमति नहीं होगी। इसकी अनुमति केवल न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से ही दी जाती है।

# जन्मसिद्ध नागरिकता मुद्दे पर ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **फिलहाल जन्मसिद्ध नागरिकता पर लगी रोक पर फैसला नहीं**

अमेरिका की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि किसी एक न्यायाधीश को पूरे देश के लिए कोई आदेश देने का अधिकार नहीं है। हालांकि, न्यायालय ने यह साफ नहीं किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जन्मसिद्ध नागरिकता पर लगाई गई रोक का क्या होगा।

यह फैसला रिपब्लिकन राष्ट्रपति के लिए एक जीत है, जिन्होंने व्यक्तिगत न्यायाधीशों द्वारा उनके एजेंडे में बाधा डाले जाने की शिकायत की है। हालांकि अदालत के रूढ़िवादी बहुमत ने यह संकेत दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जन्मसिद्ध नागरिकता से जुड़े आदेश पर अब भी पूरे देश में रोक लगाई जा सकती है। ट्रंप का यह आदेश उन बच्चों को अमेरिकी नागरिकता देने से रोकता है जो ऐसे माता-पिता के यहां पैदा हुए हैं जो वहां अवैध रूप से रह रहे हैं। जन्मसिद्ध नागरिकता अमेरिका में जन्म लेने वाले किसी भी व्यक्ति को स्वतः अमेरिकी नागरिक बना देती है, जिसमें देश में अवैध रूप से जन्म लेने वाले बच्चे भी शामिल हैं। गृह युद्ध के तुरंत बाद संविधान के 14वें संशोधन में इस अधिकार को शामिल किया गया था।

अमेरिका उन 30 देशों में से एक है जहां जन्मसिद्ध नागरिकता का सिद्धांत लागू होता है। इनमें कनाडा और मेक्सिको भी शामिल हैं। ट्रंप ने तर्क दिया है कि अमेरिकी नागरिक बनने के लिए कड़े मानक होने चाहिए, जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले दिन हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश में एक अमूल्य और गहरा उपहार कहा था।

# चीन के नौसेना प्रमुख ली और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक लियू एनपीसी से निष्कासित

**बीजिंग।** चीन में शुक्रवार को नौसेना प्रमुख और एक शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित कर दिया गया। हांगकांग के अखबार 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और देश के राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को एनपीसी से निष्कासित कर दिया गया है।

- **शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को भी केंद्रीय सैन्य आयोग से हटाने के लिए हुआ मतदान**

ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया। केंद्रीय सैन्य आयोग चीनी सेना का सर्वोच्च कमान है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं।

# न्यूयॉर्क की राजनीति को हिलाकर रख दिया जोहरान ममदानी की जीत ने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है।

दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है।

'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान खींच रहा है। नवंबर तक का वक्त रोमांचक होगा। इस चुनाव पर सबकी नजरें होंगी।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सलाहकार रहे अजय भूटोरिया ने कहा कि न्यूयॉर्क सिटी डेमोक्रेटिक मेयर पद के प्राइमरी चुनाव में ममदानी की ऐतिहासिक जीत समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। जमीनी स्तर पर समर्थन प्राप्त उनका अभियान क्वीन्स के दक्षिण एशियाई इलाकों से लेकर ब्रुकलिन के प्रगतिशील केंद्रों तक न्यूयॉर्क वासियों के बीच खूब चर्चा में है। हालांकि, भूटोरिया ने कहा कि वह ममदानी की पुलिस की फंडिंग बंद करने की नीति को लेकर चिंतित हैं, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।



- **बौखलाहट में ट्रंप ने ममदानी को सौ प्रतिशत पागल वामपंथी कहा**

**शोध** जलवायु मॉडल की भविष्यवाणी से अधिक गर्मी अपने अंदर रोक रही है पृथ्वी, 20 वर्ष में दोगुनी हुई दर

# पूरी तरह बिगड़ चुका है पृथ्वी का अंदरूनी ऊर्जा संतुलन

- **निष्कर्षों का इशारा- आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में आ सकती है और तेजी**

**सिडनी, एजेंसी**

आप जलवायु परिवर्तन को कैसे मापते हैं। एक तरीका है कि लंबे समय तक विभिन्न स्थानों में तापमान दर्ज करना। यह विधि कारगर है, लेकिन प्राकृतिक उतार-चढ़ाव के कारण लंबे समय की प्रवृत्तियों को समझना कठिन हो सकता है। लेकिन एक और तरीका यह स्पष्ट रूप से बता सकता है कि क्या हो रहा हैः यह मापना कि पृथ्वी के वायुमंडल में कितनी गर्मी प्रवेश करती है और कितनी गर्मी बाहर निकलती है। इसे ही पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन कहा जाता है और यह अब पूरी तरह से असंतुलित हो चुका है।

हालिया शोध में पाया गया है कि पिछले 20 वर्षों में यह असंतुलन दोगुने से भी अधिक हो गया है। यह असंतुलन अब जलवायु मॉडल द्वारा सुझाए गए असंतुलन से कहीं अधिक है। साल 2000 के दशक के मध्य में, ऊर्जा असंतुलन औसतन 0.6 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यह हाल के वर्षों में, औसतन 1.3 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यानी पृथ्वी की सतह के पास ऊर्जा के संचय की दर दोगुनी हो गई है।

निष्कर्षों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में तेजी आ सकती है। इससे भी बुरी बात यह है कि यह चिंताजनक असंतुलन तब भी उभर रहा है जब अमेरिका में वित्तपोषण की अनिश्चितता गर्मी के प्रवाह पर नजर रखने की हमारी क्षमता को खतरे में डाल रही है।

अंदर आने वाली ऊर्जा, बाहर जाने वाली ऊर्जा : पृथ्वी की ऊर्जा संतुलन प्रणाली कुछ हद तक आपके बैंक खाते की तरह काम करती है जैसे उसमें पैसा आता है और खर्च होता है। अगर आप कम खर्च करें, तो आपके खाते में पैसे जमा होने लगते हैं। इसी तरह, ऊर्जा इस प्रणाली की मुद्रा है। पृथ्वी पर जितनी ऊर्जा सूरज से आती है, उतनी ही ऊर्जा वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, पृथ्वी पर जीवन इस संतुलन पर निर्भर करता है। लेकिन जब अंदर आने वाली ऊर्जा बाहर जाने वाली ऊर्जा से अधिक हो जाती है, तो पृथ्वी पर गर्मी जमा होने लगती है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग होती है।



### आने वाले सालों में और गंभीर होंगी जलवायु आपदाएं

निष्कर्षों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में पड़े अत्यधिक गर्म साल कोई अपवाद नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले दशक या उससे भी लंबे समय तक गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दर्शा सकते हैं। इसका मतलब होगा कि भयंकर हीटवेव, सूखा और अत्यधिक वर्षा जैसी जलवायु आपदाएं जमीन पर और भी ज्यादा गंभीर होंगी। साथ ही समुद्रों में तेज और लंबे समय तक चलने वाली समुद्री हीटवेव भी और ज्यादा तीव्र हो सकती हैं। उपग्रह विशेष रूप से हमारे लिए एक अग्रिम चेतावनी प्रणाली का काम करते हैं, जो हमें ऊष्मा संग्रहण में हो रहे बदलावों की जानकारी अन्य तरीकों की तुलना में लगभग एक दशक पहले ही दे देते हैं।